# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com | रायपुर, सोमवार 27 अक्टूबर 2025


# भवन अनुज्ञा शुल्क अब तीन स्लैब में, रायपुर, दुर्ग, बिलासपुर के रेट सबसे ज्यादा

## आवास एवं पर्यावरण विभाग ने जारी किया नया नियम

हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

छत्तीसगढ़ के शहरी क्षेत्रों में अब किसी भी भूमि के लिए विकास अनुज्ञा शुल्क के तीन स्लैब तय कर दिए गए हैं। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर में इसकी दरें सबसे ज्यादा हैं। इसके बाद कोरबा, जगदलपुर, राजनांदगांव, रायगढ़ और अंबिकापुर के लिए शुल्क तय हुए हैं। इन शहरों के अलावा अन्य शहरों के निवेश क्षेत्र में दरें सबसे कम होंगी। उच्च

खास खबर

- कोरबा और जगदलपुर सहित पांच जिलों में कुछ कम
- बदलाव से पहले 30 दिनों के अंदर मंगाई थी दावा-आपत्ति



### किस शहर के लिए विकास अनुज्ञा शुल्क कितना

विकास अनुज्ञा शुल्क की दरें अलग-अलग शहरों के लिए अलग-अलग रखी गई हैं। देय अनुज्ञा शुल्क रुपए और हेक्टेयर के हिसाब से वसूला जाना प्रस्तावित है। रायपुर, दुर्ग और बिलासपुर के लिए यह दर 60 हजार रुपए। यह दर आवासीय या सार्वजनिक एवं अर्ध सार्वजनिक या औद्योगिक या परिवहन संबंधी उपयोग के लिए होगी। इन्ही शहरों में वाणिज्यिक के लिए यह दर 1 लाख रुपए, आमोद प्रमोद या कृषि के लिए 30 हजार रुपए होगी। कोरबा, जगदलपुर, राजनांदगांव और अंबिकापुर के लिए यह दर क्रमशः 40 हजार, 75 हजार और 20 हजार होगी। अन्य निवेश क्षेत्रों के लिए दर 25 हजार, 50 हजार और 10 हजार रुपए होगी। खास बात ये है कि अनुज्ञा शुल्क की गणना प्रति वर्ग मीटर के आधार पर की जाएगी, लेकिन न्यूनतम अनुज्ञा शुल्क 10 हजार रुपए से कम नहीं होगा।

पदस्थ सूत्रों के अनुसार, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम में संशोधन के तहत यह बदलाव केंद्र सरकार के एक रिफार्म के तहत किया जा रहा है। राज्य सरकार ने यह बदलाव लागू करने के पहले 30 दिनों के अंदर दावा-आपत्ति मंगाई थी। इसके निराकरण के बाद नई दरें लागू कर दी गई हैं।

राज्य शासन के आवास एवं पर्यावरण विभाग ने इस संबंध में एक महीने पहले अधिसूचना जारी कर दावा-आपत्ति मंगाई थी। अब यह समय पूरा हो जाने के बाद संशोधन लागू कर दिया गया है। विभाग ने कई और नियमों में ▸▸ शेष पेज 7 पर

### पूर्णता एवं अधिभोग प्रमाणपत्र

*इसी नियम के तहत अब भवन के पूर्ण होने और उसके कब्जे से पहले भवन का स्वामी प्राधिकृत अधिकारी को सूचना देगा। प्राधिकरण या बाहरी एजेंसी यह नोटिस मिलने के बाद चार दिनों के अंदर एकल या संयुक्त निरीक्षण करेगी। इसके 48 घंटे बाद एक निरीक्षण रिपोर्ट पेश की जाएगी। प्राधिकरण ऐसा सूचना की प्राप्ति से आठ दिनों के भीतर पूर्णता एवं अधिभोग प्रमाण पत्र जारी करेगा। ऐसा करने में विफल होने पर यह जारी किया माना जाएगा। हालांकि इस अवधि की गणना में अवकाश के दिनों को शामिल नहीं किया जाएगा। भवन जिसके लिए पूर्णता एवं अधिभोग प्रमाणपत्र जारी नहीं किया गया है, का अधिभोग छत्तीसगढ़ नगर तथा ग्राम निवेश अधिनियम का उल्लंघन माना जाएगा। इसके लिए जुर्माना भी वसूला जाएगा।*

### अब प्लींथ सर्टिफिकेट भी

*इन प्रस्तावित नियम में अब प्लींथ सर्टिफिकेट का प्रावधान भी जोड़ा गया है। भवन का स्वामी प्लींथ निर्माण पूरा होने के बाद एक प्रारूप में प्राधिकृत अधिकारी को सूचना देगा। प्राधिकृत अधिकारी या बाहरी एजेंसी ऐसी सूचना मिलने के बाद चार दिनों के अंदर वहां एकल संयुक्त निरीक्षण करेगा। निरीक्षण के बाद 48 घंटों के अंदर एक रिपोर्ट जमा करेगा। इसके सात दिनों के भीतर प्लींथ सर्टिफिकेट जारी किया जाएगा, जिसमें मकान स्वामी द्वारा पालन की जाने वाली शर्तें होंगी। स्वामी को जो निर्देश मिलेंगे, उसका* ▸▸ शेष पेज 7 पर


आनंद का सच्चा भाव®

| | |
|---|---|
| 18 कैरेट रेट* (75.00%) | ₹89984/- |
| 22 कैरेट रेट* (91.60%) | ₹109900/- |
| 24 कैरेट रेट* (99.99%) | ₹119966/- |

सोने का भाव* प्रति 10 ग्राम | GST Extra

ANAND Jewels
Pandri, Raipur
*Conditions apply


## कांकेर इलाके में समर्पण की अफवाह कई दिनों से उड़ रही थी, अब पहुंचे नक्सली

# 18 हथियारों के साथ 21 नक्सलियों का समर्पण, इनमें 13 महिलाएं, सभी ईनामी

उत्तर बस्तर में नक्सलियों की एक और बड़ी खेप ने हथियार डाल दिए हैं। 18 अत्याधुनिक हथियारों के साथ 21 माओवादियों ने समर्पण कर मुख्यधारा में जुड़ने की मंशा जाहिर की है।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

गौरतलब है, कुछ दिनों से लगातार कांकेर में नक्सलियों के समर्पण की अफवाह फैली हुई थी। नक्सली इधर से उधर भटककर भरोसेमंद ग्रामीणों के साथ बैठक करके जंगल छोड़ने का निर्णय ले रहे हैं, ऐसी सूचनाएं आती रहीं। इस बीच छोटेधौंसा के जंगल से 21 नक्सली हथियारों के साथ पुलिस के पास पहुंच गए हैं। पुलिस इस मामले में एक से दो दिन में कान्फ्रेंस करके खुलासा करेगी कि किस किस कैडर के नक्सलियों ने समर्पण किया।

बस्तर आईजी ने बताया कि पुनर्वास से पुनर्जीवन बदलाव की एक सशक्त पहल के तहत एक और ▸▸ शेष पेज 7 पर

### पुलिस के पास जमा किए गए हथियार

जंगल छोड़कर मुख्यधारा में लौटने वाले नक्सली 03 एके 47, 04 एसएलआर, 02 इंसास, 06 संख्या में 303, 02 सिंगल शॉट रायफलें और 01 बीजीएल को जंगल से अपने साथ लेकर पुलिस के पास आए हैं। पुलिस ने यह हथियार अभी अपने कब्जे में ले लिया है।



### 85 लाख के ईनामी हैं नक्सली

समर्पण करने वाले नक्सलियों में 04 डीवीसी मुकेश, कैलाश, रैजू और जग्गू गोटा है। इन पर 32 लाख ईनाम घोषित है। इसके अलावा 09 एसीएम समर्पण करने वालों पर 45 लाख और 08 पार्टी सदस्य पर 08 लाख का ईनाम घोषित है। इस तरह समर्पण करने वाले 21 नक्सलियों पर कुल 85 लाख का इनाम है।

साय बोले

### बस्तर में हो रही शांति की स्थापना



मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में माओवाद की समाप्ति अब वास्तविकता बनने की ओर अग्रसर है। "पूना मारगेम - पुनर्वास से पुनर्जीवन" जैसी जनोन्मुख पहल ने बस्तर में शांति और विश्वास की नई बयार बहा दी है। मुख्यमंत्री ▸▸ शेष पेज 7 पर

जारी हुआ संभावित दौरा कार्यक्रम

# पीएम मोदी सुबह 9.40 बजे पहुंचेंगे रायपुर, लगातार पांच कार्यक्रम नाश्ता-लंच के लिए भी समय नहीं



हरिभूमि न्यूज ▸▸ रायपुर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 1 नवंबर को छत्तीसगढ़ रायपुर, नवा रायपुर के दौरे पर आ रहे हैं। उनके आगमन को लेकर एक संभावित कार्यक्रम जारी कर दिया गया है। खास बात ये है कि वे 1 तारीख को दिन भर में पांच कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। इस बीच लंच के लिए भी समय नहीं होगा। संभावित शेड्यूल में इसका जिक्र नहीं है।

### ये है दौरा कार्यक्रम

प्रधानमंत्री 1 नवंबर को सुबह 7.35 बजे दिल्ली एयरपोर्ट से भारतीय वायुसेना के विमान बी 777 से रायपुर के लिए उड़ान भरकर 9 बजकर 40 मिनट पर रायपुर एयरपोर्ट पर पंहुचेंगे। इसके बाद 9.45 बजे रायपुर एयरपोर्ट से सड़क मार्ग द्वारा श्री सत्य साईं संजीवनी बाल हृदय अस्पताल नवा रायपुर में 10 बजे पंहुचेंगे। यहां आयोजित दिल की बात कार्यक्रम में ▸▸ शेष पेज 7 पर

## खबर संक्षेप

### सीबीआई ने करूर भगदड़ जांच का जिम्मा संभाला



**नई दिल्ली।** सीबीआई ने करूर में अभिनेता-राजनेता विजय की पार्टी टीवीके की एक रैली के दौरान भगदड़ मचने से संबंधित मामले की जांच का जिम्मा संभाल लिया है। सीबीआई की एक विशेष टीम तमिलनाडु के करूर में स्थित वेलुसामीपुरम में घटनास्थल का दौरा कर चुकी है। सत्ताइस सितंबर को विजय रैली के दौरान भगदड़ मचने से 41 लोगों की मौत हो गई थी।

### श्रद्धालुओं की कार ट्रक से टकराई, तीन की मौत

**जौनपुर।** यूपी में जौनपुर जिले के गंधोना गांव के पास रविवार सुबह मां विंध्याचल देवी के दर्शन कर लौट रहे श्रद्धालुओं की कार एक खड़े हुए ट्रक से टकरा गई। इससे कार में सवार पति-पत्नी समेत तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। मृतकों की पहचान आलोक वर्मा, उनकी पत्नी गुड़िया वर्मा और वृद्धा फूला देवी के रूप में हुई है। घायल अभिराट वर्मा सुभाष और मंजू को गंभीर अवस्था में ट्रॉमा सेंटर वाराणसी रेफर किया गया है।

### पंजाब में सीमा के पास दो पिस्तौल, दो ड्रोन बरामद



**चंडीगढ़।** पंजाब के फिरोजपुर और अमृतसर जिलों में भारत-पाकिस्तान सीमा पर दो पिस्तौल, दो ड्रोन और हेरोइन का एक पैकेट बरामद किया गया। गुप्त सूचना के आधार पर बीएसएफ के जवानों ने फिरोजपुर में सीमावर्ती क्षेत्र के निकट तलाशी अभियान चलाया। बहादुर के गांव के निकट खेत से एक पिस्तौल, एक मैगजीन और दो कारतूस बरामद किए।

## बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र

# 'मोंथा' तूफान फिर छग के दक्षिण को करेगा तरबतर, तीन राज्यों में अलर्ट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भुवनेश्वर/रायपुर

बंगाल की खाड़ी के ऊपर बना निम्न दबाव का क्षेत्र रविवार को और अधिक निम्न दबाव वाले क्षेत्र में तब्दील हो गया। यह चक्रवात मोंथा धीरे-धीरे पूर्वी तट की ओर बढ़ रहा है। ओडिशा सरकार ने सभी 30 जिलों को अलर्ट पर रखा है। पश्चिम बंगाल में तूफान का असर देखने को मिलेगा। वहीं, आंध्र प्रदेश सरकार ने मोंथा चक्रवात के आने की संभावना के चलते राहत और आवश्यक आपूर्ति के लिए एक कार्य योजना तैयार की है। सेना की टीम भी अलर्ट मोड पर है। इधर, चक्रवात मोंथा का असर छत्तीसगढ़ पर दिखेगा।

छत्तीसगढ़ के दक्षिणी इलाकों में 28 से 29 अक्टूबर तक भारी बारिश का अनुमान है। चक्रवाती तूफान के आंध्र प्रदेश तट पर मछलीपट्टनम और कलिंगपट्टनम के बीच काकीनाडा के आसपास से मंगलवार की शाम या रात्रि के समय 110 किलोमीटर प्रति घंटे तक की अधिकतम हवा की गति वाले प्रचंड चक्रवाती तूफान के रूप में गुजरने की अत्यधिक संभावना है।



### अलर्ट जारी किया गया

आईएमडी ने ओडिशा के कई दक्षिणी और तटीय जिलों के लिए 'रेड', 'ऑरेंज' और 'येलो अलर्ट' जारी किए हैं। ओडिशा में कुछ स्थानों पर 20 सेंटीमीटर से अधिक बारिश हो सकती है। ओडिशा के राजस्व एवं आपदा प्रबंधन मंत्री सुरेश पुजारी ने बताया कि राज्य के सभी 30 जिलों को अलर्ट पर रखा गया है और बचाव एवं राहत कार्यों के लिए कर्मी और मशीनरी तैयार हैं।

### भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना

मौसम विभाग ने कहा, इसके पश्चिम-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने तथा अगले 24 घंटे के दौरान दक्षिणपश्चिम एवं उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी के ऊपर चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है। बाद में इसके उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने, फिर उत्तर-उत्तरपश्चिम की ओर बढ़ने तथा 28 अक्टूबर की सुबह तक एक भीषण चक्रवाती तूफान में तब्दील होने की संभावना है।

### किस राज्य में कैसा असर

- **ओडिशा:** 27 से 30 अक्टूबर तक भारी से बहुत भारी बारिश।
- **छत्तीसगढ़:** 28–29 अक्टूबर को तेज बारिश।
- **झारखंड और बिहार:** 29–31 अक्टूबर के बीच हल्की से मध्यम बारिश।
- **पश्चिम बंगाल और सिक्किम:** 28–30 अक्टूबर के दौरान गरज-चमक के साथ बारिश।
- **दक्षिण भारत:** चक्रवात से मचेगी बारिश की बौछारें
- तमिलनाडु, केरल, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और कर्नाटक के तटीय इलाकों में अगले पांच दिनों तक भारी बारिश का दौर जारी रहेगा।






## पहले चरण में 10 से 15 राज्य को किया जा सकता है शामिल

# देशभर में एसआईआर की तारीखों का आज ऐलान

हरिभूमि न्यूज ▸▸ नई दिल्ली

भारत निर्वाचन आयोग सोमवार शाम को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित कर पूरे देश में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) की तारीखों की घोषणा करेगा। यह घोषणा शाम 4:15 बजे होगी, जिसमें मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार, निर्वाचन आयुक्त सुखबीर सिंह संधु और विवेक जोशी के नेतृत्व में पूरी जानकारी साझा की जाएगी। रिपोर्ट के अनुसार, पहले चरण में 10 से 15 राज्यों को शामिल किया जाएगा।



### चुनावी राज्यों पर केंद्रित

आयोग की यह पहल विशेष रूप से उन राज्यों पर केंद्रित है, जहां जल्द ही चुनाव होने हैं, जैसे तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, केरल, असम और पुडुचेरी। इन राज्यों में 2026 में विधानसभा चुनाव निर्धारित हैं। मतदाता सूची की शुद्धता चुनावी प्रक्रिया की विश्वसनीयता सुनिश्चित करेगी।

### राज्यों और केंद्र को ऐसे निर्देश

*आयोग ने सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पहले से ही निर्देश जारी किए थे कि वे पुरानी और नई मतदाता सूचियों का तुलनात्मक विश्लेषण शुरू कर दें, जिससे सत्यापन प्रक्रिया में देरी न हो। यह निर्णय बिहार में एसआईआर के क्रियान्वयन पर विपक्ष की कड़ी नाराजगी के बाद लिया गया है। बता दें कि यह विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचा था, जहां अदालत ने आधार को वैध पहचान पत्र के रूप में स्वीकार करने का आदेश दिया। न्यायाधीशों ने चुनाव आयोग की जालसाजी संबंधी चिंताओं को दरकिनार करते हुए कहा था कि 'सामूहिक बहिष्कार' के बजाय 'सामूहिक समावेश' पर जोर दिया जाना चाहिए।*

### एसआईआर में क्या होगा

एसआईआर के दौरान घर-घर सर्वेक्षण, दावे-आपत्तियां निपटाना और फोटो आईडी कार्ड अपडेट जैसे कार्य किए जाएंगे। पहले चरण के बाद अन्य राज्यों को चरणबद्ध तरीके से शामिल किया जाएगा, ताकि पूरे देश में एकसमान प्रक्रिया लागू हो। यह घोषणा ऐसे समय में आ रही है, जब राजनीतिक दल मतदाता पंजीकरण पर सतर्क हैं।



वनमण्डल के अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत वन्यप्राणी गौर (बायसन) की करंग की चपेट में आकर मौत हो गई। शिकारियों ने अपना जुर्म छिपाने के लिए अंगों को काटकर अलग- अलग जगह फेंक दिया था। लापरवाही बरतने क्रे कारण वनमंडलाधिकारी द्वारा वनरक्षक को निलंबित कर दिया गया है। तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है।

# बलौदाबाजार में करंट से गर्भवती बॉयसन की मौत, वनरक्षक निलंबित


## शिकारियों ने अंग काटकर फेंका, वनमंडल के अर्जुनी परिक्षेत्र का मामला

हरिभूमि न्यूज : बलौदाबाजार

अर्जुनी परिक्षेत्र अंतर्गत बिलाड़ी परिसर के संरक्षित वन कक्ष क्रमांक 324 में हुकिंग कर वन्य प्राणियों करंट फैलाया था। 25 अक्टूबर को वन्यप्राणी गौर (बायसन) की करंट लगाकर मौत हो गई। पोस्टमार्टम करने वाले डाक्टर डॉ. लोकेश वर्मा ने बताया कि लगभग चार साल की यह मादा बाइसन सात माह की गर्भवती थी। करंट से मादा के साथ साथ गर्भ में पल रहे बच्चे की भी मौत हो गई। शिकार करने की घटना के संबंध में वन विभाग द्वारा संदिग्ध आरोपियों से पूछताछ कर जांच प्रारंभ कर दी गई है। अवैध गतिविधियों को रोकने हेतु अपेक्षित सतर्कता एवं निगरानी में लापरवाही बरतने के कारण वनरक्षक प्रेमचंद धृतलहरे को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।







### संदिग्धों से की जा रही पूछताछ

वनमण्डलाधिकारी गणवीर धम्मशील ने शिकार के मामले को छिपाने के लिए आरोपियों ने मृत बायसन के शरीर के अंगों को काटकर फेंक दिया था। अंगों को इकट्ठा कर पोस्टमार्टम कराया गया है मामले में तीन संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। शिकार में संलिप्त अन्य व्यक्तियों की पहचान कर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। लापरवाही बरतने के आरोप में वनरक्षक प्रेमचंद घृतलहरे को निलंबित कर दिया गया है। आसपास के सभी परिसरों में गश्त और निगरानी बढ़ा दी गई है। साथ ही स्थानीय ग्रामवासियों से भी वन्यजीवों की सुरक्षा हेतु सतर्क रहने एवं विभाग को तत्काल सूचना देने की अपील की गई है।

## खबर संक्षेप

### वसूली करने वाले श्रम निरीक्षक पर गिरी गाज

**बलौदाबाजार**। महिला उत्पीड़न जांच समिति बनाये जाने के नाम पर श्रम विभाग के अधिकारियों द्वारा व्यापारियों से पैसा वसूल किये जाने की शिकायत की जांच हेतु गठित जांच समिति की रिपोर्ट में श्रम निरीक्षक द्वारा व्यापारियों से पैसे वसूलने की पुष्टि हुई है और श्रम निरीक्षक क़े विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित किया गया है। कलेक्टर दीपक सोनी ने जांच रिपोर्ट क़े आधार पर श्रम निरीक्षक क़े विरुद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही हेतु सचिव श्रम विभाग को पत्र प्रेषित किया है। श्रम निरीक्षक रामचरण कौशिक का आचरण अभद्र था व दुकानदारों के साथ वाद-विवाद की बात भी जांच के दौरान आयी। दीपावली त्यौहार के अवसर पर दुकानों में काफी भीड रहती है और इस दौरान श्रम विभाग के श्रम निरीक्षक रामचरण कौशिक के द्वारा जांच में आकर व्यापारियों को डरा-धमकाकर दिवाली खर्चे के नाम पर पैसा की मांग किया गया है। दुकानों में जाकर व्यापारियों से अभद्र व्यवहार करना व अवैध पैसा की मांग करना व प्राप्त करना सिविल सेवा आचरण नियमों का उल्लंघन मानते हुए श्रम निरीक्षक रामचरण कौशिक क़े विरुद्ध निलंबन की कार्यवाही प्रस्तावित किया गया है।

### हनुमान मंदिर की मूर्ति से चांदी का मुकुट पार

**बालोद**। हनुमान की मूर्ति के चांदी के मुकुट को अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। जिसे सुबह पूजा करने गए पुजारी ने देखा तथा ग्रामीणो को इसकी सूचना दी। जिसके बाद पुजारी द्वारा अज्ञात चोर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की गई है। जिसमे पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 305(एं), 331(4) बीएनएस के तहत रिपोर्ट दर्ज कर ली है।
ग्राम कसौंदा थाना रनचिरई निवासी पूनाराम यादव पिता स्व0 नन्दू राम यादव 59 वर्ष ने पुलिस को बताया कि हमारे ग्राम कसौंदा में बडा तालाब के पास रोड किनारे 05 मई 2025 को श्री हनुमान जी के मूर्ति की स्थापना कर प्राण प्रतिष्ठा किया गया था, श्री हनुमान जी के मूर्ति के प्राण प्रतिष्ठा के दौरान गांव के कमल राम साहू के द्वारा लगभग सात तोला चांदी का मुकुट भगवान हनुमान जी के लिये दिया गया था, मुकुट को हनुमान जी को पहनाये थे, मुर्ति स्थापना बाद से भगवान हनुमान जी की पूजा पाठ कार्य प्रतिदिन सुबह शाम करता हूं, 24 अक्टूबर को रात लगभग 07:45 बजे मंदिर का लोहे का चैनल गेट में ताला बंद करके घर आ गया, 25 अक्टूबर को सुबह 06:10 बजे श्री हनुमान मंदिर पहुंचा तो बाहर चैनल गेट में ताला लगा था, गेट से देखा तो मुर्ति से चांदी का मुकुट गायब दिखा।

### कार सहित मोपेड में लगाई आग, 3 आरोपी गिरफ्तार

**राजनांदगांव**। शहर के ग्रामीण वार्ड नवागांव इलाके में पुरानी रंजिश के चलते कार सहित मोपेडो को आग में फूंक देने के मामले की जांच करते पुलिस ने 3 आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार चिखली पुलिस चौकी क्षेत्र अंतर्गत 22 अक्टूबर को प्रार्थी ने चौकी चिखली में रिपोर्ट दर्ज कराया कि 22 अक्टूबर के रात्रि में उसके घर के बाहर खड़ी जुपीटर, एक्टिवा व टाटा टिआगो कार एवं अन्य सामान बिजली का मीटर, तार को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा आग लगा दिया है।

### वीडियो वायरल होने के बाद मचा बवाल, जांच शुरू

# भर्ती के दौरान आदिवासी युवकों को मुर्गा बनाकर लात मारने वाला अफसर सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

हरिभूमि फॉलोअप

बस्तर संभाग में चल रही सीआरपीएफ भर्ती प्रक्रिया में एक अधिकारी द्वारा दो आदिवासी अभ्यर्थी को मुर्गा बनाकर लात मारने का वीडियो वायरल हुआ है। जिसकी आलोचना की जा रही है। आर्मी, सीआरपीएफ, एसीएफ नेवी,एयर फोर्स, पुलिस, होम गार्ड,अन्य कई सुरक्षा विभाग हैं। जिनमें शामिल होने और देश के लिए कुछ कर गुजरने का जज्बा लिए युवा महीनों से जीतोड़ मेहनत कर पसीना बहाते हैं। ताकि शारीरिक परीक्षा में सफलता मिले। देश की सेवा के साथ साथ अपनी परिवार का आसरा भी बनें। लेकिन, इनके ख्वाबों को और परिवार की उम्मीदों को कैसे तोड़ा जा रहा है यह वायरल वीडियो में नजर आ रहा है।

सलवाजुडूम के दौर मे क्षेत्रीय युवक-युवतियों को एसपीओ पद पर नियुक्त किया गया था। जिन्हें आगे चलकर सहायक आरक्षक के रूप में पदोन्नति दी गई। ताकि नक्सलवाद को खत्म करने शासन को एक मजबूती मिले। डीआरजी,बस्तर फाइटर के नाम पर स्थानीय युवाओं की भर्ती हुई। जिन्होने नारायणपुर के अबूझमाड़ जंगल और बीजापुर जिले के करेर्गुट्टा पहाड़ में चले नक्सल ऑपरेशन में नक्सलियों को मार गिराने में सीआरपीएफ फोर्स के साथ संयुक्त सर्च अभियान में बस्तर फाइटर एवं डीआरजी के जवानों नें अहम भूमिका निभाई थी। इन जांबाज जवानों की तारीफ देश के गृहमंत्री अमित शाह ने की थी। केंद्र शासन ने बस्तर से लाल आतंक को समाप्त करने नवयुवाओं की सीआरपीएफ में सुकमा और बीजापुर जिले में 300 पदों पर भर्ती प्रक्रिया जारी है। वही बीजापुर एजुकेशन सिटी में अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता मापी जा रही है। जिसमें ऊंची कूद, दौड़ अन्य शारीरिक परीक्षण के मापदंडता है। इसी बीच एक वीडियो वायरल हो चुका है जिसमें एक सीआरपीएफ ऑफिसर दो युवकों को मुर्गा बनाकर उनकी पीठ में भारी सामान रखे हुए हैं। जिन्हें कुछ कहते हुए उक्त अधिकारी अभ्यर्थियों के सिर पर लात से मार रहा है।



**विभागीय जांच जारी:** घटना 24 अक्टूबर की है। दोनों अभ्यर्थी रिजेक्ट हो चुके थे। सेलेक्ट हो चुके अभ्यर्थियों के बीच में घुसकर बवाल कर रहे थे। जिस सब इंस्पेक्टर ने लात मारने का कृत्य किया है, वह बेहद निंदनीय है। उसे सस्पेंड कर दिया गया है और विभागीय जांच की जा रही है।

## और इधर... एएसआई और आरक्षक की जमकर पिटाई

**वाड्रफनगर**। बलंगी चौकी में पदस्थ सहायक उप निरीक्षक और आरक्षक के साथ मारपीट का मामला सामने आया है। घटना 21 और 23 अक्टूबर की बताई जा रही है लेकिन अब वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस महकमें में हड़कंप मच गया है। बड़ी बात यह है कि मार खाने वाले एएसआई का तबादला जशपुर जिले में कर दिया गया है। इसके साथ ही दोनों पुलिसकर्मियों की ओर से किसी प्रकार की शिकायत नहीं की गई है। बलंगी चौक पुलिस द्वारा मामले में वीडियो के आधार पर आरोपियों की पहचान कर उनके खिलाफ प्रतिबन्धात्मक कार्रवाई की गई है। वायरल वीडियो में बलंगी चौकी में पदस्थ पुलिसकर्मियों के साथ लोगों के द्वारा मारपीट की जा रही है। पहला वीडियो 21 अक्टूबर की रात का बताया जा रहा है। बलंगी चौकी के सामने संचालित ठेले के पास एक ग्रामीण ने नशे में धुत आरक्षक सुरेंद्र की पिटाई कर दी। वीडियो में आरक्षक को ग्रामीण 4 से 5 थप्पड़ लगाते हुए दिखाई दे रहा है। इसके साथ ही दूसरा वीडियो 23 अक्टूबर की सुबह का है। ग्रामीणों की भीड़ के सामने एक युवक ने नशे में धुत एएसआई नंदलाल को थप्पड़ जड़ दिया।



**आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई की गई:** इस संबंध में बलंगी चौकी प्रभारी डाकेश्वर सिंह ने बताया कि घटना 21 और 23 अक्टूबर की है। पुलिसकर्मियों की ओर से कोई शिकायत नहीं की गई है। वीडियो के आधार पर पहचान कर आरोपियों के खिलाफ 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई है।

### आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

## एसआई बताकर किसान से 20 हजार की धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बड़गांव थाना में धोखाधड़ी का ऐसा मामला सामने आया, जिसमें ठगों ने स्वयं को पुलिस वाला बताकर किसान से 20 हजार रूपएं ठग लिया। आरोपी ने स्वयं को भानुप्रतापपुर थाना का एसआई बताया और अवैध ढंग से शराब बेचने की शिकायत मिलने का हवाला देकर किसान को डराया और हजारों की ठगी कर लिया। बड़गांव थाना में शिकायत करने पहुंचे सिंदूरपारा पिच्चेकट्टा निवासी हेमलाल कोला पिता मेहर सिंह ने पुलिस को बताया कि खेती किसानी का काम करता हूं। मै 22 अक्टूबर को अपने सास ससुर के घर ग्राम बोगर परिवारिक काम से गया था, तभी दोपहर लगभग 2बजे मुझे मेरे मोबाईल पर किसी का कॉल आया जिसने अपने आपको थाना भानुप्रतापपुर से एसआई वर्मा साहब बोल रहा हूं, तुम दारू बनाकर संजयपारा में पार्सल करते हो, पिच्चेकट्टा के तामेश गावड़े ने तुम्हारे खिलाफ शिकायत किया है, मुझे 20 हजार रूपएं दे दो मामला रफा दफा करवा दूंगा। क्योंकि टीआई और अन्य लोगों को पैसा बांटना पड़ेगा, नहीं तो तुमको और तुम्हारे पिता दोनो को जेल भेज देगें कहकर धमकी देने लगा। तब मै बोला हम लोग आदिवासी समाज से है, घर में देवी देवता व अन्य कार्य के लिए थोड़ा बहुत महुआ शराब बनाते हैं। मुझे व मेरे पिता को मोबाईल पर कॉल करके जेल भेजने की धमकी से डरकर मै 10 हजार रूपएं लेकर भानुप्रतापपुर आया। तब वह व्यक्ति मुझे पुनः फोन कर बोला कि मै नहीं आ रहा हूं। मेरा आदमी आएगा तुम भानुप्रतापपुर स्टेट बैंक के पास मिलना और उसे पैसा दे देना।





### गुरुघासीदास विश्वविद्यालय का मामला

## भाई और पिता को कमरे में बंद कर दिया, छात्र की लाश नहीं सिर्फ फोटो दिखाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बिलासपुर

सेंट्रल यूनिवर्सिटी परिसर के एक तालाब में छात्र की मिली लाश फिजिक्स विभाग के पांचवें सेमेस्टर में अध्ययनरत अरसनाल अंसारी की निकली। पिता द्वारा पहचान किए जाने के बाद रविवार को सिम्स में छात्रों के हंगामे के बीच डाक्टरों की टीम ने पोस्टमार्टम किया। इस दौरान वीडियोग्राफी भी कराई गई और शव परिजन को सौंप दिया गया। परिजन छात्र का शव लेकर एम्बुलेंस से गृहग्राम के लिए रवाना हो गए हैं। मृतक छात्र के पिता अरसद अयूब अंसारी ने गुरुघासीदास विश्व विद्यालय प्रबंधन गंभीर पर आरोप लगाते हुए कोनी थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। मृतक के भाई और पिता ने गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि जब वह बिलासपुर पहुंचे, तो उन्हें केवल फोटो दिखाई गई लेकिन भाई का शव नहीं दिखाया गया, जिससे वे पहचान की पुष्टि नहीं कर सके। अयूब का आरोप है कि यूनिवर्सिटी प्रशासन ने उन्हें जबरदस्ती एक कमरे में बंद रखा और बाहरी लोगों या मीडिया से मिलने नहीं दिया गया। ज्ञात हो कि 23 अक्टूबर को जीजीयू के तालाब में एक युवक की लाश मिली थी।



### वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम

सिम्स में पोस्टमार्टम के दौरान बड़ी संख्या में एबीवीपी के छात्र पहुंच गए और विश्वविद्यालय पर घोर लापरवाही और हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा मचाया शुरू कर दिया। जानकारी मिलने पर सीएसपी आईपीएस गगन कुमार सिम्स पहुंचे और छात्रों को आरोपों की जांच कर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया गया। इसके बाद हंगामा शांत हुआ। पुलिस ने शव का पंचनामा कार्रवाई की और दोपहर 1 से 2 बजे तक सिम्स के डाक्टरों की टीम के द्वारा वीडियोग्राफी के साथ पोस्टमार्टम किया गया है। शाम 4 बजे पुलिस ने शव परिजन को सौंप दिया। मृत छात्र के पिता और भाई एम्बुलेंश के माध्यम से शव गृहग्राम बिहार के लिए रवाना हो गए।

### छठवें दिन तालाब में मिला लोवर व मोबाइल

मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी रजनेश सिंह ने विस्तृत जांच के लिए सीएसपी के नेतृत्व में 6 सदस्यीय पुलिस टीम का गठन भी कर दिया है। इधर तालाब में मिले शव की पहचान छात्र के रूप में तो हुई लेकिन मृतक का लोवर व मोबाइल गायब था। जिससे मामले संदिग्ध हो गया था। छठवें दिन रविवार को जांच टीम के द्वारा एसडीआरएफ टीम को बुलाकर तालाब में फिर से जांच कराई गई। सर्च के दौरान 20 फीट गहराई में मृतक के काले रंग का लोवर व मोबाइल मिला है। मोबाइल पूरी तरह से खराब हो गया है। मोबाइल को जांच के लिए साइबर सेल भेज दिया गया है।

### शिकायतों की जांच की जाएगी

शिनाख्ती और पोस्टमार्टम के बाद शव परिजन को सौंप दिया गया है। सीसीटीवी फुटेज में पाया गया है कि छात्र अकेले मोबाइल पर बातचीत करते तालाब की ओर जा रहा है। 20 फीट नीचे तालाब में लोवर व मोबाइल मिला। घरवालों का कहना है मृतक को तैरना नहीं आता था। गुरुघासीदास प्रबंधन के खिलाफ मिली शिकायत की गंभीरता से जांच की जाएगी।

-गगन कुमार, कोतवाली सीएसपी

### प्रलोभन देकर धर्मान्तरण की कोशिश, 6 गिरफ्तार

**बिलासपुर**। प्रार्थना सभा में प्रलोभन देकर धर्मान्तरण कराने का प्रयास करने वाले 6 लोगों को बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है। मस्तूरी पुलिस के अनुसार, रविवार की सुबह बजरंग दल के कार्यकर्ताओं को सूचना मिली ग्राम हिर्री में कुछ लोगों के द्वारा प्रार्थना सभा आयोजित कर हिंदू लोगों को प्रलोभन व भोजन का लालच देकर धर्मान्तरण कराने का प्रयास किया जा रहा है। कार्यकर्ताओं ने पुलिस को सूचित करते हुए अपने साथ लेकर प्रार्थना सभा में दबिश दी और सभा आयोजित करने वालों को पकड़कर थाने लेकर आई। पुलिस ने बजरंग दल के कार्यकर्ता सुमित सिंह पिता स्व. घनश्याम सिंह ठाकुर की रिपोर्ट पर गोरेलाल टण्डन, सहोद्रा टण्डन, हरानंद टण्डन, जयपाल केंवट, ज्योतीश कुमार अंचल, कुमार तरूण सूर्यवंशी के खिलाफ बीएनएस की धारा 3, 299, 3, 5 के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तारी करने के बाद मुचलका जमानत पर छोड़ दिया है।

## पत्नी ने प्रेमी के साथ मिल पति पर कराया जानलेवा हमला, गिरफ्तार

**सिमगा**। प्रेमी के साथ मिलकर पति पर हमला कराने वाले पत्नी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने प्रार्थी सुनील कुमार कुंभकार की रिपोर्ट पर आरोपी के खिलाफ धारा 109 बीएनएस व 61 (2) (क) के तहत आरोपीया निशा को हिरासत में लेकर न्यायिक रिमांड पर जेल दाखिल कर दिया है वहीं दूसरा आरोपी अनुज साहू उर्फ भैय्यू की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

थाना प्रभारी रितेश मिश्रा ने बताया कि बीती रात लगभग 10 बजे शिवनाथ हॉस्पिटल से थाना में सूचना मिली कि भवानी नगर सिमगा निवासी उमाशंकर कुंभकार पिता मदनलाल कुंभकार 27 वर्ष के ऊपर किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा कैंची नुमा धारदार वस्तु से प्राणघातक हमला किया गया है। जिससे युवक के गर्दन पर तीन बार एवं पसली व पीठ मे दो बार वार कर गंभीर रूप से घायल किया है। जिस पर पुलिस ने त्वरित कार्यवाही करते हुए घटना स्थल नया बस स्टैण्ड पहुँच कर जांच कार्यवाही करते हुए शिवनाथ हॉस्पिटल में भर्ती घायल से मुलाकात की लेकिन उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए घायल को रायपुर रिफर कर दिया गया।



### पति को रास्ते से हटाने के लिए रची साजिश

इस परिस्थिति में दोनों प्रेमी के बीच कांटा बन चुके पति को हटाने पत्नी निशा ने प्रेमी अनुज के साथ उसे रास्ते से हटाने प्लानिंग की। प्लानिंग के अनुसार घटना 25 अक्टूबर को पत्नी निशा ने प्रेमी अनुज को फोन के द्वारा सिमगा बुलाया व शाम 7:30 बजे पति उमाशंकर को फोन से बताया कि उनके परिचित का व्यक्ति बेमेतरा पुल के पास खड़ा है उसे 200 रुपये की जरूरत है। जिस पर उमाशंकर ने दुकान बंद करने के बाद जाकर रुपये देने की बात कही। घटना से अनजान पति जब नया बस स्टैण्ड पहुंचा तो आरोपी अनुज साहू ने उनके ऊपर प्राणघातक हमला करते हुए कैंची नुमा धारदार वस्तु से उसके गले में दो बार वार किया। पसली व पीठ पर भी दो बार वार किया जिससे उमाशंकर धराशायी होकर जमीन पर गिर गया।

### कांग्रेस संगठन सृजन अभियान, चयन के तरीके को बता रहे सही, उम्मीद टूटने पर लिखी पोस्ट

## सोशल मीडिया पर अपना दर्द बयां कर रहे जिला अध्यक्ष के दावेदार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ कांग्रेस के जिलाध्यक्षों की सूची अभी घोषित नहीं हुई है, लेकिन अंदरूनी घमासान और नाराजगी खुलकर सामने आने लगी है। पार्टी के भीतर चल रही हलचल अब सोशल मीडिया के जरिए बाहर दिखने लगी है। दावेदार सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए अपना दर्द बयां रहे हैं।

रायपुर शहर कांग्रेस जिलाध्यक्ष की दौड़ में शामिल श्रीकुमार मेनन, प्रीति उपाध्याय ने सोशल मीडिया पर जारी की पोस्ट के जरिए अपना दर्द बयां किया है। श्री मेनन ने पोस्ट में 'धोखा', 'गद्दार' और 'पीठ में छुरा' जैसे शब्दों का प्रयोग किया है. पोस्ट में लिखा कि किसी ने कहा, आप इतना धोखा कैसे सह सकते हो, धोखा वो भी अपने लोगों से, तो मैंने कहा धोखा तो नमकहराम और गद्दार देते हैं, जिनको हमने सबकुछ दिया, वही हमारी पीठ में छुरा भोंकते हैं. श्री मेनन से पहले कांग्रेस नेता शिव सिंह ठाकुर ने भी पोस्ट की है।

### भ्रम फैलाने वाली पोस्ट

वैसे देखा जाए तो संगठन सृजन अभियान के तहत सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देना है। स्थानीय नेताओं से रूबरू होने के बाद एआईसीसी ने अब पैनल के नामों का फीडबैक लेना शुरू कर दिया है। ऐसे में उन नेताओं ने सोशल मीडिया पर सक्रियता दिखाई है, जिन्हें लगता है कि हमें मौका मिलेगा कि नहीं। कुछ ने उम्मीद छोड़ दी है तो कुछ ने अपनी उपयोगिता को लेकर टिप्पणी की है। वैसे सारी प्रक्रिया शेड्यूल के अनुसार हुई है।





### महिलाओं को भी उम्मीद

प्रीति उपाध्याय शुक्ला, जो खुद को संगठन से जुड़ी एक आम समर्पित महिला कार्यकर्ता बताती हैं। उन्होंने एक राहत की सांस ली है, क्योंकि सबसे विश्वसनीय खबर यही है कि जिलाध्यक्षों की नियुक्ति का अंतिम फैसला केसी वेणुगोपाल की रिपोर्ट के आधार पर राहुल गांधी ही लेंगे। हम जैसी महिलाएं उनकी तरफ उम्मीद से देख रही हैं। राहुल गांधी ने खुद संगठन सृजन अभियान को पार्टी की नींव मजबूत करने और जमीनी स्तर पर ढांचे को सशक्त बनाने का माध्यम बताया है। यह केवल पद भरने की रस्म नहीं, बल्कि समर्पित कार्यकर्ताओं को नेतृत्व सौंपने का वादा है। यह वादा जमीन पर उतरेगा? या फिर वही पुरानी कहानी दोहराई जाएगी, जहां 'आधी आबादी' को बस तालियां बजाने का रोल निभाना पड़े?

### पर्यवेक्षकों के लिए भी निर्देश

पूरी प्रक्रिया के दौरान पर्यवेक्षकों को साफ निर्देश दिए गए थे कि कांग्रेस भवन में ही सारी बैठकें होंगी। किसी नेता के घर नहीं जाएंगे। ऐसा किए जाने पर तत्काल पर्यवेक्षक बदल दिया गया। ऐसा दुर्ग में हुआ। वे एक वरिष्ठ नेता के घर पर चाय पीने पहुंचे। उन्हें तत्काल वापस बुला लिया गया। उसके बाद दूसरे पर्यवेक्षक ने वहां की प्रक्रिया पूरी की। ऐसे में कहा जा रहा है कि एआईसीसी की नजर पूरी प्रक्रिया पर थी। यहां से भी स्थानीय नेता उनकी हर गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। प्रदेश में 41 संगठन जिलों में स्थानीय नेताओं को सह पर्यवेक्षक बनाकर उनकी मदद के लिए रखा गया।

रायपुर
सोमवार, 27 अक्टूबर 2025
कार्तिक शुक्ल पक्ष षष्ठी
वर्ष: 24, अंक: 98
पृष्ठ : 12+4+4 = 20 मूल्य: 5.00**

मौसम
अधि. 36.6
न्यून. 24.9

# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

# प्लास्टिक कचरे के बदले भोजन, अंबिकापुर के 'गार्बेज कैफे' की देशभर में गूंज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि खास

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के गार्बेज कैफे की पहल बेहद पसंद आया है। उन्होंने अपने रेडियो प्रोग्राम 'मन की बात' में इस कैफे की तारीफ की है। उन्होंने इस कैफे को प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट के लिए एक प्रेरक उदाहरण बताया। साथ ही देश को इसका उदाहरण देते हुए कहा, अंबिकापुर नगर निगम बताता है जब प्रयास किए जाए तो बदलाव संभव है। प्रधानमंत्री द्वारा अंबिकापुर के 'गार्बेज कैफे' और भारतीय नस्ल के श्वानों की उपलब्धि का विशेष उल्लेख ▶▶|शेष पेज 7 पर

1. मोदी को छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर के गार्बेज कैफे की पहल बेहद पसंद आया
2. प्रधानमंत्री ने 'मन की बात' में माओवाद प्रभावित इलाके में देशी श्वान की उपलब्धि का किया जिक्र

### भारतीय नस्ल के श्वान विश्वसनीय

*श्री साय ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री ने सुरक्षा एजेंसियों में भारतीय नस्ल के श्वानों को शामिल किए जाने के निर्णय की भी सराहना की। उदाहरण देते हुए उन्होंने कहा, छत्तीसगढ़ के माओवाद प्रभावित क्षेत्र में एक देशी श्वान ने 8 किलो विस्फोटक का पता लगाकर जवानों की जान बचाई। यह सिद्ध करता है कि भारतीय नस्ल के श्वान अधिक अनुकूल, दक्ष और विश्वसनीय हैं।*




### 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण, उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूर्ण होने पर इसे उत्सव के रूप में मनाने का आह्वान किया। उन्होंने इसे राष्ट्रप्रेम की अमर अभिव्यक्ति बताते हुए प्रत्येक नागरिक से इसके गौरवगान में स्वस्फूर्त रूप से सहभागिता करने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री ने भगवान बिरसा मुंडा के पुण्य स्मरण के साथ जनजातीय अधिकारों और स्वतंत्रता संग्राम में उनके सर्वोच्च योगदान को नमन किया। उन्होंने कहा, जनजातीय गौरव दिवस उन महान जननायकों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का दिवस है, जिन्होंने देश की आजादी और सम्मान के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर किया।

### सीएम बोले-पीएम के हम आभारी हैं

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, प्रधानमंत्री के हम आभारी हैं। मन की बात में छत्तीसगढ़ का जिक्र कई बार किया है। आज भी छत्तीसगढ़ का जिक्र किया है। अंबिकापुर नगर निगम स्वच्छता के मामले में अव्वल रहा है, जिसका पीएम मोदी ने जिक्र किया है। कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अंबिकापुर नगर निगम की अनूठी पहल 'गार्बेज कैफे' की सराहना की, जिसने प्लास्टिक मुक्त शहर की दिशा में एक मिसाल कायम की है। यहां प्लास्टिक कचरा देने वालों को भोजन उपलब्ध कराया जाता है। यह पहल स्वच्छता, पुनर्चक्रण और सामाजिक संवेदना का अद्भुत उदाहरण बन चुकी है। अम्बिकापुर में शहर से प्लास्टिक कचरा साफ करने के लिए एक अनोखी पहल की गई है। अम्बिकापुर में गार्बेज कैफे चलाए जा रहे हैं। ये ऐसे कैफे हैं, जहाँ प्लास्टिक कचरा लेकर जाने पर भरपेट खाना खिलाया जाता है। ये कैफे अम्बिकापुर म्युनिसिपल कॉरपोरेशन चलाता है।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155 | airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### मछली पकड़ने वाली दो नौकाओं पर 3.4 लाख जुर्माना



**कोझिकोड।** मत्स्य विभाग ने यहां बंदरगाहों पर प्रतिबंधित जाल और उच्च-वोल्टेज वाले बिजली उपकरणों का उपयोग करके मछली पकड़ने के आरोप में दो नौकाओं को पकड़ा है। उन पर 3.4 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है। 'लव मैरी' और 'शिवदम' नामक नौकाओं को शनिवार को अलग-अलग गश्त के दौरान पकड़ा गया।

### बस की टक्कर से बाइक सवार दो की मौत

**कुशीनगर।** यूपी के कुशीनगर जिले के तरयासुजान थाना क्षेत्र के सलेमगढ़ टोल प्लाजा के पास रविवार सुबह एक बस की टक्कर से बाइक सवार दो व्यक्तियों की मौत हो गई। इस हादसे से नाराज परिजनों और ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। यह हादसा सुबह करीब नौ बजे हुआ, जब दिल्ली से बिहार जा रही एक बस ने बाइक सवार अबरार अंसारी (20) और उसके चाचा अलीम अंसारी (50) को टक्कर मार दी।

### 66,000 आयातित सिगरेट जब्त, दो गिरफ्तार



**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने तस्करी कर लाई गईं सिगरेट बेचने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के पास से 66,400 अंतरराष्ट्रीय सिगरेट बरामद की गई हैं, जिसकी कीमत करीब 12 लाख रुपए है। बेची जा रही इन सिगरेट पर स्वास्थ्य चेतावनी भी नहीं लिखी हुई थी। आरोपियों की पहचान पानीपत निवासी परवीन सहगल (37) और दिल्ली निवासी मुकेश खटरेजा (48) के रूप में हुई है।

## सभी डंकी रूट से गए, किसी ने जमीन बेची, किसी ने लिया था कर्ज

# अमेरिका से 50 युवकों को डिपोर्ट कर भेजा भारत, हाथ में हथकड़ी और पैरों में थीं बेड़ियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

**अमेरिका में अवैध तरीके से रह रहे हरियाणा के 50 युवकों को डिपोर्ट कर भारत भेजा गया है। सभी के हाथों पर हथकड़ियां और पैरों पर बेड़ियां लगी हुई थीं। हवाई जहाज दिल्ली एयरपोर्ट पर पहुंचा था। रविवार को हरियाणा के अलग-अलग जिलों की पुलिस इन युवकों को अपने साथ ले गई।**

यह सभी डंकी रूट से अमेरिका गए थे। इनमें सबसे ज्यादा कैथल जिले के 14 युवक हैं। इससे पहले फरवरी 2025 में कैथल के 12 युवक अमेरिका से डिपोर्ट होकर आए थे। तीन नवंबर को भी अमेरिका से एक जहाज आएगा।

■ पहले भी अमेरिका से डिपोर्ट किए गए थे कई भारतीय

जो युवक डिपोर्ट होकर आए हैं उनके पास सामान का एक-एक बैग ही था। इनको अमेरिका के कैंपों में रखा गया था। ज्यादातर युवक पनामा के जंगलों, निकारो, ग्वाटेमाला से होते हुए अमेरिका पहुंचे थे। कुछ युवक ऐसे थे जो पहले छोटे देशों में गए और वहां से डंकी के रास्ते अमेरिका गए थे। युवकों ने डंकी से अमेरिका जाने के लिए 50 से 70 लाख रुपए खर्च किए थे। किसी ने जमीन बेची तो किसी ने लोन पर पैसे लिए थे। डिपोर्ट होकर कैथल लौटे नरेश कुमार ने बताया कि गांव की अपनी करीब एक एकड़ जमीन बेच कर 42 लाख रुपए ▶▶|शेष पेज 7 पर

### तीन नवंबर को आ सकता है दूसरा जहाज

#### डेढ़ साल से अमेरिका में रह रहे थे

*पुलिस ने करीब एक बजे सभी लोगों से अपराधिक व अन्य रिकॉर्ड संबंधित जानकारी एकत्रित कर परिजनों को सौंप दिया। ये सभी युवा डंकी रूट से अमेरिका गए थे। इनमें से लगभग लोग डेढ़ साल से अमेरिका में रह रहे थे। इन युवाओं को वीजा नियमों के उल्लंघन और अवैध प्रवास के कारण जेल में भी बंद किया हुआ था।*

#### अभी तक किसी ने नहीं दी शिकायत

*हरियाणा के कैथल के डीएसपी ललित यादव ने बताया कि कागजी कार्रवाई और पूछताछ करने के बाद 14 में से 13 युवकों को परिजनों के हवाले कर दिया गया। एक युवक पर राजौंद थाना में शराब तस्करी का केस दर्ज था। उसे किठाना चौकी पुलिस अपने साथ ले गई थी। कागजी प्रक्रिया के बाद नरेश को भी छोड़ दिया गया था। अभी तक किसी युवक ने एजेंट के विरुद्ध लिखित शिकायत दर्ज नहीं करवाई है।*



#### 3766 भारतीय किए गए डिपोर्ट

2009 से 2014 के बीच अमेरिका में अवैध रूप से रह रहे 3766 भारतीयों को वापस भेजा गया। इसकी जानकारी खुद विदेश मंत्री ने पिछले दिनों संसद में दी थी। भारतीयों को जंजीरों में जकड़े जाने का वीडियो देखने के बाद अगर लग रहा है कि ऐसा पहली बार किया गया है, तो आप गलत हैं। सच्चाई ये है कि अवैध भारतीय प्रवासियों को 2012 से ही ऐसे ही भेजा जा रहा है।

#### 2011 में भी हुई थी ऐसी ही कार्रवाई

2011 में कैलिफोर्निया की ट्रि वैली यूनिवर्सिटी स्कैम का पर्दाफाश हुआ था। उस दौरान पता चला कि इस यूनिवर्सिटी में पढ़ाई के नाम पर फर्जीवाड़ा हो रहा था। नतीजतन अमेरिकी प्रशासन ने कई भारतीय स्टूडेंट से पूछताछ की। उन्हें हथकड़ियां लगाईं और जेल में डाल दिया। कई को तो रेडियो टैग भी लगाया गया। इन स्टूडेंट का करियर भी खराब हो गया था।

#### पहले भी डिपोर्ट हुए थे 604 लोग

हरियाणा के 50 और युवक अमेरिका की ट्रंप सरकार ने डिपोर्ट कर दिए हैं। इनमें से सबसे ज्यादा 16 युवक करनाल जिले के हैं। कैथल के 14, कुरुक्षेत्र के 5, पानीपत का एक युवक शामिल है। इससे पहले जनवरी से जुलाई तक भी हरियाणा के 604 युवा डिपोर्ट हुए थे।

#### बेड़ियों में बांधकर दिल्ली लाए गए

डिपोर्ट किए गए सभी युवाओं को जहाज में बेड़ियां पहनाकर बैठाया गया था। हरियाणा कैथल के डीएसपी ललित यादव ने बताया कि पुलिस शनिवार को सभी युवाओं को दिल्ली एयरपोर्ट से कैथल लाई है। उन्हें कैथल में ही रखा गया। रविवार को पुलिस लाइन में उनका रिकॉर्ड जांचा गया। रिकॉर्ड में सभी युवा अलग-अलग आयु वर्ग के हैं।

## दो कार, दो स्कूटी समेत 40 हजार बरामद

# सजी थी पटवारियों के जुए की महफिल, कार्यकारी अध्यक्ष समेत 8 धरे गए



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जांजगीर-चांपा

जिला मुख्यालय जांजगीर के रमन नगर में पटवारियों के जुए की महफिल सजी थी। कोतवाली पुलिस ने शनिवार की रात छापामार कार्रवाई करते हुए जुआ खेलते 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा। जुआरियों के कब्जे से 40 हजार रुपए नकदी समेत दो कार और दो स्कूटी बरामद की गई है।

जांजगीर के रमन नगर स्थित एक मकान में लंबे समय से जुआ चलने की सूचना पुलिस को मिल रही थी। पुख्ता सूचना पर सिटी कोतवाली पुलिस ने शनिवार 25 अक्टूबर की रात मौके पर दबिश दी। इस दौरान ▶▶|शेष पेज 7 पर

#### कलेक्टर ने विभागीय कार्रवाई के दिए निर्देश

कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने पटवारियों के जुआ खेलते पकड़े जाने के मामले को गंभीरता से लिया है। कलेक्टर ने पुलिस जांच में पटवारियों के विरुद्ध जुआ खेलने की गतिविधि में शामिल पाए जाने की जानकारी प्राप्त होने पर सभी संबंधित एसडीएम को निर्देशित किया है कि उक्त पटवारियों के विरुद्ध पुलिस जांच प्रतिवेदन प्राप्त होने पर उनके विरुद्ध छत्तीसगढ़ सिविल सेवा नियम, 1966 के प्रावधानों के तहत तत्काल कार्यवाही की जाए।

#### 20 लाख का माल जब्त

पुलिस ने फड़ से नकद 40,200 रुपए, 52 पत्ती ताश, 6 मोबाइल, 2 कार, 2 स्कूटी सहित लगभग 20 लाख रुपए का माल जब्त किया है। कोतवाली पुलिस ने जुए पर कार्रवाई तो की, लेकिन बाद में उसे छिपाने का प्रयास भी किया गया।

# पाक-अफगान सीमा पर भीषण भिड़ंत पांच पाक सैनिक और 25 उग्रवादी ढेर

एजेंसी ▶▶| इस्लामाबाद

पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच सीमा पर रविवार को फिर से हिंसा भड़क उठी। पाकिस्तानी सेना ने दावा किया है कि उसकी कार्रवाई में कम से कम 25 उग्रवादी मारे गए हैं, जबकि संघर्ष में उसके पांच पाकिस्तानी जवान भी मारे हो गए। यह झड़प ऐसे वक्त हुई है, जब दोनों देशों के प्रतिनिधि इस्तांबुल में चल रही वार्ता में सीमा तनाव को कम ▶▶|शेष पेज 7 पर

■ शांति वार्ता के बीच फिर से संघर्ष



#### इस्तांबुल वार्ता और हालिया संघर्ष

दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारी इस्तांबुल में बैठक कर रहे हैं ताकि इस महीने की शुरुआत में हुई भीषण लड़ाई के बाद फिर से संघर्ष न भड़के। यह झड़पें 2021 में तालिबान के काबुल पर कब्जे के बाद से अब तक की सबसे घातक मानी जा रही हैं।

#### अफगानिस्तान ने नहीं दी प्रतिक्रिया

अफगानिस्तान की ओर से अब तक इस हमले पर कोई औपचारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है। तालिबान सरकार के प्रवक्ता और रक्षा मंत्रालय ने जवाब नहीं दिया। तालिबान का कहना है कि वह पाकिस्तान के आरोपों को खारिज करता है और दावा करता है कि इस्लामाबाद की सैन्य कार्रवाई अफगान संप्रभुता का उल्लंघन है।

## बलूचिस्तान पर टिप्पणी से आक्रोश

# सलमान को पाकिस्तान ने घोषित किया आतंकवादी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

बॉलीवुड सुपरस्टार सलमान खान बलूचिस्तान पर अपने हालिया कमेंट के बाद विवादों में घिर गए हैं, जिससे पूरे पाकिस्तान में आक्रोश फैल गया है। कई रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तानी सरकार ने कथित तौर पर एक्टर को आतंकवाद विरोधी अधिनियम (1997) की चौथी अनुसूची के तहत रखा है- यह सूची उन लोगों के लिए आरक्षित है ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### क्या है मामला

पाक के गृह विभाग द्वारा 16 अक्टूबर, 2025 को जारी की गई अधिसूचना के अनुसार, सलमान को निगरानी सूची में रखने के निर्णय को उन्हें 'आजाद बलूचिस्तान सूत्रधार' करार देकर उचित ठहराया गया था।

*आसियान समिट से दुनिया को प्रधानमंत्री का संदेश*

# पीएम मोदी ने कहा- भारत और आसियान देशों की 21 वीं सदी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली

आसियान का 22वां शिखर सम्मेलन मलेशिया में आयोजित हुआ। पीएम नरेंद्र मोदी मलेशिया नहीं गए लेकिन उन्होंने आज इस सम्मेलन में वर्चुअली हिस्सा लिया। आसियान में पीएम मोदी ने अपने संबोधन में कहा कि आसियान के देश साझा मूल्यों की डोर से बंधे हुए हैं। 21वीं सदी आसियान देशों की सदी है।

दरअसल, आसियान के शिखर सम्मेलन को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि मलयेशियाई प्रधानमंत्री ▶▶|शेष पेज 7 पर



#### आसियान है एक्स ईस्ट नीति का स्तंभ

पीएम मोदी ने कहा कि आसियान भारत की एक्ट ईस्ट नीति का मुख्य स्तंभ है। भारत ने हमेशा आसियान की केंद्रीयता और हिंद-प्रशांत क्षेत्र पर आसियान के दृष्टिकोण का समर्थन किया है। अनिश्चितता के इस दौर में भारत-आसियान व्यापक रणनीतिक साझेदारी निरंतर मजबूत हुई है।

पीएम का वादा

#### भारत हर संकट में साथ खड़ा है

पीएम मोदी ने कहा कि भारत, हर आपदा में अपने आसियान मित्रों के साथ मजबूती से खड़ा रहा है। हमारा सहयोग हर क्षेत्र में तेजी से बढ़ रहा है। इसे देखते हुए हम 2026 में आसियान-इंडिया ईयर ऑफ मेरिटाइम कॉपरेशन घोषित करते हैं। पीएम मोदी ने कहा कि 21 वीं सदी हमारी सदी है, भारत और आसियान की सदी है। आसियान कम्यूनिटी विजन 2045 और विकसित भारत 2047 का लक्ष्य मानवता के लिए एक उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करेगा।

*छत्तीसगढ़ समेत नौ राज्यों में ऐसा एक भी विद्यालय नहीं*

# 8000 स्कूलों में एक भी छात्र नहीं, तैनात हैं 20 हजार शिक्षक

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

देशभर में करीब 8,000 विद्यालयों में 2024-25 शैक्षणिक सत्र के दौरान कोई दाखिला नहीं हुआ और इनमें से सबसे अधिक विद्यालय पश्चिम बंगाल में और उसके बाद तेलंगाना में हैं। यह जानकारी आधिकारिक आंकड़े से मिली। शून्य दाखिले वाले स्कूल में कुल 20,817 शिक्षक कार्यरत थे। पश्चिम बंगाल में ऐसे शिक्षकों की संख्या 17,965 थी और बिना दाखिले वाले स्कूल की संख्या सबसे अधिक (3,812) थी। शिक्षा मंत्रालय के आंकड़े के अनुसार, 7,993 स्कूल में कोई दाखिला नहीं हुआ जो पिछले वर्ष की 12,954 की संख्या से 5,000 से अधिक कम है। इस बीच, हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, असम, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, नगालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में ऐसा कोई स्कूल नहीं था। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा, ▶▶|शेष पेज 5 पर



#### एक लाख से अधिक एकल-शिक्षक विद्यालय

देश भर में 33 लाख से अधिक छात्र एक लाख से अधिक एकल-शिक्षक विद्यालयों में पंजीकृत हैं। आंध्र प्रदेश में इन विद्यालयों की सबसे अधिक संख्या दर्ज की गई है। इसके बाद उत्तर प्रदेश, झारखंड, महाराष्ट्र, कर्नाटक और लक्षद्वीप का स्थान है। हालांकि, जब एकल शिक्षक वाले विद्यालयों में छात्रों के पंजीकरण की बात आती है, तो उत्तर प्रदेश सूची में सबसे ऊपर है, उसके बाद झारखंड, पश्चिम बंगाल और मध्य प्रदेश का स्थान है। एकल-शिक्षक विद्यालयों की संख्या 2022-23 में 1,18,190 से 2023-24 में घटकर 1,10,971 हो गई। इसमें लगभग छह प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई।

#### इन राज्यों में शून्य दाखिले वाले स्कूल नहीं

हरियाणा, महाराष्ट्र, गोवा, असम, हिमाचल प्रदेश, छत्तीसगढ़, नागालैंड, सिक्किम और त्रिपुरा में शैक्षणिक सेशन 2024-25 में ऐसे कोई स्कूल नहीं थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है। राज्यों को स्कूलों में शून्य नामांकन के मुद्दे का समाधान करने की सलाह दी गई है। आंकड़ों के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दमन और दीव और चंडीगढ़ में शून्य नामांकन वाला कोई स्कूल नहीं था। दिल्ली में भी शून्य नामांकन वाला कोई स्कूल नहीं था।



समाधि पर हर रोज पहुंच रहे 5 से 10 हजार से ज्यादा लोग, 23 सितंबर को हुआ था अंतिम संस्कार

# कमरकुची बना सिंगर जुबीन का स्मारक स्थल: अब तक 5 लाख गमछे चढ़े

एजेंसी ▶▶| दिशपुर

सिंगर जुबीन गर्ग सिर्फ एक गायक ही नहीं बल्कि एक बेहतरीन इंसान भी थे। अपने जीवन में उन्होंने सैकड़ों लोगों की मदद की जिसके चलते आज भी वहां के लोग उनके निधन के बाद आंसू बहा रहे हैं। इतना ही नहीं 19 सितंबर को सिंगापुर में डूबने से हुई मौत के बाद सोनापुर जिले के कमरकुची गांच जहां उनका अंतिम संस्कार हुआ था वहां लोगों का मेला सा लगा हुआ है। गुवाहाटी से 31 किमी दूर इस गांव में 10 बीघा के करीब जमीन को जुबीन का 'देवालय' सा मान लिया गया है। अब यहां हर रोज 5 से 10 हजार लोग उनकी समाधि पर पहुंच रहे हैं। जुबीन के अंतिम संस्कार के बाद से इन 36 दिनों में उनकी समाधि पर अब तक 5 लाख से ज्यादा असमिया गमछे चढ़ाए जा चुके हैं। यहां पहुंचने वाले लोग जुबीन की दरियादिली की बातें कहते नहीं थकते। बता दें कि जुबीन ने 52 की उम्र तक 40 हजार से ज्यादा गाने खुद लिखे और गाए।

## अब तक चढ़ चुके 5 लाख से ज्यादा गमछे

जुबीन के अंतिम संस्कार के बाद से इन 36 दिनों में उनकी समाधि पर अब तक 5 लाख से ज्यादा असमिया गमछे चढ़ाए जा चुके हैं। हजारों चिट्ठियां जुबीन के नाम पर यहां चढ़ाई जा चुकी हैं। यहां पहुंचने वाले कई लोग ऐसे भी हैं जो यहां 500-800 किमी दूर से पहुंच रहे हैं। इनमें हर उम्र के लोग शामिल हैं।



### जुबिन की पहचान रही असमिया गमछा

यहां आने वाले लोग भी वही गमछा पहने नजर आते हैं, क्योंकि जुबीन अपनी असमिया पहचान के लिए इसे चूमते थे। इन गमछों में वही बातें लिखी हैं, जिन्होंने जुबीन को 'असम का लाड़ला' बनाया। गमछों पर लिखा है- जय जुबीन दा।

### बेटे के इलाज के लिए दिए साढ़े पांच लाख

धेमाजी जिले के जोनाई से आईं मनीषा मिली गुरुंग बोलीं- मेरे बेटे सुनु को 2015 में किडनी की बीमारी हुई। जब यह बात जुबीन दा को बताई तो इलाज के लिए 5.50 लाख दिए। किसी अनजान से कोई इतनी मोहब्बत कैसे कर सकता है? मैं बीमार हूं, कई दिनों से भर्ती हूं, फिर अस्पताल से निकलकर उन्हें ढूंढ़ने यहां आई हूं। उन्होंने मेरा दर्द बांटा था, आज उनका दर्द बांट रही हूं।

### मुस्लिम बच्चों के लिए 10 लाख रुपए

गुवाहाटी से 300 किमी दूर धुबड़ी से अपनी पत्नी और 10 साल की बेटी के साथ आए मफीजुल हक कहते है, 'जुबीन दा किसी भी जाति-धर्म में भेदभाव नहीं करते थे। उन्होंने मुसलमान बच्चों की पढ़ाई के लिए 10 लाख रुपए दान दिए थे। मैं बेटी को उनके जैसा बनाना चाहता हूं, इसलिए उसे साथ लाया हूं।

## जुबीन का रोमांटिक गाना बना प्रार्थना

जुबीन अपने कार्यक्रमों में एक खास असमिया गाना जरूर गाते थे- 'मायाविनी रातिर बुकुत'। इसे गाने के बाद इतना जरूर कहते थे- जब मरूंगा, तो पूरे असम में यह गाना बजा देना। वैसे यह एक रोमांटिक गीत है, लेकिन आज असमिया जाति के लिए यह एक प्रार्थना बन गई है। पूरे असम में इसकी धुन सुनी जा सकती है। स्मारक स्थल पर यह 24 घंटे बजता है।

### जुबीन कहते थे- जाति-धर्म का नहीं, मैं मुक्त हूं

गोरेश्वर से आए 70 साल के रूपनाथ कलिता कहते हैं कि जुबीन अक्सर अपने संगीत कार्यक्रमों में खुलकर कहा करते थे कि मेरी कोई जाति नहीं है, धर्म नहीं है, भगवान नहीं हैं। मैं मुक्त हूं। कंचनजंघा हूं। सार्वजनिक मंचों से नेताओं को इतना कुछ कह देते थे, लेकिन कभी किसी ने उफ तक नहीं की। लोग इन बातों को गमछों पर लिखवाकर यहां आए हैं। गुवाहाटी से आई मोरोनी राभा गुमसुम बैठे रोते हुए मिलीं। उन्होंने दो टूक कहा- यह जगह श्मशान नहीं, अब देवालय बन चुकी है और हम भक्त।

## खबर संक्षेप

### साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 25 लाख, सदमे में हुई मौत



**मुजफ्फरपुर।** बिहार के मुजफ्फरपुर जिले से दिल को झकझोर देने वाली घटना सामने आई है, जहां साइबर ठगों ने एक रिटायर्ड प्रोफेसर के बैंक खातों से 25 लाख रुपए उड़ा लिए है। वहीं जब प्रोफेसर शिकायत दर्ज कराने साइबर थाना पहुंचे, तो वहां उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई। वहीं इस दर्दनाक घटना से पूरे इलाका कांप उठा।

### मैसूर में बाघ के हमले से चरवाहे की मौत

**मैसूरु।** मैसूरु जिले के एक गांव में रविवार को बाघ के हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गयी, जिसके बाद कुछ गांवों में दहशत फैल गई है। घटना सारागुरू तालुक के मुल्लूर गांव के पास हुई। वन अधिकारियों के अनुसार, मुल्लूर निवासी राजशेखर मूर्ति (58) पर एक आदमखोर बाघ ने हमला कर दिया। घटना दोपहर के वक्त हुई, जब वह खुले मैदान में अपने मवेशियों को चरा रहे थे। इससे पहले मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के गृह जिले मैसुरु में एक महीने के अंदर बाघ के हमले में दो लोगों की जान जा चुकी है।

### मंदिर अपवित्र करने के आरोप में एक गिरफ्तार



**पालघर।** महाराष्ट्र के पालघर जिले में एक मंदिर को अपवित्र करने के आरोप में 29 वर्षीय एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी सागर सुरेश पाटिल दहिसर गांव, मनोर का निवासी है और उसे 16 अक्टूबर को उमरोली में भगवान शिव के एक मंदिर को अपवित्र करने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। पुलिस द्वारा दर्ज की गई शिकायत के अनुसार, मंदिर परिसर के अंदर चिकन के छोटे-छोटे टुकड़े फेंके गए थे, जो जानबूझकर किया गया कृत्य था, जिससे धार्मिक भावनाएं आहत हुईं।

### ड्रग्स फैक्ट्री पकड़ाई 13.4 करोड़ की गोलियां बरामद

**मुंबई।** मुंबई के बाहरी इलाके में पुलिस ने रविवार को 13.4 करोड़ रुपये मूल्य के मेफेड्रोन और इसके कच्चे माल को जब्त करते हुए इसकी निर्माण इकाई का भंडाफोड़ किया। इस मामले में पांच लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई से करीब 75 किलोमीटर दूर वसई में यह बरामदगी की गई। जांच के दौरान पुलिस ने वसई के पेल्हार में राशिद कंपाउंड के पास मेफेड्रोन की एक इकाई पर छापा मारा जहां यह माल तैयार हो रहा था।

### बेटे ने की पिता से ही 26 लाख की साइबर ठगी

**नई दिल्ली।** सौतेले भाई से ईर्ष्या और गुस्से में आकर एक युवक ने अपने ही पिता से 26 लाख से अधिक की कथित तौर पर ठगी कर ली। आरोपी शिवम शर्मा ने अपने 68 वर्षीय पिता के बैंक खाते से जुड़े सिम कार्ड को चोरी किया और करीब चार महीनों तक साजिश रचकर यह धोखाधड़ी की। आजादपुर मंडी में पार्किंग ऑपरेटर रह चुके पीड़ित पिता ने खराब स्वास्थ्य और डिजिटल जानकारी कम होने की वजह से ऑनलाइन बैंकिंग की जिम्मेदारी अपने बेटे शिवम को सौंपी हुई थी।

बिहार विधानसभा चुनाव में वायदों की झड़ी, आरोप-प्रत्यारोप का दौर भी जारी

# नीतीश ने निकाला 16 बागी नेताओं को, तेजस्वी का वादा- सत्ता में आए तो पंचायत प्रतिनिधियों को पेंशन

एजेंसी ▶▶| पटना



चुनाव से पहले नीतीश कुमार के नेतृत्व वाली जनता दल यू पार्टी ने विद्रोहियों पर कड़ा रुख अख्तियार किया है। पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के आरोप में विधायक गोपाल मंडल सहित लगभग 16 वरिष्ठ नेताओं को निष्कासित कर दिया गया है, जिससे जेडीयू में हलचल मच गई है। वहीं दूसरी ओर राजद प्रमुख तेजस्वी यादव ने मतदाताओं को लुभाने वायदों की झड़ी लगा दी है। तेजस्वी ने कहा कि अगर महागठबंधन सत्ता में आता है, तो बिहार के पंचायती राज प्रतिनिधियों के भत्ते दोगुने कर दिए जाएगे। इसी तरह पंचायत प्रतिनिधियों के लिए 50 लाख रुपये का बीमा कवर देने के साथ पेंशन की भी शुरुआत की जाएगी। जनता दल यू द्वारा की गई अनुशासनात्मक कार्रवाई के तहत 5 नेताओं को रविवार को और 11 अन्य नेताओं को गत शनिवार को निष्कासित किया गया था।

### अमित शाह ने सतर्क रहने कहा है



गृह मंत्री अमित शाह की रैली पर भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि अमित शाह ने बिहार के लोगों को 'जंगल राज पार्ट 2' का समर्थन करने वालों से सावधान रहने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि यह विकास और प्रगति की सरकार है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में हम सरकार बनाएंगे। प्रकाश राजभर बोले- तेजस्वी केवल राज्य पर कब्जे के लिए चुनाव लड़ रहे हैं।

### वक्फ बोर्ड बिल पर गुमराह कर रही आरजेडी



सांसद मनोज तिवारी ने कहा- ये लोग पहले से ही जनता को भ्रमित कर रहे हैं। वक्फ बोर्ड का बिल संसद में पारित होता है, विधानसभा में नहीं। अपनी क्षमता के अनुसार बोलना चाहिए। जब आरजेडी की सरकार थी, तो अपराधियों का राज था। ये लोग 'जय शहाबुद्दीन' का नारा लगाते हैं। तेजस्वी यादव की जुबान 56 इंच की है जबकि एनडीए का सीना 56 इंच का है।

## वक्फ बिल को कूडे में फेकेंगे : तेजस्वी



कटिहार में आयोजित जनसभा में तेजस्वी बोले नीतीश चाचा पलटी मारकर भाजपा में चले गए। बीजेपी को अगर बिहार में किसी ने जगह दी तो वह नीतीश कुमार हैं। हम लोगों ने कभी भी घुटने नहीं टेके। सत्ता में आने पर हमारी सरकार मुस्लिमों की मर्जी के खिलाफ लाए गए वक्फ बिल को कूड़ेदान में फेंक देगी। इससे पहले पटना में भी तेजस्वी ने पंचायत प्रतिनिधियों, पीडीएस डीलर, नाई, कुम्हार, लोहार समाज के लोगों के लिए भी कई घोषणाएं की। तेजस्वी ने वादा किया कि पंचायत प्रतिनिधियों का मानदेय दोगुना किया जाएगा।

### छठ के बाद राहुल-प्रियंका प्रचार करेंगे



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने रविवार को कहा कि बिहार में कांग्रेस का चुनाव अभियान छठ पूजा के तुरंत बाद शुरू होगा और विपक्ष के नेता राहुल गांधी प्रचार करेंगे। वेणुगोपाल ने कहा कि प्रियंका गांधी वाड्रा औरराष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे सहित पार्टी के अन्य नेता भी राज्य में प्रचार करेंगे।

**मुस्लिम को डिप्टी सीएम बनाएं : राशिद अल्वी** : कांग्रेस नेता अल्वी ने कहा कि मुसलमान भाजपा को सत्ता से बेदखल करने के लिए विपक्ष को मजबूत करने पर मजबूर हैं। भारत की जिम्मेदारी है कि मुसलमान जिस मजबूती से उनके साथ खड़े हैं, उसका सम्मान करे। उन्होंने कहा कि बिहार में किसी मुसलमान को उपमुख्यमंत्री जरूर बनना चाहिए।

### महुआ में इंटरनेशनल स्टेडियम बनवाएंगे



वैशाली में जनशक्ति जनता दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेज प्रताप यादव ने बिहार विधानसभा चुनाव के मद्देनजर एक बड़ा चुनावी वादा किया है। उन्होंने अपनी विधानसभा सीट महुआ में एक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम बनाने की घोषणा की है। यादव का दावा है कि चुनाव जीतने के बाद वे इस स्टेडियम का निर्माण करवाएंगे, जहां भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट मैच आयोजित किए जाएंगे।

## भाजपा सांसद से मांगे 10 करोड़, बेटे को जान से मारने की धमकी



**पटना।** बिहार विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा के वरिष्ठ सांसद संजय जायसवाल को कथित तौर पर एक जबरन वसूली का फोन आया है, जिसमें 10 करोड़ रुपये की फिरौती मांगी गई है और मांग पूरी न होने पर उनके बेटे को जान से मारने की धमकी दी गई है। जायसवाल की सूचना पर पुलिस ने रिपोर्ट कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि जायसवाल बिहार भाजपा के एक प्रमुख नेता हैं और पश्चिम चंपारण निर्वाचन क्षेत्र से सांसद हैं। डीएसपी विवेक दीप ने बताया कि पुलिस ने सांसद जायसवाल को धमकी देने वाले आरोपी की पहचान कर ली है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि आरोपी किसी आपराधिक गिरोह से जुड़ा हुआ लग रहा है और ऐसी कोई जानकारी नहीं है जिससे पता चले कि कॉल के पीछे कोई राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता हो सकती है। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

### जायसवाल के पास दो कॉल आए

बेतिया नगर पुलिस उपाधीक्षक विवेक दीप ने बताया कि आरोपी ने गत शुक्रवार को लोकसभा में भाजपा के मुख्य सचेतक जायसवाल को फोन कर धमकी दी थी। उन्होंने बताया कि सांसद ने शनिवार पुलिस को बताया कि उन्हें शुक्रवार दोपहर कुछ ही मिनटों में दो फोन कॉल आए थे। आरोपी ने उनसे 10 करोड़ रुपये की मांग की और ऐसा नहीं करने पर बेटे को मारने की धमकी दी। पुलिस ने FIR दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आम आदमी पार्टी का आरोप

# मोदी के लिए बन रही फिल्टर के पानी वाली नकली यमुना

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली



आम आदमी पार्टी नेता और दिल्ली में प्रदेशाध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने रविवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बड़ा दावा किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए साफ पानी की नकली यमुना बना रही है, जिसमें वजीराबाद से लाया गया साफ पानी एक पाइप के जरिए चोरी कर डाला जा रहा है। उन्होंने छठ पूजा के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी के वासुदेव घाट जाने की भी बात कही है।

**भारद्वाज ने दिया यह बयान :** भारद्वाज ने एक वीडियो साझा करते हुए दावा किया, हमें मालूम है कि बिहार चुनावों के चलते पूर्वांचली मतदाताओं को लुभाने के लिए छठ पूजा के मौके पर प्रधानमंत्री मोदी वासुदेव घाट जाएंगे और डुबकी लगाएंगे। उन्होंने कहा, यमुना का पानी प्रदूषित है इसलिए पीने के पानी की पाइप लाइन से एक नकली घाट बनाया जा रहा है।

### भाजपा ने दी प्रतिक्रिया

भारद्वाज के इस खुलासे पर भाजपा की प्रतिक्रिया भी सामने आई है। भाजपा प्रवक्ता परवीन शंकर कपूर ने लिखा, 'मैंने सुबह ही कह दिया था कि आप कोई खुलासा नहीं कर पाएगी और वो ही हुआ। सौरभ भारद्वाज की प्रेस कांफ्रेंस कुछ ऐसी थी कि खोदा पहाड़ निकली चुहिया - वो भी मरी हुई।' उन्होंने कहा, 'भाई सौरभ हार की हताशा में इतना बौखला गये हो कि अब छठी मैय्या के पूजन की व्यवस्थाओं का भी विरोध करने लगे।

दिसंबर माह से शुरू होगी वसूली

# अब उत्तराखंड में बाहरी वाहनों से वसूला जाएगा ग्रीन टैक्स

एजेंसी ▶▶| हराद्रून

उत्तराखंड सरकार ने राज्य में बढ़ते प्रदूषण और सड़कों पर वाहनों की भीड़ को नियंत्रित करने के लिए दूसरे राज्यों से आने वाले वाहनों पर "ग्रीन सेस" टैक्स लगाने का फैसला किया है। यह नियम दिसंबर 2025 से लागू किया जाएगा। सरकार का कहना है कि यह कदम पर्यावरण संरक्षण, सड़क सुरक्षा और शहरी परिवहन सुधार की दिशा में एक बड़ा प्रयास है। अगर कोई वाहन उत्तराखंड में प्रवेश करने के 24 घंटे के भीतर दोबारा राज्य में प्रवेश करता है, तो उसे ग्रीन सेस दोबारा नहीं देना होगा। इसके लिए पेमेंट सिस्टम को नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया से अनुमोदन मिल

### इन वाहनों को मिलेगी छूट



**ग्रीन टैक्स से इन वाहनों को पूरी तरह छूट दी गई है :** दोपहिया वाहन, इलेक्ट्रिक और सीएनजी वाहन। एंबुलेंस। अग्निशमन वाहन व सरकारी वाहन। इन वाहनों पर पर्यावरण को लेकर सकारात्मक असर को देखते हुए ग्रीन सेस नहीं लगाया जाएगा।

### किसे देना होगा ग्रीन सेस?

उत्तराखंड की सीमाओं में प्रवेश करने वाले सभी दूसरे राज्यों के चारपहिया, व्यावसायिक और मालवाहक वाहन को यह टैक्स देना होगा। परिवहन विभाग के मुताबिकः चार पहिया वाहन (कार/जीप) – 80 रुपए प्रति प्रवेश। डिलीवरी वैन – 250 रु. प्रति प्रवेश। भारी वाहन (लोडिंग ट्रक) – 120 रुपए प्रतिदिन। बसें – 140 रुपए प्रति दिन। बड़े ट्रक (आकार के अनुसार) – 140 से 700 रुपए तक।

### एएनपीआर से दर्ज किए जाएंगे नंबर

*राज्य के अतिरिक्त परिवहन आयुक्त सनत कुमार सिंह ने बताया कि राज्य की सीमाओं पर लगाए गए स्वचालित नंबर प्लेट पहचान कैमरे आने वाले वाहनों के पंजीकरण नंबर रिकॉर्ड कर लेंगे। उन्होंने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में पहले से ही 16 कैमरे लगाए गए थे और अब उनकी संख्या बढ़ाकर 37 कर दी गई है। परिवहन विभाग ने ग्रीन टैक्स वसूलने के लिए एक विक्रेता कंपनी भी नियुक्त की है। वही यह काम करेगी।*

झारखंड के सरकारी अस्पताल का कारनामा

# एचआईवी पॉजीटिव खून चढ़ाने से पांच बच्चे हुए संक्रमित

एजेंसी ▶▶| सिंहभूम

झारखंड के पश्चिमी सिंहभूम जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां के चाईबासा के सरकारी अस्पताल में कम से कम 5 बच्चों को संक्रमित खून चढ़ा दिया गया है। इसके बाद ये सभी बच्चे कथित तौर पर एचआईवी संक्रमित हो गए हैं। सभी बच्चे थैलेसीमिया पीड़ित बताए जा रहे हैं। मामला सामने आने के बाज राज्य के स्वास्थ्य विभाग से लेकर प्रशासन में हड़कंप मच गया है। हालांकि जिला सिविल सर्जन डॉक्टर सुशांतो कुमार माझी ने कहा, संक्रमण कैसे फैला, इसकी जांच चल रही है। ये कहना जल्दबाजी होगी कि संक्रमण केवल खून चढ़ाने से हुआ है। एचआईवी संक्रमण संक्रमित सुई या अन्य कारणों से भी हो सकता है। इलाके में इस तरह का पहला मामला तब सामने आया था, जब 18 अक्टूबर को एक बच्चे की एचआईवी रिपोर्ट पॉजिटिव आई। थैलेसीमिया से पीड़ित इस बच्चे को 13 सितंबर को खून चढ़ाया गया था।



### संक्रमित बच्चों की संख्या 5 हुई

मीडिया में खबरें छपने के बाद इस मामले का झारखंड हाई कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया। इसके बाद राज्य एड्स नियंत्रण सोसाइटी की एक टीम ने 25 अक्टूबर को चाईबासा का दौरा किया। इस दौरान जांच में कथित तौर पर 4 और बच्चे एचआईवी संक्रमित पाए गए, जिसके बाद कुल संख्या 5 हो गई। अब प्रशासन पूरे मामले की जांच में जुटा है।

### एक नहीं अलग-अलग ग्रुप का ब्लड पॉजिटिव

मीडिया से बात करते हुए उपायुक्त चंदन कुमार ने कहा, संक्रमित बच्चों को सालों से खून चढ़ाया जा रहा था। सभी बच्चों के ब्लड ग्रुप अलग-अलग हैं यानी ये किसी एक डोनर के खून से संक्रमित नहीं हुए हैं। प्रशासन रक्तदाताओं के डेटाबेस का पता लगा रहा है। यह भी पता लगा रहा है कि कहीं सुई के संक्रमण से तो नहीं हुआ यह सब।

वाशिंगटन पोस्ट की रिपोर्ट के बाद एलआईसी के आंकड़े

# अदाणी की कंपनियों में नहीं, अमेरिकी बीमा फर्मों में एलआईसी का ज्यादा निवेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नई दिल्ली



अदाणी समूह की कंपनियों में भारतीय जीवन बीमा निगम का निवेश भले ही सुर्खियों में हो, लेकिन हालिया आंकड़े बताते हैं कि अरबपति गौतम अदाणी द्वारा नियंत्रित इकाइयों में कुछ सबसे बड़े निवेश सरकारी बीमा कंपनी से नहीं, बल्कि प्रमुख अमेरिकी और वैश्विक बीमा कंपनियों से आए हैं। जून, 2025 में, अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड में भारतीय जीवन बीमा निगम द्वारा 57 करोड़ अमेरिकी डॉलर (5,000 करोड़ रुपए) के निवेश के एक महीने बाद, अमेरिका स्थित एथेन इंश्योरेंस ने अदाणी के मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे में 6,650 करोड़ रुपए (75 करोड़ डॉलर) के ऋण निवेश का नेतृत्व किया, जिसमें कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बीमा कंपनियां शामिल हुईं।

प्रधान न्यायाधीश गवई ने किया ऐलान

# जस्टिस सूर्यकांत बन सकते हैं नए सीजेआई



**नई दिल्ली।** सीजेआई बीआर गवई 23 नवंबर को अपने पद से रिटायर होने जा रहे हैं। नियम के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट और हाई कोर्ट में चीफ जस्टिस के बाद सबसे वरिष्ठ जज को यह पद मिलता है। इसकी सिफारिश मौजूदा सीजेआई करते हैं। सीजेआई बीआर गवई ने भी ऐलान कर दिया है कि अगले सीजेआई उनके बाद सबसे वरिष्ठ जज जस्टिस सूर्यकांत होंगे। सोमवार को सीजेआई बीआर गवई केंद्र सरकार को अगले सीजेआई के तौर पर जस्टिस सूर्यकांत के नाम की सिफारिश करने वाले हैं। भूटान दौरे पर गए सीजेआई गवई ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि उनके ऑफिस को केंद्र सरकार से अगले सीजेआई के लिए सिफारिश मांगना वाला संदेश प्राप्त हुआ है।

सूर्य की उपासना का लोकपर्व छठ महापर्व शुरू

# रविवार को मनाया खरना, आज देंगे अस्तगामी सूर्य को अर्घ्य

## निर्जला उपवास रख प्रसाद के रूप में खीर, रोटी, फल खाया

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

चार दिन तक चलने वाले सूर्य की उपासना के लोकपर्व छठ महापर्व की शुरुआत शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गई। व्रती महिलाओं, पुरुषों ने सूर्योदय से पहले उठकर नदी, सरोवर में स्नान किया। अब रविवार को खरना में प्रसाद तैयार किया। अगले दिन सोमवार को डूबते सूर्य और मंगलवार को उगते सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत पूरे विधि विधान से पूरा होगा। स्नान के बाद पूजा स्थल और रसोई की अच्छी तरह से साफ सफाई की गई। घरों में चूल्हा बनाया। रविवार को पंचमी तिथि पर व्रती लोगों ने खरना मनाया। खरना के दिन निर्जला उपवास रखते हुए शाम को पूजा के साथ प्रसाद के रूप में खीर, रोटी, फल खाया। गुड़ की खीर बनाकर छठ मैया को भोग लगाया। पूरा परिवार व आसपास के लोगों ने प्रसाद को ग्रहण किया।





### तीसरे दिन डूबते और चौथे दिन उदयाचलगामी सूर्य को अर्घ्य देंगे

ज्योतिषाचार्यों के मुताबिक छठ पूजा स्थल पर छठ माता और भगवान सूर्य की विशेष रूप से पूजा से पहले घी का दीपक जलाना चाहिए। दूसरे दिन खरना के बाद तीसरे दिन डूबते हुए सूर्य को अर्घ्य दिया जाता है,वहीं छठ पर्व के चौथे और आखिरी दिन (मंगल को) उगते हुए सूर्य को अर्घ्य देकर व्रत का पारण किया जाएगा।


MARUTI SUZUKI
NEXA
INTRODUCTING
GRAND VITARA LIMITED EDITION
EFFECTIVE PRICE OF ₹ 9.99 LAKH*
WITH FESTIVE AND GST OFFERS.
GRAND VITARA
LIMITED EDITION
GET ACCESSORY PACKAGE OF MORE THAN
₹ 75 000#
GRAND VITARA
AMBIENT LIGHT DOOR SILL GUARD (BLACK)
ALL WEATHER 3D MAT
DOOR VISOR PREMIUM (STAINLESS STEEL)
INTERIOR DOOR LIGHTING SOLUTION 4 DOOR
3 years 100 000 km WARRANTY* EXTENDABLE UPTO 6 YEARS
EX. SHOWROOM PRICE OF ₹ 10.77 LAKH (-) ₹ 80 000 EXCHANGE BONUS = ₹ 9.96 LAKH*
NEXA SAFETY SHIELD
SCAN TO CONNECT TO A SHOWROOM NEAR YOU
E-BOOK TODAY @ WWW.NEXAEXPERIENCE.COM
Contact us at
1800-200-6392
1800-102-6392
For detailed T&C kindly visit your nearest dealership. Creative visualization. For details on functioning of safety features, including airbags, kindly refer to the owner's manual. *Cost of Accessories is applicable on Zeta & Alpha variants. All offers are brought to you by NEXA dealers only. Offers may vary subject to the model and variant purchased. All offers are applicable till stocks last. Maruti Suzuki reserves the right to withdraw offers at any point in time without any advance notice. Features and accessories shown may not be a part of the standard fitment. Black glass shade on the vehicle is due to the lighting effect. Limited edition is applicable for Sigma and Delta variants of Grand Vitara. Please visit NEXA showroom for details of the items contained in the limited edition kit.

## चिंतन

# एक बार फिर अमेरिका ने अवैध प्रवासी भारत भेजे

अमेरिका से भेजे गए अवैध भारतीय प्रवासियों को जंजीर लगाए जाने का मामला एक बार फिर तूल पकड़ सकता है। अमेरिका ने 50 युवकों को डिपोर्ट कर दिया है। इनमें से सबसे ज्यादा 16 युवक हरियाणा के करनाल और 14 कैथल जिले के हैं। इससे पहले जनवरी से जुलाई तक भी हरियाणा के 604 युवा डिपोर्ट हुए थे। ये सभी डंकी रूट से अमेरिका में घुसे थे। इनमें से कोई कई-कई साल से अमेरिका में रह रहा था, तो कोई कुछ महीने पहले ही गया। तब से ये युवा विदेश में ही रह रहे थे। इनमें से कुछेक को तो जेल में भी बंद किया हुआ था। डिपोर्ट किए गए सभी लोगों की उम्र 25 से 40 वर्ष के बीच है। इसी साल की जुलाई तक अमेरिका ने 7 महीने में अब तक कुल 1,703 भारतीय नागरिकों को देश से निर्वासित किया है, जिनमें 141 महिलाएं भी शामिल हैं। नागरिकों को अमेरिका से भारत डिपोर्ट किया जाना कोई नया नहीं है। यह लगातार चलता रहता है, लेकिन जिस तरह से ट्रंप प्रशासन बेड़ियों में जकड़कर भारतीयों को वापस भेज रहा है, वो चिंता का विषय है। ऐसे में सवाल ये है कि क्या अमेरिका में भारतीयों के खिलाफ कोई मुहिम चल रही है, जिसे रोकने में सरकार नाकाम रही है? इसका जवाब है, नहीं, ट्रंप सरकार एक व्यापक नीति के तहत अमेरिका में रह रहे अवैध प्रवासियों को उनके देश भेज रही है। ऐसा नहीं है कि सिर्फ भारतीयों को ही निशाना बनाया जा रहा है। अमेरिका दुनिया भर से अवैध रूप से अमेरिका आए नागरिकों को उनके देश वापस भेज रहा है। अमेरिका का कहना है कि अवैध प्रवासियों के कारण कानून व्यवस्था पर असर पड़ रहा है। संयुक्त राज्य अमेरिका में अवैध अप्रवासी वैसे विदेशियों को कहा जाता है कि जो बिना जरूरी दस्तावेज और अनुमति के वहां प्रवेश करते और रहते हैं। इनमें शामिल लोगों का इस प्रकार वर्गीकरण किया जा सकता है। वैसे लोग जो आव्रजन अधिकारी की स्वीकृति के बिना देश में प्रवेश करते हैं। वीजा अवधि या अस्थायी संरक्षित स्थिति की अवधि समाप्त होने के बाद भी जो लोग देश नहीं छोड़ते हैं। देश से निकाले जाने के बाद भी गलत तरीके से देश में प्रवेश करते हैं। अमेरिका की ट्रंप सरकार वीजा ओवर स्टे करने और अस्थायी संरक्षित स्थिति यानी काम करने के लिए अमेरिका में रहने का विशेष अधिकार की अवधि समाप्त होने के बाद भी वहां बने रहने वालों के प्रति सख्त रवैया अपना रही है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि उनकी सरकार देश में अमेरिका फर्स्ट की नीति लागू कर रही है, जिसमें ये अवैध प्रवासी सबसे बड़े बाधक हैं। इनकी वजह से अमेरिका की अर्थव्यवस्था पर खराब असर पड़ता है। इसके लिए डोनाल्ड ट्रंप एक नया कानून लेकर आए हैं, साथ ही उन्होंने जन्मजात नागरिकता को समाप्त करने का आदेश भी दिया है। अमेरिका में चिह्नित किए गए 18 हजार अवैध प्रवासी भारतीय हैं। इनमें से कुछ वीजा ओवर स्टे करके रह रहे हैं, तो कुछ काम करने की अनुमति अवधि समाप्त होने के बाद डंकी रूट से यहां घुसे हैं और रह रहे हैं। असल में हमारे युवाओं को डॉलर की चमक ने आकर्षित किया है। जो कम पढ़े-लिखे हैं, वो डंकी के रास्ते अमेरिका में प्रवेश कर रहे हैं। कुछ युवा ऐसे भी हैं, जिन्हें एजेंट ने लालच देकर विदेशों में पहुंचा दिया। अब अमेरिका सरकार उन्हें खदेड़ रही है। शनिवार को वापस आए अनेक युवा ऐसे हैं, जो अपनी जमीन बेचकर अमेरिका पहुंचे थे, लेकिन अब वापस आ गए। न घर के रहे, न घाट के। इससे अच्छा है कि जो धन अमेरिका जाने के लिए खर्च किया, अगर उसी से देश में कोई कारोबार करते तो बेहतर होता।

## शताब्दी वर्ष

राजेश कुमार



# आरएसएस की समाज बदलाव के कार्यों में अग्रणी भूमिका

कल्पना कीजिए-साल 1925। देश अंग्रेज़ी शासन की बेड़ियों में जकड़ा है, और एक व्यक्ति, नागपुर की भूमि पर 17 लोगों के साथ यह संकल्प लेते हैं- "मैं भारत की आजादी के साथ-साथ हिंदुओं का संगठन करूंगा।" जो संघ की प्रारंभ की प्रतिज्ञा से स्पष्ट है - 'मैं भारत को स्वतंत्र, समृद्ध और वैभवशाली राष्ट्र बनाने के लिए तन, मन, धन अर्पित करूंगा।' उस समय यह विचार न किसी राजनीतिक नारे के रूप में था, न किसी विरोध के आंदोलन के रूप में, बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण का बीज था, जिसे डॉ. केशव बलिराम हेडगेवार ने बोया। आज, सौ वर्ष बाद, वही बीज एक विराट वटवृक्ष का रूप ले चुका है-सेवा, संगठन, संस्कारों और समाज परिवर्तन के विस्तार के रूप में। डॉ. हेडगेवार ने केवल यह नहीं कहा कि समाज का संगठन होना चाहिए, बल्कि यह भी बताया कि यह कैसे संभव है। उन्होंने कोई भाषण या उपदेश मात्र नहीं दिया, बल्कि एक व्यवस्थित पद्धति तंत्र विकसित किया-"शाखा"। यह शाखा केवल शारीरिक व्यायाम का स्थान नहीं थी, बल्कि एक ऐसे राष्ट्रीय पुनर्जागरण का मंच थी, जहां व्यक्ति में अनुशासन, देशभक्ति और सेवा का संस्कार पैदा किया गया। तीसरे सरसंघचालक बाला साहब देवरस के शब्दों में 'जहां हिंदू वहां शाखा -जहां शाखा वहां विजय।' वह कहते थे 'शाखा महिलाओं की सुरक्षा और राष्ट्र की रक्षा की भावना की जीवंत अभिव्यक्ति है।" एक घंटे की यह शाखा समय के साथ व्यक्ति निर्माण से समाज निर्माण की प्रयोगशाला बन गई। आज, जब संगठन अपने शताब्दी वर्ष की ओर अग्रसर है, तो यह देखना अत्यंत प्रेरणादायक है कि डॉ. हेडगेवार का स्वप्न केवल विचारों में सीमित नहीं रहा- वह व्यवहार में बदल चुका है। संघ ने अपने सौ वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्पष्ट कहा है कि "सर्वव्यापी और सर्वस्पर्शी" बनना है। अर्थात संघ का विचार प्रत्येक गांव, बस्ती, व्यक्ति तक पहुंचे। इस लक्ष्य के लिए बनाई गई कार्ययोजना भी उतनी ही व्यावहारिक है। हरियाणा दिसंबर 2025 में प्रत्येक घर (50,000 अधिक) तक संपर्क करना और फरवरी 2026 में हर मंडल (8 से 10 गांवों का समूह) व हर बस्ती (8/10 हजार आबादी) में "हिंदू सम्मेलन" यह केवल आयोजन नहीं, बल्कि समाज को एक सूत्र में बांधने का प्रयास है। केवल कहा नहीं तो उसकी योजना के परिणाम स्वरूप हरियाणा विजयादशमी पर सभी 257 नगरीय इकाइयों की 1443 में से 1398 बस्ती तथा ग्रामीण 882 में से 862 मंडल 6701 में से 4016 गांव के 84519 स्वयंसेवकों ने 2925 घोष वादक, स्वयंसेवक परिवारों से 57065 (9886 महिला) तथा 1062 विशेष व्यक्तित्व-दर्शकों की उपस्तिथि में 1111 कार्यक्रम सम्पन्न किए। हरियाणा जैसे प्रगतिशील राज्य में, जहां किसान, सैनिक, खिलाड़ी और युवक-युवती ऊर्जा का प्रतीक हैं, वहां इस विचार का विस्तार समाज में नई चेतना जगाने का माध्यम बन रहे हैं। यह केवल उत्सव नहीं, बल्कि संघ के सौ वर्ष की दिशा में आत्ममंथन और आत्मनिवेदन है। भविष्य की योजनाओं का आधार है। विजयदशमी का प्रतीक सदैव धर्म की अधर्म पर विजय का रहा है- आज यह विजय है, असंगठन पर संगठन की, उदासीनता पर जागरूकता की, और विघटन पर एकता-एकात्मता-समानता-समर सता की। डॉ. हेडगेवार का दृष्टिकोण देश को सशक्त बनाने के लिए केवल राजनीति नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग में संगठन की भावना आवश्यक है। उन्होंने कभी किसी पद या सत्ता की आकांक्षा नहीं की, उनका एक ही लक्ष्य था, संगठित समाज के माध्यम से सशक्त राष्ट्र।' पथ का अंतिम लक्ष्य नहीं है सिंहासन चढ़ते जाना। सब समाज को लिए साथ में आगे है बढ़ाते जाना।' यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है जितना सौ वर्ष पूर्व था। समाज तभी सशक्त होगा जब उसमें एकता, समरसता, अनुशासन और आत्मविश्वास होगा। शाखा की व्यवस्था ने यही गुण समाज के भीतर गहराई तक पहुंचाए हैं। यह व्यवस्था व्यक्ति को 'मैं' से 'हम' की ओर ले जाती है। जब समाज का प्रत्येक व्यक्ति अपने गांव, बस्ती, मोहल्ले की भलाई के लिए कुछ समय देगा, तब ही राष्ट्र निर्माण की प्रक्रिया सशक्त होगी। डॉ. हेडगेवार का स्वप्न केवल एक संगठन का नहीं था, बल्कि एक राष्ट्रीय चरित्र निर्माण की प्रक्रिया का था। आज जब युवा वर्ग "सेवा, संगठन और समर्पण" के सूत्र को जीवन का आधार बना रहा है, तब यह विश्वास दृढ़ होता है कि आने वाली शताब्दियां भारत की होगी, एक ऐसे भारत की, जो आधुनिकता के साथ अपनी सांस्कृतिक जड़ों में दृढ़ बना रहेगा। डॉ. हेडगेवार का कहा हुआ वाक्य आज इतिहास नहीं, वर्तमान का सजीव सत्य बन चुका है-"संगठित समाज ही सशक्त भारत का आधार है।"

( लेखक प्रांत प्रचार प्रमुख, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ हरियाणा हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

# किसे जनादेश मिलेगा बिहार में



## विस चुनाव

ओमकार चौधरी

बिहार विधानसभ चुनाव में मुख्यतः दो गठबंधनों के बीच मुकाबला है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए और राजद-कांग्रेस-वामदलों-हम पार्टी का महागठबंधन। बहुत प्रतीक्षा, आपसी मतभेदों और रस्साकसी के उपरांत बिहार के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय रेलमंत्री रह चुके लालू यादव के सुपुत्र तेजस्वी यादव को महागठबंधन ने मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है। सत्तारूढ़ एनडीए नीतीश कुमार के नाम और चेहरे को ही आगे करके यह प्रतिष्ठित चुनाव लड़ रहा है। वैसे खुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां भी प्रमुख चेहरे के तौर पर जनता के सामने हैं। बिहार का नतीजा दरअसल, दोनों गठबंधनों के आगे के प्रदर्शनों पर भी असर डालने वाला होगा।

राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले सभी लोगों की निगाहें बिहार पर टिकी हैं। पहले चरण का मतदान छह नवंबर को है और दूसरे-अंतिम चरण का 11 नवंबर को। चौदह को नतीजे आ जाएंगे। पता चल जाएगा कि जनादेश किसके पक्ष में है। सरकार किसकी बनेगी और विपक्षी बैंचों पर कौन विराजमान होगा। मुख्यतः दो गठबंधनों के बीच मुकाबला है। सत्तारूढ़ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन यानी एनडीए और राजद-कांग्रेस-वामदलों-हम पार्टी का महागठबंधन। बहुत प्रतीक्षा, आपसी मतभेदों और रस्साकसी के उपरांत बिहार के मुख्यमंत्री और केन्द्रीय रेलमंत्री रह चुके लालू यादव के सुपुत्र तेजस्वी यादव को महागठबंधन ने मुख्यमंत्री चेहरा घोषित किया है। राहुल गांधी को उनके नाम पर एतराज था। सोलह दिन की वोट अधिकार यात्रा के दौरान भी वह इस सवाल को लगातार टालते रहे कि सीएम चेहरा कौन होगा। सीटों की संख्या आदि को लेकर सहयोगी दलों के बीच अंतिम समय तक तीखे मतभेद बने रहे। सीएम चेहरे के इस नाज़ुक मुद्दे पर भी हालात कुछ ऐसे बन गए थे कि लालू-तेजस्वी को मनाने के लिए राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पटना जाना पड़ा। वह मसला तो सुलझ गया पर मुकेश सहनी को भी डिप्टी सीएम घोषित करना पड़ा।

सत्तारूढ़ एनडीए नीतीश कुमार के नाम और चेहरे को ही आगे करके यह प्रतिष्ठित चुनाव लड़ रहा है। वैसे ख़ुद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी यहां भी प्रमुख चेहरे के तौर पर जनता के सामने हैं। जिस समय बिहार का विधानसभा चुनाव हो रहा है, उसकी पृष्ठभूमि जानना जरूरी है। मई-जून 2024 में हुए लोकसभा चुनाव में मोदी के नेतृत्व वाले एनडीए को जिन राज्यों में कम नुकसान हुआ, उनमें बिहार भी है। चालीस में से तीस सीटें सत्तारूढ़ गठबंधन जीतने में सफल रहा। भाजपा-जदयू को बारह-बारह, लोक जनशक्ति पार्टी (आर) को पांच और जीतन मांझी की 'हम' को एक सीट मिली। राजा चार पर, कांग्रेस तीन पर, वामदल दो सीटों पर सिमट गए। एक निर्दलीय के खाते में चली गई। ऐसे समय जबकि हरियाणा, राजस्थान, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश में सीटों का भारी नुकसान हुआ, बिहार में स्थिति इनके जैसी खराब न होना, बड़ी उपलब्धि थी। कई प्रमुख राज्यों में झटका लगने के कारण भाजपा को 2014 और 2019 की तरह अकेले दम पर पूर्ण बहुमत हासिल नहीं हो सका, जिसकी टीस रिजल्ट के दिन भाजपा मुख्यालय में प्रधानमंत्री के चेहरे और आंखों में भी दिखाई दी थी लेकिन लोकसभा चुनाव के बाद हुए पांच राज्यों के चुनाव में बाजी फिर से पलटती हुई दिखाई दी। जम्मू-कश्मीर में नेशनल कांफ्रेंस और झारखंड में हेमंत सोरेन की सरकारें बनीं जबकि हरियाणा, महाराष्ट्र और दिल्ली में भाजपा की। कांग्रेस का करीब-करीब हर राज्य में बहुत खराब प्रदर्शन रहा। हरियाणा में सबको लग रहा था कि वह वापसी कर सकती है परंतु वहां भी लगातार तीसरी बार भाजपा ने जीत का परचम लहरा दिया। विशेष कर यहां और महाराष्ट्र में कांग्रेस को बहुत भारी निराशा का सामना करना पड़ा।

सच तो यह है कि वह भीतर तक हिल गई। लोकसभा चुनाव से पहले भी कई राज्यों के चुनाव हुए, जिनमें कांग्रेस का प्रदर्शन उसके नेतृत्व की अपेक्षा के अनुरूप नहीं रहा। कहीं दो, कहीं तीन और कहीं कहीं चार दशक




से वह देश के कई बड़े राज्यों की सत्ता से बाहर है। इनमें तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, उत्तर प्रदेश, गुजरात और उड़ीसा जैसे महत्वपूर्ण राज्य शामिल हैं। एक धारणा यह भी बन रही है कि जब से राहुल गांधी ने पार्टी की कमान अपने हाथों में लेकर फैसले लेने शुरू किए हैं, तब से उसकी विफलता की दर और बढ़ी है। उनके द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों, अपनाई जा रही नीतियों, अप्रोच, दृष्टि आदि को लेकर भी प्रश्न उठते रहे हैं। जैसे, महाराष्ट्र की पराजय के उपरांत उन्होंने कहा कि लोकसभा के मुकाबले ऐसे बहुत से क्षेत्रों में बेतहाशा मतदाता बढ़ गए, जहां भाजपा ने जीत दर्ज की है। यह अलग बात है कि यह दावा ग़लत साबित हुआ क्योंकि जहां मतदाताओं के नाम जुड़े, ऐसे क्षेत्रों से कांग्रेस और एनसीपी के प्रत्याशियों ने भी जीत दर्ज की। देवेन्द्र फड़नवीस ने कहा कि दोनों चुनाव के बीच मतदाता हमेशा से बढ़ते रहे हैं। उनमें नए मतदाता भी पंजीकरण कराते हैं, जो नौकरीपेशा आते हैं, उनके भी वोट बनते हैं परंतु कांग्रेस और ईको सिस्टम ने इस पर खूब हल्ला किया। नतीजतन, चुनाव आयोग ने चुनाव से पहले मतदाता सूची को साफ़-सुथरा बनाने के लिए बिहार में एसआईआर का फैसला ले लिया तो इस पर कांग्रेस, राजा और दूसरे दलों ने यह कहकर हंगामा शुरू कर दिया कि भाजपा और चुनाव आयोग ने मिलकर उनके मतदाताओं के नाम हटाने की साज़िश रची है। बवाल के बावजूद प्रक्रिया पूरी हो गई। अब तो पश्चिम बंगाल सहित पूरे देश में एसआईआर कराने की तैयारी हो रही है। बिहार में सत्तारूढ़ एनडीए गठबंधन विजय को लेकर आश्वस्त दिखाई दे रहा है। पीएम नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सामाजिक कल्याण के जितने कार्य हुए हैं, उनका सर्वाधिक लाभ गरीबों को मिला है। विकास के कार्य भी दिखाई दे रहे हैं। उनका चुनावी अभियान हमेशा नियोजित ही होता है, जिसके सकारात्मक नतीजे भी मिलते रहे हैं। गठबंधन सहयोगियों के साथ संवाद और समन्वय का काम सीधे स्वयं अमित शाह करते हैं, इसलिए कांग्रेस-राजद जैसे तीखे मतभेदों की आशंका न्यूनतम हो जाती है। कांग्रेस-राजद महागठबंधन में इसके उलट सिर फुटौव्वल कुछ अधिक ही दिखती है। इस बार भी नामांकन की अंतिम तिथि तक साफ़ नहीं था कि कौन कितनी सीट पर लड़ेगा। इससे आश्चर्यजनक बात और क्या होगी कि प्रधानमंत्री, गृहमंत्री लेकर मुख्यमंत्री तक चुनावी अभियान पर निकल चुके हैं परंतु महागठबंधन के स्टार प्रचारक माने जा रहे राहुल गांधी का कोई अता-पता ही नहीं है। यह जानकारी भी नहीं है कि वो चुनाव प्रचार करेंगे अथवा नहीं। विशेष कर कांग्रेस के लिए यह परिस्थितियां और मुश्किलें खड़ी कर देती हैं।

पहले ही राहुल की इसके लिए आलोचना हो रही है कि जब सीटों, प्रत्याशियों, समन्वय-संवाद करना था, चुनाव अभियान, रणनीति, और मुद्दों पर चर्चा होनी थी, तब वो विदेश यात्रा पर निकल गए। वह पार्टी के प्रदर्शन और राज्यों में जीत के प्रति कितने संजीदा या आश्वस्त हैं. इसे लेकर भी प्रश्न खड़े होते रहे हैं। वैसे, बिहार उन कुछ अहम राज्यों में से एक है, जहां कांग्रेस तीस-पैंतीस साल से सत्ता से बाहर है। यानी उसका अपना मुख्यमंत्री या सरकार जहां नहीं बने हैं। कहा जा रहा है कि जब से उन्होंने कांग्रेस के फैसले लेने शुरू किए हैं, पार्टी तीन लोकसभा सहित राज्य विधानसभाओं के नब्बे से अधिक चुनाव हार चुकी है। इन हारों में दो राष्ट्रपति चुनाव, तीन उप राष्ट्रपति चुनाव, तीन लोकसभा स्पीकर चुनाव भी जोड़ लें तो यह संख्या सौ तक पहुंच रही है। काफी समय से बिहार में कांग्रेस का प्रदर्शन कुछ विशेष नहीं रहा है परंतु लालू की पार्टी का वहां एक वोट बैंक है परंतु जिस तरह के हालात बनते हुए दिख रहे हैं, उनमें उसकी राह भी आसान नहीं दिख रही। बिहार का नतीजा दरअसल, दोनों गठबंधनों के आगे के प्रदर्शनों पर भी असर डालने वाला होगा।

( लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

## कर्मों से उपार्जित सुख




संकलित

**दर्शन**

संसार के सारे क्रियाकलाप, मानव-समाज में हो रही गति, यह सब केवल मन का ही खेल है। मनुष्य की इच्छा शक्ति का प्रकाश मात्र है। अनेक प्रकार के यंत्र, युद्धपोत आदि सभी मनुष्य की इच्छा शक्ति के विकास मात्र हैं। मनुष्य की यह इच्छाशक्ति चरित्र से उत्पन्न होती है और वह चरित्र कर्मों से गठित होता है। अतएव कर्म जैसा होगा, इच्छाशक्ति का विकास भी वैसा ही होगा। संसार में प्रबल इच्छा शक्ति संपन्न जितने महापुरुष हुए हैं, वे सभी उत्कृष्ट कर्मी थे। उनकी इच्छाशक्ति ऐसी थी कि वे संसार को भी उलट-पुलट कर सकते थे। यह शक्ति उन्हें युग-युगांतर तक निरंतर कर्म करते रहने से प्राप्त हुई थी। बुद्ध एवं ईसा मसीह में जैसी प्रबल इच्छाशक्ति थी, वह एक जन्म में प्राप्त नहीं की जा सकती और उसे हम आनुवंशिक शक्तिसंचार भी नहीं कह सकते, क्योंकि हमें ज्ञात है कि उनके पिता कौन थे। हम नहीं कह सकते कि उनके पिता के मुंह से मनुष्य जाति की भलाई के लिए शायद कभी एक शब्द भी निकला हो। जोसेफ (ईसा मसीह के पिता) के समान तो असंख्य बढ़ई आज भी हैं, बुद्ध के पिता के सदृश लाखों छोटे-छोटे राजा हो चुके हैं। अतः यदि वह बात केवल आनुवंशिक शक्तिसंचार के कारण हुई हो, तो इसका स्पष्टीकरण कैसे कर सकते हैं कि इस छोटे से राजा को, जिसकी आज्ञा का पालन शायद उसके स्वयं के नौकर भी नहीं करते थे। ऐसा एक सुंदर पुत्र-रत्न लाभ हुआ, जिसकी उपासना लगभग आधा संसार करता है?

## महिला के शुभ कदम



संकलित

**प्रेरणा**

एक आदमी ने दुकानदार से पूछा- केले और सेवफल क्या भाव लगाए है? दुकानदार- केले 20 रु. दर्जन और सेव 100 रु. किलो। उसी समय एक गरीब-सी औरत दुकान में आई और बोली मुझे एक किलो सेव और एक दर्जन केले चाहिए, क्या भाव है? भैया दुकानदार- केले 5 रु. दर्जन और सेब 25 रु. किलो। औरत ने कहाः जल्दी से दे दीजिए। दुकान में पहले से मौजूद ग्राहक ने खा जाने वाली निगाहों से घूरकर दुकानदार को देखा, इससे पहले कि वो कुछ कहता, दुकानदार ने ग्राहक को इशारा करते हुए थोड़ा सा इंतजार करने को कहा। औरत खुशी खुशी खरीदारी करके दुकान से निकलते हुए बड़बड़ाई हे भगवान तेरा लाख लाख शुक्र है, मेरे बच्चे फलों को खाकर बहुत खुश होंगे। औरत के जाने के बाद, दुकानदार ने पहले से मौजूद ग्राहक की तरफ देखते हुए कहा- ईश्वर गवाह है, भाई साहब मैंने आपको कोई धोखा देने की कोशिश नहीं की। यह विधवा महिला है, जो चार अनाथ बच्चों की मां है। किसी से भी किसी तरह की मदद लेने को तैयार नहीं है। मैंने कई बार कोशिश की है और हर बार नाकामी मिली है। तब मुझे यही तरीकीब सूझी है कि जब कभी ये आए तो, मै उसे कम से कम दाम लगाकर चीज़े दे दूँ। मैं यह चाहता हूँ कि उसका भरम बना रहे और उसे लगे कि वह किसी की मोहताज नहीं है। इस तरह भगवान के बन्दो की पूजा कर लेता हूँ। थोड़ा रूक कर दुकानदार बोला- यह औरत हफ्ते में एक बार आती है। भगवान गवाह है, जिस दिन यह आ जाती है उस दिन मेरी बिक्री बढ़ जाती है और उस दिन परमात्मा मुझपर मेहरबान हो जाता है।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### अनूठा लोक पर्व है छठ पूजा

भारत की सांस्कृतिक चेतना में कुछ पर्व ऐसे हैं, जिनमें लोक, धर्म, प्रकृति और तपस्या का अद्भुत संगम दिखाई देता है। छठ महापर्व उन्हीं में से एक है। यह एक ऐसा पर्व है जो अब किसी एक क्षेत्र की सीमाओं में नहीं बंधा बल्कि भारतीय आस्था के विशाल सागर में अपनी गहरी जड़ें जमा चुका है। वास्तव में यह आत्मशुद्धि, संयम और कृतज्ञता की वह साधना है, जिसमें मनुष्य सूर्य और प्रकृति के प्रति अपनी निष्ठा प्रकट करता है। बिहार, झारखण्ड, पूर्वी उत्तर प्रदेश और नेपाल के तराई क्षेत्रों से शुरू होकर अब यह पर्व देश और विदेश के असंख्य भारतीयों के जीवन का अभिन्न हिस्सा बन चुका है। चार दिनों तक चलने वाला यह महापर्व कार्तिक शुक्ल चतुर्थी से आरंभ होकर षष्ठी और सप्तमी को चरम पर पहुंचता है। - *मनोज सिंह, रायगढ़*

## ट्रेंड

### संस्कृत को नई प्राणवायु



यह बहुत प्रसन्नता की बात है कि हमारी संस्कृति और सोशल मीडिया की दुनिया से आज संस्कृत को एक नई प्राणवायु मिल रही है। इस दिशा में हमारे कई युवा साथी जिस तरह के रोचक प्रयास कर रहे हैं, वो बेहद प्रेरणादायी हैं।

- **नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### अब डर नहीं, न्याय चाहिए



महाराष्ट्र के सतारा में बलात्कार और उत्पीड़न से तंग आकर डॉ. संपदा मुंडे की आत्महत्या किसी भी सभ्य समाज की अंतरात्मा को झकझोर देने वाली त्रासदी है। हम न्याय की इस लड़ाई में पीड़ित परिवार के साथ मज़बूती से खड़े हैं। भारत की हर बेटी के लिए - अब डर नहीं, न्याय चाहिए।

- **राहुल गांधी, सांसद, कांग्रेस**

### बिहार की ज़मीन



तेजस्वी यादव के मुताबिक़ उनकी सरकार बनने पर हर एक घर से अगर एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाएगी, तब तो पूरे बिहार की सारी ज़मीन पर बैनामा उनके परिवार का हो जाएगा।

-**केशव प्रसाद मौर्य, डिप्टी सीएम, उप्र**

### राज्य प्रायोजित हत्या



चाईबासा सदर अस्पताल में थैलेसीमिया से पीड़ित 5 मासूम बच्चों को "संक्रमित खून" चढ़ाया गया और अब सभी बच्चे एचआईवी पॉज़िटिव पाए गए। अगर इनकी मृत्यु हो जाती है तो, यह सिर्फ लापरवाही नहीं, राज्य प्रायोजित हत्या कहलाएगी।

- **बाबूलाल मरांडी, पूर्व सीएम, झारखंड**

## करंट अफेयर

### भगवद्गीता आधुनिक विश्व के लिए 'ज्ञान का अमृत' है


भगवद्गीता 'ज्ञान का अमृत' और 'भारतीय सभ्यता का लघु इतिहास' है जो आधुनिक समय में लोगों के सामने आने वाली आध्यात्मिक और भौतिक दुविधाओं का समाधान करती है। यह बात प्रसिद्ध चीनी विद्वानों ने प्राचीन भारतीय ग्रंथ की सार्वजनिक तौर पर प्रशंसा में कही जो अपने आप में एक दुर्लभ मामला है। यहां शनिवार को भारतीय दूतावास द्वारा आयोजित 'संगमम - भारतीय दार्शनिक परंपराओं का संगम' विषय पर एक संगोष्ठी में भगवद्गीता पर बोलते हुए चीनी विद्वानों ने गीता को भारत का दार्शनिक विश्वकोश बताया और भौतिक एवं आध्यात्मिक गतिविधियों के बीच सामंजस्य स्थापित करने की इसकी कालातीत अंतर्दृष्टि पर प्रकाश डाला। इस कार्यक्रम के मुख्य वक्ता 88 वर्षीय प्रोफेसर झांग बाओशेंग थे, जिन्होंने भगवद्गीता का चीनी भाषा में अनुवाद किया है। गीता को एक आध्यात्मिक महाकाव्य और भारत का दार्शनिक विश्वकोश बताते हुए, उन्होंने कहा कि इसका अनुवाद आवश्यक था क्योंकि यह भारत के आध्यात्मिक दृष्टिकोण - कर्तव्य, कर्म और वैराग्य के प्रति उसके विचारों - को प्रकट करता है, जो आज भी भारतीय जीवन को आकार देते हैं।




## ऑफ बीट

### मनुष्यों के पास होती है आंतरिक चंद्र घड़ी

मनुष्यों और ज्यादातर जानवरों में एक आंतरिक चंद्र घड़ी होती है, जो चंद्रमा की 29 .5-दिवसीय लय के अनुसार संचालित होती है। यह घड़ी कई प्रजातियों की नींद, प्रजनन और प्रवासन की प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। लेकिन कृत्रिम प्रकाश के युग में, यह प्राचीन संकेत लुप्त होता जा रहा है - शहरों की रोशनी, स्क्रीन और उपग्रहों की चमक में धुंधला पड़ता जा रहा है। जिस प्रकार सर्केडियन लय पृथ्वी के 24 घंटे के घूर्णन के साथ समय का ध्यान रखती है, उसी प्रकार कई जीव चंद्रमा की धीमी लय का भी ध्यान रखते हैं। सर्केडियन लय लगभग 24 घंटे की एक आंतरिक जैविक घड़ी है जो नींद और जागने के चक्र समेत शारीरिक प्रक्रियाओं को नियंत्रित करती है। दोनों प्रणालियां प्रकाश के संकेतों पर निर्भर करती हैं और हाल में महिलाओं के मासिक चक्रों का विश्लेषण करने वाले एक अध्ययन से पता चला है कि जैसे-जैसे पृथ्वी कृत्रिम रोशनी से अधिक उजली होती जा रही है, वैसे-वैसे वे प्राकृतिक भिन्नताएं, जिन्होंने कभी जैविक समय की संरचना तय की थी, अब धुंधले पड़ते जा रहे हैं। कई शोध बताते हैं कि चंद्र चक्र (लूनर साइकिल) अब भी मानव नींद को प्रभावित करता है।



## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।

## टीवी मसाला



# सतीश को साराभाई वर्सेस साराभाई की टीम ने दी अंतिम विदाई...

**नई दिल्ली।** 25 अक्टूबर को सीनियर एक्टर सतीश शाह ने इस दुनिया को अलविदा कहा। उनके निधन की वजह किडनी फेलियर बताई गई। 26 अक्तूबर को उनका अंतिम संस्कार किया गया और उन्हें अंतिम विदाई दी गई। इस मौके पर उनके पॉपुलर शो 'साराभाई वर्सेस साराभाई' की लीड कास्ट भी उन्हें श्रद्धांजलि देने साथ आई और उन्हें आखिरी सैल्यूट देते हुए अपने शो का टाइटल ट्रैक 'साराभाई वर्सेज साराभाई' गाया। इस गाने को गाते हुए रुपाली गांगुली बुरी तरह इमोशनल दिखीं और गाना खत्म होने के बाद तो वो खुद को संभाल ही नहीं पाईं। वहां मौजूद हर एक शख्स की आंखें नम थीं। राजेश कुमार भी खुद को संभालने के हालात में नहीं थे। सतीश शाह के निधन के बाद जब उनसे बात की गई तो उन्होंने कहा कि उन्हें ऐसा लग रहा है जैसे कि उन्होंने अपने पिता को खो दिया है। अनुपम खेर ने भी एक वीडियो शेयर कर सतीश के प्रति अपना प्यार और उनके निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया। अनुपम खेर ने बताया कि सतीश सेट पर हमेशा सभी को हंसाया करते थे और जनरल नॉलेज के मामले में तो कोई उनका सानी नहीं था। वह हर एक सवाल पर जवाब देते थे. शायद ही कभी ऐसा हुआ हो जब वो जवाब देने में नाकाम रहे हों। सतीश के दोस्त सचिन पिलगांवकर ने बताया कि उन्होंने किडनी ट्रांसप्लांट केवल इसलिए करावाया था, क्योंकि वे अपनी जिंदगी बढ़ाना चाहते थे ताकि पत्नी मधु शाह की देखभाल कर सकें। क्योंकि, उनकी पत्नी अल्जाइमर से जूझ रही हैं।

## मृदुल की हरकत पर आगबबूला हुए सलमान



**नई दिल्ली।** हर हफ्ते शनिवार-रविवार को बिग बॉस 19 में वीकएंड का वार होता है, जिसमें शो के होस्ट सलमान खान आते हैं और प्रतियोगियों की हफ्ते भर की रिपोर्ट पेश करते हैं। शनिवार को अभिनेता ने कंटेस्टेंट को जमकर फटकार लगाई, जिसमें एक्टर सबसे ज्यादा मृदुल तिवारी पर भड़के। इसके अलावा सलमान ने मृदुल की हरकतों पर कहा कि बिग बॉस के घर में किसी की जान जा सकती थी। सलमान खान ने वीकएंड का वार में मृदुल तिवारी से कहा, 'आपने जो किया वो मजाक नहीं था। आपने पहले खुद अशनूर को छेड़ा, कि वो आपको पूल में डाले। फिर आप माइक निकालकर खुद तैयार हो गए। जब अशनूर ने ये किया तो आपने बदला लेना चाहा। मैं आपके बचकाने गेम्स के बारे में बीच में नहीं बोलता। लेकिन, आपके गेम्स की वजह से ना ही सिर्फ माइक्स खराब हुए, बल्कि आपने अशनूर पर तब पानी डाला जब उनके हाथ में एक हेयर ड्रायर था।' सलमान खान ने आगे कहा, 'आपको पता नहीं है कि हेयर ड्रायर में पानी चला जाता, तो क्या हो सकता था।'

# कांतारा-2 बनी साल की सबसे कमाऊ फिल्म, 'छावा' का रिकॉर्ड तोड़ा




**मुंबई।** ऋषभ शेट्टी अभिनीत फिल्म 'कांतारा चैप्टर 1' ने अपने नाम एक और उपलब्धि दर्ज कर ली है। यह इस साल रिलीज होने वाली फिल्मों में नंबर वन की कुर्सी पर काबिज हो चुकी है। विक्की कौशल अभिनीत 'छावा' को धकेलकर 'कांतारा 2' ने यह स्थान कब्जाया है। अब तक 'छावा' इस साल की नंबर वन फिल्म थी। मगर, अब 'कांतारा चैप्टर 1' ने यह जगह छीन ली है।

***25 दिनों में किया करिश्मा :*** 'कांतारा चैप्टर 1' फिल्म 2 अक्टूबर को थिएटर्स में रिलीज हुई थी। वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के मामले में यह फिल्म पहले नंबर पर आ गई है। प्राप्त आंकड़ों में इसने अब तक 867 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन जुटा लिया है। फिल्म ने यह कारनामा अपनी रिलीज के 25 दिन के भीतर कर दिखाया है।

***टॉप 10 की लिस्ट में चार हिंदी फिल्में शामिल :*** इस साल सबसे ज्यादा कमाई करने वाली टॉप 10 भारतीय फिल्मों में अब 'छावा' दूसरे नंबर पर हो गई है। वहीं, इस साल युवाओं के बीच लोकप्रियता बटोरने वाली 'सैयारा' 579.23 करोड़ रुपये वर्ल्डवाइड ग्रॉस कलेक्शन के साथ तीसरे नंबर पर है। टॉप 10 की लिस्ट में सिर्फ चार हिंदी फिल्मों ने उपस्थिति दर्ज की है। इनमें- छावा, सैयारा, वॉर और सितारे जमीन पर का नाम शामिल है।

**भारतीय बॉक्स ऑफिस पर जलवा कायम:** भारतीय बॉक्स ऑफिस पर भी 'कांतारा चैप्टर 1' धुआं उड़ा रही है। यह फिल्म 600 करोड़ क्लब में एंट्री लेने वाली है। सैकनिल्क की रिपोर्ट के मुताबिक अब तक भारत में इसने 583.92 करोड़ रुपये का नेट कलेक्शन कर लिया है। यह फिल्म साल 2022 में आई ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' का ही प्रीक्वल है।

# लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्र्स में रैपर बैड का दबदबा

**लॉस एंजिल्स।** मियामी के मंच पर इस साल लैटिन संगीत का सबसे बड़ा उत्सव देखने को मिला। साल 2025 के लैटिन बिलबोर्ड म्यूजिक अवॉड्र्स में जब विजेताओं की घोषणा हुई तो हर तरफ एक ही नाम सुनाई दे रहा था। वो नाम है- बैड बनी। जी हां, मशहूर रैपर बैड बनी ने एक ही रात में 11 अवॉड्र्स जीतकर यह साबित कर दिया कि लैटिन म्यूजिक की दुनिया में वो बहुत आगे निकल चुके हैं।

***बैड बनी को मिले कौन-कौन से अवॉड्र्स?*** : दुनियाभर में 'टीटी मे प्रेगुंतो'जैसे गानों के लिए पहचान बना चुके रैपर बैड बनी ने इस दौरान आर्टिस्ट ऑफ द ईयर, सॉन्गराइटर ऑफ द ईयर और टॉप लैटिन एल्बम जैसे बड़े खिताब अपने नाम किए। उनका हालिया एल्बम देबी तिरार मास फोटोज दर्शकों के बीच रिकॉर्ड तोड़ लोकप्रियता हासिल कर चुका है और अब अवॉड्र्स ने उसकी सफलता पर मुहर लगा दी है। केवल बैड बनी ही नहीं, बल्कि लैटिन म्यूजिक के दूसरे सितारे भी इस रात अपनी चमक बिखेरते नजर आए। राउ एलेजांद्रो को कई अहम श्रेणियों में फाइनलिस्ट घोषित किया गया, जिनमें आर्टिस्ट ऑफ द ईयर और टूर ऑफ द ईयर जैसी कैटेगरी शामिल थीं। वहीं, करोल जी ने भी अपने लोकप्रिय गीत 'सी आंतेस ते उबिएरा कोनोसीदो' के लिए पांच नामांकन हासिल किए और छह अवॉड्र्स जीतकर महिलाओं के वर्ग में इतिहास रच दिया।



## बैड ने जीत के बाद क्या कहा?

इस अवॉर्ड नाइट की खास बात यह रही कि लैटिन म्यूजिक ने न सिर्फ अपनी परंपरा बल्कि आधुनिकता का भी संगम पेश किया। मंच पर जब बैड बनी ने अपनी जीत का आभार व्यक्त किया, तो उन्होंने कहा, 'ये अवॉड्र्स सिर्फ मेरे नहीं हैं, ये उन सभी कलाकारों के हैं जो लैटिन संगीत को विश्व मंच पर ले जा रहे हैं।' वहीं इस दौरान करोल जी ने भी मंच से कहा कि लैटिन महिलाओं के लिए यह दौर नया इतिहास लिखने का है- जहां आवाजें सीमाओं से परे जा रही हैं।

## प्रमुख श्रेणियों के विजेताओं की सूची

| अवॉर्ड श्रेणी | विजेता |
|---|---|
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (न्यू) | नेटन वेगा |
| टूर ऑफ द ईयर | शकिरा |
| क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बेनी ब्लांको |
| ग्लोबल 200 लैटिन आर्टिस्ट ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| ग्लोबल 200 लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | कारोल जी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग ऑफ द ईयर | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (पुरुष) | बैड बनी |
| हॉट लैटिन सॉन्ग्स आर्टिस्ट ऑफ द ईयर (महिला) | कारोल जी |

## शकिरा को 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड

शकिरा, जिनकी टूरिंग स्टाइल और मंच पर उपस्थिति आज भी दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर देती है, उन्हें इस दौरान 'टूर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड मिला। वहीं बेनी ब्लांको को क्रॉसओवर आर्टिस्ट ऑफ द ईयर का सम्मान मिला, जिन्होंने लैटिन और मुख्यधारा संगीत को आपस में जोड़ने में काफी अहम भूमिका निभाई है।

## लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक भोजपुरी इंडस्ट्री में भी छाई हुई है पूरी तरह

# साड़ी पहन अक्षरा ने किया नहाय खाय, पवन ने जोड़े हाथ


***मुंबई। भक्ति, आस्था और लोकगीतों से सजे छठ महापर्व की रौनक इस बार भोजपुरी इंडस्ट्री में भी पूरी तरह छाई हुई है। जैसे ही घाटों पर छठी मैया के गीत गूंजे, वैसे ही सोशल मीडिया पर भोजपुरी सितारों के वीडियो और तस्वीरें वायरल होने लगी। पवन सिंह, अक्षरा सिंह, आम्रपाली दुबे, दिनेश लाल यादव निरहुआ और काजल राघवानी जैसे कलाकार इस बार भी अपने-अपने अंदाज में भक्ति की छटा बिखेरते दिखे।***

## गानों से बढ़ाई श्रद्धा की मिठास

भोजपुरी सिनेमा के पावर स्टार पवन सिंह हर साल की तरह इस बार भी छठ महापर्व पर अपने नए गीतों के साथ हाजिर हुए। उन्होंने दो गाने रिलीज किए- 'घाट चले मोदी-नीतीश' और 'कौन कलमवां से लिखलवा करमवां'। गाने रिलीज होते ही सोशल मीडिया पर छा गए। पवन सिंह ने पोस्ट शेयर करते हुए लिखा, 'जय छठी मइया, सब पर कृपा बनाकर रखना।' उनके गीतों की लोकप्रियता इतनी है कि हर घाट पर अब उनके सुर गूंज रहे हैं। भक्ति और लोकधुन का यह संगम उनके फैंस के लिए किसी तोहफे से कम नहीं।

## साझा किया नहाय खाय का वीडियो

भोजपुरी की लोकप्रिय अदाकारा अक्षरा सिंह ने एक बार फिर अपनी सादगी और श्रद्धा से लोगों का दिल जीत लिया। इस बार वह छठ पूजा में पारंपरिक साड़ी, मांग में सिंदूर और माथे पर बिंदी लगाए दुल्हन की तरह सजीं। अक्षरा ने इंस्टाग्राम पर वीडियो साझा करते हुए लिखा- नहाय-खाय छठ पूजा की आध्यात्मिक यात्रा की पहली सीढ़ी है।



## आम्रपाली और निरहुआ का इमोशनल वीडियो

इस बार छठ पर्व पर रिलीज हुआ आम्रपाली दुबे और दिनेश लाल यादव निरहुआ का म्यूजिक वीडियो सोशल मीडिया पर तहलका मचा रहा है। रिलीज के कुछ ही घंटों में इसे 2 मिलियन से ज्यादा व्यूज मिल चुके हैं। वीडियो में आम्रपाली एक गर्भवती महिला की भूमिका में नजर आती हैं, जो अपने बच्चे की सलामती के लिए छठी मैया से प्रार्थना करती है। गाने की कहानी, भावनाएं और लोकधुन दर्शकों को रुला देने वाली है। यही वजह है कि लोग इसे 'साल का सबसे भावनात्मक छठ गीत' कह रहे हैं।


इस दिन व्रती मां छठी और सूर्य देव से आशीर्वाद मांगती हैं कि आने वाले चार दिनों तक वे नियम, भक्ति और शुद्धता बनाए रखें। यह आस्था का वह क्षण है जहाँ हर व्रती अपने जीवन की नकारात्मकता को पीछे छोड़, नवऊर्जा के साथ नई शुरुआत करती है।

## काजल राघवानी ने बताया छठ का अर्थ

भोजपुरी इंडस्ट्री की एक और चर्चित एक्ट्रेस काजल राघवानी ने इस बार अपने सोशल मीडिया वीडियो में छठ के महत्व को बड़ी खूबसूरती से समझाया। उन्होंने कहा कि, "छठ मेरे लिए सिर्फ त्योहार नहीं, बल्कि एक भावनात्मक रिश्ता है जो मुझे मेरी मिट्टी, मेरे बचपन और मेरी मां से जोड़ता है।" उनके इस वीडियो को फैंस ने दिल से अपनाया और खूब शेयर किया।

## भोजपुरी इंडस्ट्री में छठ का उत्सव

हर साल की तरह इस बार भी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री छठ की भक्ति में रंगी हुई नजर आई। सितारों ने अपने-अपने अंदाज में छठी मइया के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। कहीं घाटों पर लोकगीत गूंजे तो कहीं सोशल मीडिया पर गीतों और तस्वीरों का मेला लगा। भोजपुरी कलाकारों का यह जोश और भक्ति भाव बताता है कि ये त्योहार केवल धार्मिक नहीं, बल्कि भावनाओं और संस्कृति का उत्सव है।



# पिंजर की रिलीज को पूरे हुए 22 साल

**नई दिल्ली।** उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी की साल 2003 में फिल्म पिंजर आई थी। रविवार को इस फिल्म की रिलीज को 22 साल पूरे हो चुके हैं। पिंजर बॉलीवुड की बेहतरीन और क्लासिक कल्ट फिल्मों में शामिल है। इसमें उर्मिला मातोंडकर और मनोज बाजपेयी ने अपने शानदार अभिनय से खूब वाहवाही लूटी थी। पिंजर को क्रिटिक्स ने खूब सराहा था। इसे काफी पसंद किया गया था। इसका निर्देशन चाणक्य जैसा कालजयी सीरियल बनाने वाले डायरेक्टर चंद्र प्रकाश द्विवेदी ने किया था। फिल्म 1947 में भारत-पाकिस्तान के बंटवारे पर आधारित थी। 22 साल पहले आई इस फिल्म में कलाकारों के अभिनय को काफी सराहा गया था. अगले साल इसने फिल्मफेयर अवॉर्ड भी जीता था। लेकिन, बॉक्स-ऑफिस पर ये मूवी औंधे मुंह गिरी थी।

# करण की फिल्म से बॉलीवुड में डेब्यू करेंगे भुवन बाम...



**मुंबई।** यूट्यूबर से अभिनेता बने भुवन बाम अब ओटीटी के बाद अब बॉलीवुड में अपने बड़े डेब्यू को तैयार हैं। पिछले कुछ वक्त से ऐसी खबरें आ रही थीं कि भुवन बाम करण जौहर के धर्मा प्रोडक्शन की फिल्म से बॉलीवुड में अपना डेब्यू करने जा रहे हैं। अब खुद भुवन बाम ने ये कंफर्म कर दिया है और अपने इस बिग डेब्यू पर खुशी भी जताई है। भुवन ने इसे अपने लिए सपना सच होने जैसा बताया है। भुवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर धर्मा के साथ साइन किए गए आर्टिस्ट एग्रीमेंट की एक तस्वीर शेयर की और अपने सपने के सच होने पर अपनी खुशी जाहिर की। अपने कैप्शन में उन्होंने सभी से बड़े सपने देखने का आग्रह किया। और कहा कि वे सच होते हैं। भुवन ने लिखा, 'सपने देखो दोस्तों, पूरे हो जाते हैं।'इसके साथ ही उन्होंने लाल दिल और हाथ जोड़े वाले इमोजी का भी इस्तेमाल किया है। चर्चाओं की मानें तो भुवन धर्मा प्रोडक्शंस के बैनर तले बनने वाली करण शर्मा द्वारा निर्देशित रोमांटिक कॉमेडी फिल्म 'कुकू की कुंडली' से डेब्यू कर सकते हैं। इसमें उनके साथ अभिनेत्री वामिका गब्बी प्रमुख भूमिका में नजर आएंगी। भुवन इससे पहले वेब सीरीज 'ताजा खबर' में काम कर चुके हैं।





# ये रोमांटिक गीत दिल को पहुंचाता है सुकून

**नई दिल्ली।** मशहूर सिंगर हेमलता के गानों के करोड़ों लोग फैन हैं, उन्होंने भारतीय सिनेमा को कई बेहतरीन और यागदार गानों की सौगात दी है। 1978 में आए इस गाने को सिंगर हेमलता ने अपनी आवाज से सजाया था और रविंद्र जैन ने लिखा और इसे कंपोज किया था। यह गाना सचिन पिलगांवकर और रंजीता कौर पर फिल्माया गया था। गाने को उस वक्त जितना पसंद किया गया था यह आज भी उतना ही लोगों के दिलों पर राज करता है। हम जिस गाने की बात कर रहे हैं वो है अंखियों के झरोखों से। जी हां अंखियों के झरोखों से एक ऐसा गाना है जिसे आज की जनरेशन भी उतना ही पसंद करती है। इस गाने को अब तक यूट्यूब पर 228 मिलियन व्यूज मिल चुके हैं जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि यह सॉन्ग आज भी कितना पॉपुलर है।

# जागेश्वर धाम मंदिर में रुद्राभिषेक कर लिया आशीर्वाद

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला नैनीताल और अल्मोड़ा में अपने होमस्टेट का आनंद लेती दिखीं। उन्होंने नैनी झील में बोटिंग की, पहाड़ी व्यंजन चखे और जागेश्वर धाम, गोल्ज्यू मंदिर व कैंची धाम आश्रम में दर्शन कर आशीर्वाद लिया। इस दौरान फैंस ने उनके साथ सेल्फी और ऑटोग्राफ भी लिए. उर्वशी ने अपनी आने वाली फिल्मों और साउथ प्रोजेक्ट्स की अपडेट भी साझा की। 31 साल की बॉलीवुड एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला इन दिनों उत्तराखंड की खूबसूरती का आनंद ले रही हैं। रविवार को उर्वशी ने न सिर्फ नैनी झील में बोटिंग का लुत्फ उठाया, बल्कि पारंपरिक पहाड़ी व्यंजन का स्वाद भी चखा। इससे पहले उर्वशी अल्मोड़ा के प्रसिद्ध जागेश्वर धाम मंदिर पहुंचीं, जहां उन्होंने भगवान शिव के ज्योतिर्लिंग के दर्शन किए और रुद्राभिषेक कर आशीर्वाद लिया। उर्वशी रौतेला अल्मोड़ा के चितई गोल्ज्यू मंदिर और कैंची धाम आश्रम भी गई। यहां उर्वशी ने नीम करौरी बाबा के दर्शन किए। इस दौरान उर्वशी ने नैनीझील में वोटिंग का लुफ्त उठाया। उर्वशी को देखने के लिए नैनीझील पर लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी। लोगों ने उर्वशी रौतेला के साथ फोटो भी खींचवाई. इतना ही नहीं, उर्वशी के फैंस उनका ऑटोग्राफ भी लिया। उर्वशी ने अपने फैंस से बातचीत की और बच्चों के साथ समय बिताया, जिससे माहौल और भी उत्साही बन गया। बता दें, उर्वशी का पहाड़ों से हमेशा लगाव रहा है इस लिए वो आकर यहां आती रहती है। उन्होंने कहा कि नैनीताल का शांत वातावरण और मौसम उन्हें बेहद पसंद है। उन्होंने इसे अपना 'नौनिहाल' बताते हुए बचपन की यादों से जोड़कर अपनी भावनाएं साझा कीं। उर्वशी ने कहा कि मेरी माता जी है श्रीमती मीरा रौतेला जी उनका नैनीताल ही बर्थप्लेस नैनीताल ही है। मेरा बचपन नैनीताल में ही बीता है। यहां आकर पूरा इंजॉय कर रहे है। यहां बचपन की यादे ताजा हो गई है।



# केंद्रीय बैंक के रुख से सोने में उथल-पुथल की आशंका : विश्लेषक

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

■ फेड के चेयरमैन पॉवेल के बयान पर होगी खास नजर

अगले हफ्ते घरेलू बाजार में सोने की कीमतें कुछ हद तक स्थिर रह सकती हैं। विशेषज्ञों ने कहा कि निवेशक प्रमुख केंद्रीय बैंकों की बैठकों और वैश्विक व्यापार घटनाओं पर नजर बनाए हुए हैं। उन्होंने कहा कि निवेशक अमेरिकी फेडरल रिजर्व की ब्याज दर नीति और फेड के चेयरमैन जेरोम पॉवेल के बयान पर खास नजर रखेंगे।

जेएम फाइनेंशियल के उपाध्यक्ष प्रणव मेर के अनुसार, ''हाल ही में सोने की कीमतें दस हफ्तों में पहली बार गिर गईं। इसका कारण निवेशकों के मुनाफा वसूली, भारत और चीन में कमजोर मांग तथा मजबूत अमेरिकी डॉलर है। उन्होंने कहा कि भारत में खरीदार कीमतें और गिरने की उम्मीद में कम खरीद रहे हैं, जबकि चीन और सिंगापुर में कम कीमतों ने खरीदारी बढ़ा दी।

## निवेशक वैश्विक व्यापार घटनाओं पर नजर बनाए हुए

### दशक की सबसे तेज छह फीसदी की गिरावट सोने में दर्ज

एमकेए ग्लोबल फाइनेंशियल सर्विसेज की शोध विश्लेषक रिया सिंह ने कहा, ''इस सप्ताह सोने में एक दशक में सबसे तेज छह प्रतिशत से अधिक की गिरावट हुई। यह मुख्य रूप से तकनीकी कारणों से हुई, क्योंकि कीमतें 4,300 डॉलर प्रति औंस के ऊपर टिक नहीं पाईं।''



*एमसीएक्स में दिसंबर डिलीवरी चांदी हुई कम : एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाली चांदी 9,134 रुपये (5.83 प्रतिशत) कम हुई। अंतरराष्ट्रीय बाजार में चांदी 3.02 प्रतिशत गिर गई। रिया सिंह ने कहा, ''चांदी का दीर्घकालिक दृष्टिकोण मजबूत है, क्योंकि सौर ऊर्जा और इलेक्ट्रिक वाहन जैसे उद्योगों में मांग बढ़ रही है।''*

### मजबूत डॉलर ने सोने में निवेश को कम किया

सिंह ने कहा कि अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में आशावाद और मजबूत डॉलर ने सोने में निवेश को सीमित किया। रिया सिंह ने कहा, ''हालांकि कीमतों में गिरावट आई है, लेकिन सोने का दीर्घकालिक नजरिया मजबूत है। अमेरिकी बजटीय घाटा, केंद्रीय बैंकों का डॉलर से दूर होना और भू-राजनीतिक जोखिम सोने के लिए सकारात्मक बने रहेंगे। चांदी में भी हाल ही में तेजी के बाद गिरावट आई।

### एमसीएक्स में दिसंबर सोना डिलीवरी में गिरावट आई

एमसीएक्स पर दिसंबर डिलीवरी वाले सोने के वायदा भाव में 3,557 रुपये की गिरावट आई। एंजेल वन के प्रथमेश माल्या ने कहा, ''सोने में यह गिरावट निवेशकों के मुनाफा वसूली करने और अमेरिका-चीन व्यापार वार्ता में सुधार के संकेतों के कारण आई।

## खबर संक्षेप

### बाजार पूंजीकरण में रिलायंस व टीसीएस को सर्वाधिक लाभ




**नई दिल्ली।** छुट्टियों के कारण कम कारोबारी सत्रों वाले पिछले सप्ताह के दौरान सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से सात का बाजार पूंजीकरण सामूहिक रूप से 1,55,710.74 करोड़ रुपये बढ़ गया। घरेलू शेयर बाजार में सकारात्मक रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज और टीसीएस को सबसे ज्यादा लाभ हुआ।

### सोयाबीन, सरसों तेल में गिरावट, मूंगफली स्थिर



**नई दिल्ली।** बीते सप्ताह तेल-तिलहन बाजार में महंगे दाम पर लिवाली प्रभावित होने से सरसों तेल-तिलहन, आयातकों द्वारा लागत से कम दाम पर बिकवाली करने से सोयाबीन तेल, संभावित सट्टेबाजी की हवा निकलने के बीच मलेशिया में एक सप्ताह से जारी गिरावट के कारण पाम-पामोलीन तथा आवक बढ़ने से बिनौला तेल के दाम में गिरावट दर्ज हुई।

### ओर्कला इंडिया का आईपीओ 29 अक्टूबर को खुलेगा




**नई दिल्ली।** मसाला ब्रांड एमटीआर और ईस्टर्न के स्वामित्व वाली ओर्कला इंडिया ने अपने 1,667 करोड़ रुपये के आईपीओ के लिए 695-730 रुपये प्रति शेयर का मूल्य दायरा तय किया है। आईपीओ 29 अक्टूबर को सार्वजनिक अभिदान के लिए खुलेगा और 31 अक्टूबर को संपन्न होगा। बड़े निवेशक 28 अक्टूबर को बोली लगा पाएंगे।

## टाटा टेक के सीईओ हैरिस ने कहा, हम इस चुनौती से वाकिफ है

# एच-1बी वीजा शुल्क वृद्धि का लघु अवधि में कोई प्रभाव नहीं, भविष्य की योजनाएं बदलेंगी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा अमेरिकी एच-1बी वीजा शुल्क में की गई वृद्धि का टाटा टेक्नोलॉजीज लिमिटेड पर कोई अल्पकालिक प्रभाव नहीं पड़ेगा। हालांकि, कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) और प्रबंध निदेशक वॉरेन हैरिस के अनुसार, इससे भविष्य के लिए संसाधन योजनाओं में बदलाव आएगा।

हैरिस ने कहा कि वैश्विक उत्पाद इंजीनियरिंग और डिजिटल सेवा कंपनी अपनी स्टाफिंग संरचना के कारण (जिसके किसी भी देश में लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी उसी राष्ट्रीयता के हैं) वीजा संबंधी समस्याओं से अन्य 'भारत से बाहर के भारतीय प्रतिस्पर्धियों' की तुलना में कम प्रभावित होती है।

### चीन में चीनी टीम चलाती है कारोबार

हैरिस ने कहा, ''हम एक भारत-बाहर की कंपनी नहीं हैं। हम एक वैश्विक कंपनी थे, और हमारे अधिकांश कर्मचारी विभिन्न क्षेत्रों में उन देशों के नागरिक थे। हमारे अमेरिकी परिचालन को अमेरिकी चलाते हैं। हमारे चीन परिचालन को चीनी टीम चलाती है, जबकि हमारे कई भारतीय प्रतिस्पर्धी भारत से बाहर हैं। उनके लिए वीजा संबंधी समस्याएँ कहीं अधिक हैं।''

किसी भी देश में 70 फीसदी कर्मचारी उसी देश के होते हैं

हम भारत बाहर की कंपनी नहीं एक वैश्विक कंपनी है

हमारे अमेरिकी परिचालन को अमेरिकी लोग चलाते हैं




### निर्णयों का कोई अल्पकालिक प्रभाव नहीं

*हैरिस सितंबर में ट्रंप द्वारा घोषित वार्षिक एच-1बी वीजा शुल्क को बढ़ाकर 1,00,000 अमेरिकी डॉलर करने के सवाल का जवाब दे रहे थे। उन्होंने आगे कहा, ''हम इस चुनौती से वाकिफ हैं।'' हैरिस ने कहा, ''यह निश्चित रूप से भविष्य के लिए हमारी संसाधन योजनाओं को बदल देगा, लेकिन अमेरिका द्वारा लिए गए एच-1बी निर्णयों का कोई अल्पकालिक प्रभाव नहीं है।''*

### कर्मचारियों की संख्या 12,402 थी

*चालू वित्त वर्ष की सितंबर तिमाही तक, टाटा टेक्नोलॉजीज के वैश्विककर्मचारियों की संख्या 12,402 थी। उन्होंने कहा, ''हम 18 अलग-अलग भौगोलिक क्षेत्रों में मौजूद हैं। हमने जिस सिद्धांत के आधार पर कंपनी को गढ़ा है, वह यह है कि हम चाहते हैं कि किसी भी देश में लगभग 70 प्रतिशत कर्मचारी उसी राष्ट्रीयता या क्षेत्र से हों। यही हमारे ग्राहकों के साथ हमारे विशेष संबंधों का आधार है, और इसी के माध्यम से हम भारत में अपने द्वारा निर्मित इंजन का लाभ उठाते हैं।''*

### हमारा वैमानिकी कारोबार होगा दोगुना

हैरिस ने कहा, ''हमें उम्मीद है कि इस साल हमारा वैमानिकी कारोबार दोगुना हो जाएगा, और हमने देखा है कि यह दूसरी तिमाही में भी जारी रहा है, और हमें पूरी उम्मीद है कि यह तीसरी और चौथी तिमाही में भी जारी रहेगा।'' उन्होंने वैमानिकी कारोबार के वर्तमान आकार के बारे में विस्तार से बताए बिना यह बात कही।

### टाटा टेक्नो ने दूसरी तिमाही में दर्ज किया लाभ


टाटा टेक्नोलॉजीज ने 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ में 5.14 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की थी, जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि के 157.41 करोड़ रुपये की तुलना में 165.5 करोड़ रुपये पर पहुंच गया है। इस तिमाही में कंपनी का एकीकृत परिचालन राजस्व 1,323.33 करोड़ रुपये रहा, जबकि एक साल पहले समान अवधि में यह 1,296.45 करोड़ रुपये था।

### रणनीतियों का पुनर्निर्धारण पहले ही हो चुका

मुझे लगता है कि हमने जो देखा है, वह यह है कि रणनीतियों और योजनाओं का पुनर्निर्धारण अब काफी हद तक हो चुका है।''उन्होंने आगे कहा, ''जिन ग्राहकों से हम वित्त वर्ष की शुरुआत में निर्णय लेने की उम्मीद कर रहे थे, वे अब निर्णय ले रहे हैं।'' हैरिस ने कहा कि इससे दूसरी तिमाही में कंपनी के प्रदर्शन को बेहतर बनाने में मदद मिली है।

## इट्सा हॉस्पिटल ने छत्तीसगढ़ में शुरू की अत्याधुनिक कार्डियोलॉजी तकनीक






**रायपुर।** हृदय रोगों के उपचार में नई दिशा देते हुए इट्सा हॉस्पिटल, रायपुर ने छत्तीसगढ़ में पहली बार Boston Scientific की अत्याधुनिक कार्डियोलॉजी तकनीकें-एव्विगो प्लस एचडी आईवीयूएस, एफएफआर/डीएफआर सिस्टम और रोटाप्रो रोटाबिलेशन सिस्टम-की शुरुआत की है। इन अत्याधुनिक प्रणालियों की स्थापना से अब प्रदेशवासियों को विश्वस्तरीय हृदय उपचार की सुविधा रायपुर में ही उपलब्ध होगी।

इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट डॉ. अक्षत जैन ने बताया कि इन तकनीकों के उपयोग से हृदय की नलियों में ब्लॉकेज को बेहद सटीकता से देखा और उपचारित किया जा सकता है। "इन तकनीकों से हमें ब्लॉकेज का वास्तविक स्वरूप और गंभीरता समझने में मदद मिलती है, जिससे उपचार अधिक सुरक्षित, प्रभावी और दीर्घकालिक होता है। इट्सा हॉस्पिटल के निदेशक डॉ. राजकुमार बरनवाल ने कहा कि यह इंस्टॉलेशन छत्तीसगढ़ में अपनी तरह का पहला है।

प्रदेशवासियों को अब अत्याधुनिक और वैज्ञानिक हृदय उपचार के लिए महानगरों की ओर नहीं जाना पड़ेगा। यह कदम प्रदेश में हृदय रोग उपचार के क्षेत्र में एक नई शुरुआत है।"

### 360 डिग्री का व्यू मिलता है

आईवीयूएस(इंट्रावैस्यकूलर अल्ट्रासाउंड) तकनीक दिल की नलियों के अंदर एक "अल्ट्रासाउंड कैमरा" की तरह काम करती है, जो 360-डिग्री हाई-डेफिनिशन व्यू प्रदान करती है। इससे डॉक्टर स्टेंट का सही आकार चुनने, उसे सटीक स्थान पर लगाने और दोबारा ब्लॉकेज की संभावना को घटाने में सक्षम होते हैं। वहीं,एफएफआर /डीएफआर तकनीकें ब्लॉकेज से रक्त प्रवाह पर वास्तविक प्रभाव का आकलन करती हैं, जिससे डॉक्टर यह निर्णय वैज्ञानिक रूप से ले सकते हैं कि मरीज को स्टेंट की आवश्यकता है या दवाओं से ही इलाज संभव है।

## क्रिटिकॉन रायपुर 2025 का सफल समापन





■ क्रिटिकल केयर में मिले वैश्विक विचार और नई उपलब्धियाँ

■ 1000 से अधिक प्रतिनिधि और 45+ फैकल्टी सदस्य शामिल

**रायपुर।** रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल द्वारा इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (ISCCM)-रायपुर चैप्टर के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय क्रिटिकॉन रायपुर 2025 का आज सफल समापन हुआ। यह आयोजन रायपुर को क्रिटिकल केयर शिक्षा, अनुसंधान और नवाचार के एक प्रमुख केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हुआ। इस सम्मेलन में भारत और विदेश से आए 1000 से अधिक प्रतिनिधियों तथा 45 से अधिक प्रतिष्ठित फैकल्टी सदस्यों ने भाग लिया। देश-विदेश के अग्रणी इंटेंसिविस्ट्स, एनेस्थीसियोलॉजिस्ट्स, फिजिशियन और अन्य विशेषज्ञों ने क्रिटिकल केयर के उभरते रुझानों और साक्ष्य-आधारित चिकित्सा पद्धतियों पर गहन विचार-विमर्श किया। दूसरे दिन का कार्यक्रम कई महत्वपूर्ण वैज्ञानिक सत्रों और विशेषज्ञ पैनल चर्चाओं से भरा रहा। अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त विशेषज्ञ-डॉ. मार्कस जे. शुल्ट्ज़ (एम्स्टर्डम, नीदरलैंड्स) और डॉ. क्विरीनो पियाचेवोली (रोम, इटली)-ने सेप्सिस मैनेजमेंट, साइटोकाइन स्टॉर्म, इम्यूनोकॉम्प्रोमाइज्ड रोगियों में निमोनिया, और मैकेनिकल वेंटिलेशन जैसे विषयों पर अपने विचार रखे। इसके साथ ही न्यूरो-मॉनिटरिंग, POCUS, एंटीमाइक्रोबियल रेसिस्टेंस, ECMO एडवांसमेंट्स, हाइपरग्लाइसेमिक इमरजेंसीज़ और हृदय व यकृत विफलता प्रबंधन जैसे विषयों पर भी चर्चा हुई। कार्यक्रम की सफलता में डॉ. सिद्धार्थ तामसकर, डॉ. संतोष कुमार सिंह, डॉ. शमीक दवे तथा डॉ. अब्बास नक़वी का विशेष योगदान रहा।

### प्रगति का जश्न मनाया गया

रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल के मैनेजिंग एवं मेडिकल डायरेक्टर डॉ. संदीप दवे ने कहा, क्रिटिकॉन रायपुर 2025 हमारे सतत सीखने, सहयोग और उत्कृष्ट रोगी देखभाल के प्रति समर्पण का प्रतीक है। सम्मेलन का समापन डॉ. विशाल कुमार द्वारा वोट ऑफ थैंक्स के साथ हुआ, जिसमें दो दिनों के वैश्विक ज्ञान, सहयोग और प्रगति का जश्न मनाया गया।

### 'द पावर ऑफ 3' का शुभारंभ

इस अवसर पर रायपुरवासियों के लिए समयबद्ध आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली "द पावर ऑफ 3" का शुभारंभ मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर क्वालिटी केयर इंडिया लिमिटेड (QCIL) के ग्रुप मैनेजिंग डायरेक्टर वरुण खन्ना, केयर हॉस्पिटल्स के सीईओ डॉ. पवन कुमार, डॉ. संदीप दवे, डॉ. अब्बास नक़वी, डॉ. विशाल कुमार सहित अनेक वरिष्ठ चिकित्सक एवं गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

epaper : www.haribhoomi.com
हरिभूमि CLASSIFIED
Email : response.haribhoomi@gmail.com
आवश्यकता आपकी सुविधा हमारी
Contact for advertisment booking :
Raipur- 79871-19756
6263818152

एजूकेशन स्पेशल

प्रवेश प्रारंभ
श्री बालाजी इंस्टीट्यूट
ऑफ नर्सिंग, पैरामेडिकल एवं फार्मेसी

| Nursing Course | Duration |
| --- | --- |
| B.Sc. Nursing | 4 Years |
| P.B.B.Sc. Nsg | 2 Years |
| M.Sc. Nursing | 2 Years |
| Paramedical Course | Duration |
| Lab tech, OT tech, X-Ray tech,Ortho tech | 1 Year |
| Pharmacy Course | Duration |
| D Pharmacy | 2 Years |

क्लीनिकल सुविधा
श्री बालाजी हॉस्पिटल
1500 बिस्तरों का एडवांस्ड सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल एवं 150 सीटों का मेडिकल कॉलेज
नर्सिंग प्रवेश हेतु
7694016816, 6266631615, 7999665899
पैरामेडिकल एंड फार्मेसी प्रवेश हेतु
9201641200, 9201631200, 9201622400

Appointment आवश्यकता

शिक्षक

आवश्यकता है- लेडी वाईस प्रिंसिपल, क्लर्क, इंचार्ज, म्यूजिक टीचर एवं अंग्रेजी- हिन्दी माध्यम प्रायमरी एवं हाई में: मैथ्स, इंग्लिश, साइंस, पढ़ाने हेतु, शिक्षक/शिक्षिकाओं, ड्राईवर की आवश्यकता। साक्षात्कार 29.10.2025 प्रातः 9:30बजे, रायपुर कॉन्वेंट हा.से. स्कूल, पानीटंकी के पास खमतराई, 9826198065, 07712252855.(RO-6998)

हरिभूमि

मैनेजर/एकाउन्टेंट

आवश्यकता है- पेट्रोल पम्प पर कार्य करने हेतु मैनेजर, एकाउन्टेंट एवं पेट्रोल डालने के लिये लड़को की आवश्यकता हैं। लाल बहादुर नगर, चिचौला बार्डर, राजनांदगांव सम्पर्क- 8109411676, 6263558400. (RO-6997)

ड्रायवर

आवश्यकता है- घरेलु वाहन व एम्बुलेंस चालाने हेतु अनुभवी ड्राईवर चाहिए एवं एक घर मे कार्य करने हेतु कुशल व्यक्ति की आवश्यकता, रहने की सुविधा संपर्क: बांठिया हॉस्पिटल राजातालाब रोड़ रायपुर 0771-2425009(RO-OM)

आवश्यकता है- मैग्नेटो मॉल/वीआईपी चौक के पास निजी कार हेतु अनुभवी ड्राइवरों की आवश्यकता है। बीड़ी-सिगरेट, शराब-गुटखे आदि मादक पदार्थों का सेवन न करने वाले ही संपर्क करें- 9300593000 (RO-7233)

आवश्यकता है- ड्राइवर चाहिए टाटा एस एवं बैटरी वाली ई रिक्शा चलाने हेतु ड्राइवर चाहिए। लोकल दुर्ग भिलाई घुमना है. भिलाई वाले ही संपर्क करें लाइंसेस अनिवार्य, मो.-9827466771 (आरो न.-680)

दुकान कार्य

आवश्यकता है- शानदार इंटीरियर डेकोरेशन /गिफ्ट आइटम के दुकान में काम करने लड़को / लड़कीयों की आवश्यकता है। आर्कषक वेतन समय 11.00 बजे से 9.00 बजे तक संपर्क - 7999651612 क्लासिक इंटीरियर/ एक्सटीरियर डेकोर गुरुद्वारा रोड (स्टेशन रोड) यशोदा नंदन हास्पिटल के पास । गिल काम्पलेक्स प्रथम तल(आरो न.-681)

आवश्यकता है- दुकान/ गोडाउन में कार्य करने हेतु पांचवी पास 4- युवकों की आवश्यकता है. योग्यता: पांचवी पास. सैलरी 11000/- से 12000/- योग्यतानुसार। संपर्क- रायपुर कृषि केंद्र, शॉप नं. 124, एस.के. प्लाजा कॉम्प्लेक्स, बॉम्बे मार्केट, रायपुर(RO-1655)

इंजीनियर/मैनेजर

आवश्यकता है- धमतरी जिले के कुरुद गाँव में स्थित फैक्ट्री में यूरोपियन मशीन में coil से pipe बनाने के लिए फोरमैन, मैकेनिकल इंजीनियर, प्रोडक्शन मैनेजर एवं एक्सट्रूडर चलाने वाले चाहिए वेतन योग्यतानुसार 9617210000.(RO-343)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घरेलू कार्य करने हेतु महिला/ लड़की की आवश्यकता है रहने की सुविधा उपलब्ध बायोडाटा सहित सम्पर्क करें- पाटलिपुत्र कॉलोनी लोयला स्कूल के बाजू में वसंत विहार चौक बिलासपुर 7974770055, 8889997826.(RO-38966)

हेल्पर/पैकिंग कार्य

आवश्यकता है- गोलबाजार रायपुर शॉप के लिए लेडिस स्टॉफ हेल्पर पैकिंग कार्य हेतु (आकर्षक वेतन+ ओवरटाइम) केवल मेहनती परमानेंट काम के इच्छुक संपर्क करें प्रातः 9 से 11- 9826679757.(RO-0066)

टेलीकॉलर

आवश्यकता है- मैरिज ब्यूरो में टेली कालिंग कार्य हेतु फीमेल चाहिए समय 9 से 6 सैलरी 5000-10000 अच्छे रिश्ता हेतु कन्याएं निःशुल्क बायोडाटा भेजिए मारवाड़ी मैरिज ब्यूरो भारतमाता चौक गुड़ियारी रायपुर Shalu- 7828738812, Call Me- 9039321951. (RO-OM)

सेल्समैन/ऑपरेटर

आवश्यकता है- सेल्समैन, कम्प्यूटर आपरेटर, ड्राईवर, पैकिंग के लिए महिलाओ की, माल छोड़ने के लिए लड़कों की एवं घरेलू कार्य हेतु लड़की /महिला की आवश्यकता है संपर्क करे:- बोरियाखुर्द रायपुर Mob. 9893115061.(RO-6747)

हरिभूमि क्लासीफाईड

सेल्समैन/हेल्पर

आवश्यकता है- थोक कपड़े की दुकान में कार्य करने हेतु अनुभवी सेल्समैन व कपड़े की दुकान में काम किया हुआ व्यक्ति एवं हेल्पर की आवश्यकता है समय 3 से 6 चुन्नीलाल केसरीमल बरलोटा शॉप नंबर 29-30 प्रथम गेट टेक्सटाइल मार्केट पंडरी रायपुर- 9425506658, 9424200658, 9425206658.(RO-7262)

डिजाइनर

आवश्यकता है- श्रीकंचनपथ समाचार पत्र समूह भिलाई में Quark express पर पेज डिजाइन करने वाले की आवश्यकता है। हिन्दी व अंग्रेजी टाइपिंग का ज्ञान हो। पांच अंको में वेतन दिया जाएगा। संपर्क : 98930-92649, 70001-38049, 99933-30237(आरो न.-4112)

टेक्निशियन/असिस्टेंट

आवश्यकता है- यूरेकाफॉर्ब्स लिमिटेड प्रोडक्ट हेतु टेलीकॉलर- 2, ऑफिस असिस्टेंट- 02, सेल्स रिप्रेजेंटेटिव- 4, सर्विस टेक्निशियन- 2, ऑफिस बॉय-1 संपर्क करें:- दीपिका सर्विसेज कर्मचारी कॉलोनी कुशालपुर रायपुर 9826652461. (RO-OM)

घरेलु कार्य

आवश्यकता है- घर के लिए तुरंत आवश्यक – विश्वसनीय नौकरानियाँ और रसोइया। इच्छुक व्यक्ति या प्लेसमेंट एजेंसियाँ संपर्क करें: 9039129030। अच्छा वेतन, अच्छा माहौल। पूर्णकालिक/ आवास सहित अवसर उपलब्ध। (RO-16977)

मार्केटिंग

आवश्यकता है- रायपुर में मार्केटिंग कार्य करने के लिए अनुभवी लडके, लड़कियों की आवश्यकता है। सैलरी - 10,000 से 20,000 महीना योग्यतानुसार संपर्क करे- 8962274079 पता- आमापारा चौक रायपुर (RO-6750)

ऑफिस कार्य

आवश्यकता है- ऑफिस कार्य हेतु लड़के- लड़कियों की आवश्यकता है। कंप्यूटर ऑपरेटर, रिसेप्शनिस्ट, टेलीकॉलर, अकाउंटेंट, सेल्स एग्जीक्यूटिव, सुपरवाइजर एवं गार्ड भी संपर्क करें।- 9131941253, 9981855505.(RO-M)

अन्य

आवश्यकता है- नटराज पेन पेंसिल रबड़ के माध्यम से घर बैठे पैकिंग नौकरी की सुविधा भारत के हर क्षेत्र में दी जा रही है अगर आपको नौकरी की जरूरत है तो संपर्क करें - 9241054300 (RO-590)

Business व्यापार

व्यापार- जुड़िये ऐसे आकर्षक व्यवसाय से जो बिना रिस्क आपको घर बैठे दें सकता है 30000- 50000 प्रतिमाह आमदनी, जिसमे ऑटोमैटिक मशीन द्वारा डिस्पोजल दोना पत्तल, प्लेट्स बनायें, कच्चा माल देने तैयार माल लेने का अनुबंध पेशेवर प्रशिक्षण सहित संपर्क:- APS इंटरप्राइजेस, रायपुर- 9111760925, 9977676447, बिलासपुर, कोरबा, रायगढ़, अंबिकापुर- 8827848099. (RO-302)

हरिभूमि

Property प्रापर्टी

प्लाट

प्लॉट बेचना है - गनौद से बिरबिरा मार्ग (नया रायपुर) में पूर्व और उत्तर फेसिंग वाला 50x60 का कॉर्नर वाला 3000 स्क्वायर फीट का डायवर्टेड प्लाट बेचना है। संपर्क - 9303559631 (एफ सी देवांगन) 7470441631. (RO-6743)

हरिभूमि क्लासीफाईड

विज्ञापन प्रकाशन हेतु संपर्क करें
62638-18152

आवश्यक सूचना

पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (पैसे भेजने, कोई भी खर्च उठाने, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित) या किसी भी वादे-दावे पर अमल करने से पहले अच्छी तरह से जांच पड़ताल कर लें। पाठक पूर्ण जानकारी लेवें व स्वविवेक से निर्णय लेकर ही लेन देन करें। किसी भी उत्पाद या सेवाओं के संबंध में किए किसी भी विज्ञापनदाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि (प्रेस प्रबंधक व कर्मचारी) की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक, संपादक कर्मचारी और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाए किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

CLASSIFIED RATE CARD
01 अप्रैल 2025 से लागू
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी

| EDITION | Appointment | Service/Business | Property Rent & Sale | Display |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| Raipur City | 500 | 620 | 550 | 175/- Sq cm |
| Bhilai + Durg Edition | 440 | 560 | 520 | 150/- Sq cm |
| Bilaspur City | 440 | 500 | 520 | 140/- Sq cm |
| Raipur All Edition | 720 | 820 | 800 | 240/- Sq cm |
| Bilaspur All Edition | 610 | 780 | 690 | 195/- Sq cm |
| All CG | 1000 | 1150 | 1120 | 310/- Sq cm |
| All CG + MP | 1280 | 1750 | 1600 | 330/- Sq cm |
| All Edition | 1700 | 2100 | 2000 | 380/- Sq cm |

WANTED Display Scheme 2+1, 3+2, 5+4

SCHEME
1. Pick of the day 15 % extra.
2. Rs. 70/- per day extra charge for bold advt.
3. Box Prise per day Rs. 80/-
4. 20% per day extra charge for colour advt.
5. After 30 words Rs. 10/- per day per extra word charge.
6. For E-mail Id Rs. 50/- Extra per day.
7. Business & Services- ASTROLOGY, SMS & Others.
8. NO SCHEME FOR TOWER & FINANCE AD
9. SINGLE DAY BOOKING 100Rs. EXTRA.

COLOUR 20% Extra Charge For Disply

5% GST For All Ad

EDUCATION SPECIAL

| EDITION | RATE | |
| --- | --- | --- |
| Raipur City | 3000 | 2+1 |
| Bhilai + Durg Edition | 2800 | 5+3 |
| Raipur Edition | 4400 | 10+10 |
| Bilaspur City | 2500 | 15+18 |
| Bilaspur Edition | 3800 | |
| All CG | 5500 | |

MATRIMONIAL CG+MP

| (Runing Matter) | (Size 5x1 Box) |
| --- | --- |
| 500 /-1 Sunday | 800 /-1 Sunday |
| 900 /-2 Sunday | 1200 /-2 Sunday |
| 1200/-3 Sunday | 1500/-3 Sunday |

HEALTH CARE 10X1 FIX SIZE

| | | | |
| --- | --- | --- | --- |
| Raipur City | 55000 | 85000 | 1,10,000 |
| Bilai + Durg Edition | 50000 | 80000 | 1,00000 |
| Bilaspur City | 40000 | 70000 | 1,00000 |
| Raipur All Edition | 70000 | 1,20,000 | 1,60,000 |
| Bilaspur All Edition | 55000 | 1,00000 | 1,20,000 |
| All CG | 1,10,000 | 1,80,000 | 2,30,000 |

CONTACT:- HARI BHOOMI PRESS
Dhamtari Road, Tikarapara, Raipur Ph.: 0771-4242242, Mob.: 09098138778 E-mail- response.haribhoomi@gmail.com
Ring Road-2, Gourav Path Marg, Bilaspur. Mob.: 9826782100 E-mail- hbclassified375@gmail.com

## जैकेट के शेष

### भवन अनुज्ञा शुल्क ....

संशोधन जारी किया है। भूमि विकास नियम के एक उप नियम के तहत अस्थायी संरचना को जोड़ा गया है। अस्थायी संरचना का मतलब निर्माण कार्यों का औपचारिक आयोजन उद्देश्यों के लिए बनाई गई संरचना है, जिनके छह माह से अधिक समय तक विद्यमान रहने की योजना नहीं है, जैसे तंबू, शामियाना, मचान आदि इसमें रखे गए हैं।

### अब प्लींथ सर्टिफिकेट ....

पालन करना होगा। अगर ऐसा नहीं किया तो प्राधिकारी प्लींथ के ऐसे हिस्से, जो आपत्ति के अधीन हैं, को हटाने के लिए सक्षम होगा।

### 18 हथियारों के ....

निर्णायक सफलता 26 अक्टूबर को कांकेर पुलिस को मिली। क्रूर और जनविरोधी माओवादी विचारधारा का खात्मा, शांति की स्थापना में शामिल होने के लिए 21 नक्सली 18 हथियार के साथ कांकेर पुलिस के पास पहुंचे। इनके आत्मसमर्पण का खुलासा एक दो दिन में करेंगे। यह समाज की मुख्यधारा में शामिल हो गए हैं, लेकिन इसकी अधिकृत घोषणा एक से दो दिन में होगी, जिसमें समर्पण करने वालों के नाम और ईनाम का खुलासा किया जाएगा। यह सभी नक्सली उत्तर बस्तर जोनल व्यूरो के हैं, जिसमें कुएमारी और किसकोड़ो एरिया कमेटी से हैं। इन 21 में डिविजनल कमेटी सचिव मुकेश भी शामिल हैं। इन 21 कैडरों में 04 डीवीसीएम (डिविजन वाइस कमेटी मेंबर), 09 एसीएम (एरिया कमेटी मेंबर) और 08 पार्टी सदस्य शामिल हैं। हथियार लेकर जंगल से पुलिस के पास आने वालों में 13 महिला कैडर और 08 पुरुष कैडर हैं, जिन्होंने सशस्त्र और हिंसक विचारधारा से स्वयं को अलग कर शांति और प्रगति के मार्ग को अपनाया है।

**हथियारों पर घोषित है इनाम** : समर्पण करने पर हथियार पर भी इनाम घोषित है, जिसमें राकेट लॉचर 84 एमएम पर 5 लाख, एलएमजी पर साढ़े 4 लाख, एके 47 पर 3 लाख, 2 इंच मोर्टार पर ढाई लाख, एसएलआर पर डेढ़ लाख, इंसास पर 1 लाख, 303 रायफल पर 75 हजार, 5.56 एक्स केलीबर पर 60 हजार, यूबीजीएल अटेचमेंट पर 40 हजार, 12 बोर एवं 315 बोर पर 30 हजार, ग्लाग पिस्टल पर 25 हजार और प्रोजजेक्टर या मस्केट रायफल पर 2 हजार तय है।

### बस्तर में हो रही ....

श्री साय ने कहा कि आज कांकेर जिले में 21 नक्सलियों ने हिंसा का रास्ता छोड़कर आत्मसमर्पण किया, जो प्रदेश में चल रही "आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति - 2025" तथा "नियद नेल्ला नार योजना" की सफलता का सशक्त प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने कहा कि माओवाद की झूठी और भ्रामक विचारधारा से भटके युवा अब समझने लगे हैं कि बंदूक नहीं, विकास की राह ही भविष्य का सही विकल्प है। सरकार इन आत्मसमर्पित नक्सलियों के पुनर्वास, पुनर्प्रशिक्षण और सामाजिक पुनर्संस्थापन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है, ताकि वे मुख्यधारा से जुड़कर समाज में सम्मानजनक जीवन जी सकें। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के मार्गदर्शन और केन्द्रीय गृहमंत्री श्री अमित शाह जी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सरकार ने बस्तर के लोगों का विश्वास जीता है। यही कारण है कि अब माओवादी संगठन तेजी से कमजोर पड़ रहे हैं और बड़ी संख्या में हिंसा का रास्ता छोड़कर शांति को स्वीकार कर रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि बस्तर अंचल में अब नक्सलवाद की कमर टूट चुकी है और क्षेत्र तेजी से शांति, विकास और सशक्तिकरण की दिशा में अग्रसर है। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार का लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक भारत को नक्सलमुक्त बनाना है और छत्तीसगढ़ इस दिशा में तेजी से अग्रसर है।

### ये है दौरा ...

250 बच्चों के साथ मुलाकात करेंगे जिनका हृदय रोग का सफल आपरेशन हो चुका है। 10.35 बजे वे यहां से सड़क मार्ग से निकलकर ब्रम्हकुमारी भवन नवा रायपुर के कार्यक्रम में शामिल होकर ब्रम्हकुमारी भवन शांति शिखर का उद्धाटन करेंगे। यह कार्यक्रम 11.30 बजे तक चलेगा। इसके बाद 11.35 बजे वे यहां से निकलकर नवा रायपुर में विधानसभा के नए भवन में पंहुचेंगे। यहां वे 11.45 से 12.10 बजे तक रहेंगे। इस दौरान वे पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा का अनावरण करेंगे। इसी दौरान वे नए विधानसभा भवन का लोकार्पण करेंगे। यह कार्यक्रम 1.15 बजे तक होगा।

इसके बाद प्रधानमंत्री 1.20 बजे निकल कर 1.30 बजे नवा रायपुर में आदिवासी स्वतंत्रता सेनानी संग्रहालय का उद्धाटन करेंगे। यह कार्यक्रम 2.15 बजे तक होगा। इसके बाद प्रधानमंत्री 2.20 बजे सड़क मार्ग से राज्योत्सव स्थल पर आएंगे। यहां होने वाले राज्योत्सव का उद्धाटन 2.30 बजे करने के बाद वे यहां शाम 4 बजे तक रहेंगे। इसके बाद 4 बजकर 5 मिनट पर वे राज्योत्सव स्थल से निकलकर 4.20 बजे रायपुर एयरपोर्ट पर आएंगे। यहां से 4.25 बजे दिल्ली के लिए उड़ान भरेंगे।

## आसियान शिखर सम्मेलन से पहले बोले अमेरिकी विदेश मंत्री

# पाक से संबंध बढ़ाना चाहता है अमेरिका लेकिन भारत की कीमत पर नहीं : रुबियो

एजेंसी ▶▶ वाशिंगटन

अमेरिका के विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा है कि उनका देश पाकिस्तान के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को बढ़ाने का इच्छुक तो है, लेकिन यह भारत के साथ उसके ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण संबंधों की कीमत पर नहीं होगा। रुबियो ने सोमवार को कुआलालंपुर में विदेश मंत्री एस जयशंकर के साथ निर्धारित बैठक से पहले रूस के साथ भारत के ऊर्जा संबंधों का जिक्र करते हुए कहा कि नयी दिल्ली ने पहले ही कच्चे तेल की खरीद में विविधता लाने की इच्छा व्यक्त की है। अमेरिकी विदेश मंत्री आसियान शिखर सम्मेलन के लिए मलेशिया की अपनी यात्रा से पहले संवाददाताओं से बातचीत कर रहे थे।



**कूटनीतिक मामलों में भारत बहुत परिपक्व : रुबियो** : रुबियो ने कहा कि भारत "स्पष्ट कारणों से चिंतित है।" उन्होंने कहा, "लेकिन, मुझे लगता है कि उसे (भारत को) यह समझना होगा कि हमें कई अलग-अलग देशों के साथ संबंध रखने हैं। हम पाक के साथ अपने रणनीतिक संबंधों को बढ़ाने का अवसर देख रहे हैं। रुबियो ने कहा, "मुझे लगता है कि कूटनीति और उस तरह की चीजों के मामले में भारतीय बहुत परिपक्व हैं। देखिए, उनके कुछ ऐसे देशों के साथ रिश्ते हैं जिनके साथ हमारे रिश्ते नहीं हैं। इसलिए, यह एक परिपक्व, व्यावहारिक विदेश नीति का हिस्सा है।

### भारत के साथ रिश्ते ऐतिहासिक व महत्वपूर्ण

अमेरिकी विदेश मंत्री ने कहा, "मुझे नहीं लगता कि पाकिस्तान के साथ हम जो कुछ भी कर रहे हैं, वह भारत के साथ हमारे संबंधों या मित्रता की कीमत पर है। भारत के साथ रिश्ते गहरे, ऐतिहासिक और महत्वपूर्ण हैं।" गत छह महीनों में अमेरिका-पाकिस्तान संबंधों में घनिष्ठता देखी गई है। हालांकि भारत ने ट्रंप के बार-बार के इस दावे को खारिज कर दिया कि उन्होंने दोनों देशों के बीच संघर्ष विराम के लिए मध्यस्थता की।

### पेट्रोल खरीदी के मामले में कुछ नहीं कहूंगा

रुबियो से संवाददाताओं ने सवाल किया कि क्या भारत, अमेरिका के साथ व्यापार समझौते के लिए रूसी तेल की खरीद को वास्तव में टालने को तैयार होगा? इसके जवाब में उन्होंने कहा कि भारत ने पहले ही अपनी तेल खरीद में विविधता लाने में रुचि व्यक्त की है। उन्होंने कहा, "अगर वे अपनी खरीद में विविधता लाते हैं, तो जितना ज्यादा वे हमसे खरीदेंगे, उतना ही ज्यादा वे किसी और से खरीदेंगे। लेकिन मैं कोई पूर्वधारणा नहीं बनाऊंगा या — मैं व्यापार सौदों पर बातचीत नहीं कर रहा हूं। इसलिए मैं इस पर कुछ नहीं कहूंगा।

### दोनों पक्षों के बीच व्यापक व्यापार मुद्दे

अमेरिका ने पिछले सप्ताह दो रूसी तेल निर्यातक कंपनियों, रोसनेफ्ट और लुकोइल पर प्रतिबंध लगा दिया था। रुबियो ने भारत के संदर्भ में अमेरिका की नवीनतम कार्रवाई पर पूछे गए सवाल के जवाब में कहा कि दोनों पक्षों के बीच "व्यापक व्यापार मुद्दे" हैं। उन्होंने कहा कि वे (भारत) हमेशा हमारे सहयोगी और मित्र रहेंगे। भारत द्वारा रूसी कच्चे तेल की खरीद भारत-अमेरिका संबंधों में गतिरोध का एक प्रमुख मुद्दा बना हुआ है।

फंदे पर लटका मिला शव

## जुजित्सु खिलाड़ी रोहिणी कलम ने की आत्महत्या



हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवास

अंतरराष्ट्रीय जुजित्सु खिलाड़ी और मार्शल आर्ट कोच रोहिणी कलम (35), निवासी अर्जुन नगर राधागंज ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। रोहिणी आष्टा में एक निजी स्कूल में मार्शल आर्ट कोच केरूप में कार्यरत थीं और शनिवार को ही घर देवास लौटी थीं। परिजनों के मुताबिक रविवार सुबह वह पूरी तरह सामान्य थीं। नाश्ता करने के बाद उन्हें एक फोन आया, जिसके बाद वह अपने कमरे में चली गईं और अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न आने पर छोटी बहन ने सब्बल से दरवाजा तोड़ा तो रोहिणी फांसी पर लटकी मिलीं। रोहिणी कलम ने पिछले वर्ष अबू धाबी में आयोजित अंतरराष्ट्रीय जुजित्सु प्रतियोगिता में कांस्य पदक जीता था। कुछ समय पहले उनका पेट में गठान का ऑपरेशन भी हुआ था। आत्महत्या के कारणों का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है।

## पेज एक के शेष

### प्लास्टिक कचरे के...

किए जाने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने इसे पूरे प्रदेश के लिए सम्मान बताया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक बार फिर छत्तीसगढ़ की तारीफ की है। उन्होंने अंबिकापुर में बने देश के पहले गार्बेज कैफे की तारीफ की है। उन्होंने इस कैफे का जिक्र करते हुए कहा 'यहां आधे किलो गार्बेज दे कर नाश्ता कर सकते हैं। वहीं, 1 किलो गार्बेज देकर दिन या रात का खाना खा सकते हैं। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेंट में ये एक प्रेरक उदाहरण है कि जब ठान लिया जाए तो बदलाव भी किया जा सकता है।

### अमेरिका से 50 युवकों...

और बकाया पैसे ब्याज पर उठाए थे। पैसे लेने के बाद भी एजेंटों ने दूसरे बॉर्डर से अमेरिका भेजा और वहां पहुंचते ही पुलिस ने पकड़ लिया। इसके बाद से मैं जेल में ही था। अमेरिका की जेलों और कैंपों में काफी संख्या में भारतीय बंद हैं। अभी बहुत से जहाज भारत आने हैं। मैं तो युवाओं को यही कहूंगा कि कोई भी युवा डंकी के रास्ते से अमेरिका न जाए।

### सजी थी पटवारियों ....

राजस्व पटवारी संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष सहित 8 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा गया। पकड़े गए जुआरियों में राजस्व पटवारी संघ कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष ज्योतिष कुमार सार्वे, हेमचंद तिवारी, रवि राठौर, उमेश कुमार पटेल, गोविंद कांवर, राहुल प्रताप सिंह, देवेश अंबष्ट और पटवारी का निजी ऑपरेटर हरीश सिंह शामिल है। छोटी सी छोटी कार्रवाई की गज भर की प्रेस विज्ञप्ति पुलिस द्वारा जारी की जाती है, लेकिन रमन नगर में पकड़े गए जुए की जानकारी मीडिया से साझा नहीं की गई। कार्रवाई शनिवार की रात में हुई, लेकिन रविवार तक मीडिया पुलिस ग्रुप में इसकी कोई जानकारी नहीं दी गई। इसे लेकर भी कई तरह की चर्चा हो रही है।

### पाक-अफगान सीमा ....

करने की कोशिश कर रहे हैं। पाकिस्तानी सेना के मीडिया विंग के अनुसार, आतंकियों ने शुक्रवार और शनिवार यानी 25 और 26 अक्तूबर को अफगानिस्तान की तरफ से पाकिस्तान में घुसपैठ की कोशिश की। ये झड़पें खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के कुर्रम और उत्तर वजीरिस्तान जिलों में हुईं, जो पाकिस्तान-अफगान सीमा का बेहद दुर्गम इलाका है। सेना ने कहा कि आतंकियों की इन कोशिशों ने अफगान सरकार के इरादों पर सवाल खड़े कर दिए हैं, खासकर उन आतंकी समूहों को लेकर जो अफगान भूमि से पाकिस्तान पर हमले करते हैं। पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को कहा कि युद्धविराम अब तक कायम है और उन्हें उम्मीद है कि अफगानिस्तान शांति चाहता है। लेकिन उन्होंने यह भी चेतावनी दी कि अगर इस्तांबुल वार्ता में समझौता नहीं हुआ, तो खुला युद्ध छिड़ सकता है। वहीं पाकिस्तानी सेना ने बताया कि मारे गए आतंकी फितना अल ख्वारिज नामक समूह से जुड़े थे, जिन्हें वह विदेशी ताकतों के समर्थन प्राप्त उग्रवादी बताती है।

### सलमान को पाकिस्तान ...

जिनके आतंकवाद से जुड़े होने का संदेह है। रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान सरकार ने कथित तौर पर सलमान खान का नाम अपनी चौथी अनुसूची में शामिल कर लिया है, जो देश के आतंकवाद-रोधी अधिनियम (1997) के तहत एक श्रेणी है। यह सूची आमतौर पर उन व्यक्तियों के लिए आरक्षित होती है जिन पर चरमपंथी संगठनों या गतिविधियों से जुड़े होने का संदेह होता है। इस सूची में शामिल लोगों पर कड़ी निगरानी, आवाजाही पर प्रतिबंध और संभावित कानूनी कार्रवाई का सामना करना पड़ता है।

### पीएम मोदी ने कहा...

और मेरे मित्र अनवर इब्राहिम आपने मुझे आसियान परिवार में शामिल होने का अवसर दिया, इसके लिए मैं बहुत खुश हूं। पीएम मोदी ने कहा कि आपको इस सफल शिखर सम्मेलन के लिए बधाई देता हूं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आगे कहा कि मैं थाईलैंड की राजमाता के निधन पर मैं सभी भारतवासियों की ओर से थाईलैंड के राज परिवार और जनता के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता हूं। पीएम मोदी ने कहा कि समावेशीपन और स्थिरता इस वर्ष के आसियान शिखर सम्मेलन के विषय हैं और यह विषय हमारे साझा प्रयासों को दर्शाता है।

### 8000 स्कूलों में एक भी...

स्कूली शिक्षा राज्य का विषय है, राज्यों को विद्यालयों में शून्य दाखिले के मुद्दे का समाधान करने की सलाह दी गई है। कुछ राज्यों ने बुनियादी ढांचे और कर्मचारियों जैसे संसाधनों के इष्टतम उपयोग के लिए कुछ विद्यालयों का विलय कर दिया है। आंकड़े के अनुसार, पुडुचेरी, लक्षद्वीप, दादरा और नगर हवेली, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह, दमन और दीव तथा चंडीगढ़ जैसे केंद्र शासित प्रदेशों में कोई भी स्कूल शून्य दाखिले वाला नहीं था।

## शांति वार्ता के बीच पाक रक्षा मंत्री ने अफगानिस्तान को दे दी खुले युद्ध की चेतावनी

एजेंसी ▶▶ कराची

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने शनिवार को अफगानिस्तान को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि यदि तुर्की के इस्तांबुल में होने वाली शांति वार्ता का दूसरा दौर विफल रहा तो उनका देश अपने पड़ोसी के साथ खुले युद्ध में उतर जाएगा। अल जजीरा के अनुसार, आसिफ ने कहा, हमारे पास विकल्प है, अगर कोई समझौता नहीं होता है, तो हम उनके साथ खुली जंग लड़ेंगे, लेकिन मैंने देखा कि वे शांति चाहते हैं। पाकिस्तान द्वारा काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के ठिकानों पर हवाई हमले किए जाने के बाद दोनों देशों के बीच तनाव अपने चरम पर पहुंच गया है। पाकिस्तान शुरु से अफगानिस्तान पर टीटीपी या पाकिस्तानी तालिबान आतंकवादियों को पनाह देने का आरोप लगाता रहा है, जबकि अफगानिस्तान हमेशा से इसका खंडन करता रहा है। बाद में अफगानिस्तान ने जवाबी हमले करते हुए पाकिस्तानी सेना के 50 से अधिक सैनिकों को मार गिराने का दावा किया है। एक अन्य घटनाक्रम में पाकिस्तानी सेना ने शनिवार को दावा किया कि उन्होंने खैबर पख्तूनख्वा के उत्तरी वजीरिस्तान जिले में एक कथित आत्मघाती हमले को नाकाम कर दिया और 3 आतंकवादियों को मार गिराया।



### कतर में शांति संधि पर हस्ताक्षर

किसी भी पक्ष के पीछे हटने के बाद कतर और तुर्की ने हस्तक्षेप किया और अंततः दोहा में अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच एक शांति संधि पर हस्ताक्षर किए गए। कतर के विदेश मंत्रालय ने एक बयान में कहा, वार्ता के दौरान, दोनों पक्ष तत्काल युद्धविराम और दोनों देशों के बीच स्थायी शांति और स्थिरता को मजबूत करने के लिए तंत्र स्थापित करने पर सहमत हुए। इस समय, दोनों पक्ष इस्तांबुल, तुर्की में दूसरे दौर की वार्ता कर रहे हैं।

## मऊगंज में रेप पीड़िता के पिता का बंदूक की नोक पर अपहरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रीवा/मऊगंज

मऊगंज में नाबालिग गैंगरेप पीड़िता के पिता का फिल्मी अंदाज में बंदूक की नोक पर अपहरण कर लिया गया। रेप के आरोपी ने ही इस वारदात को अंजाम दिया। घटना से गुस्साए लोगों ने हाईवे पर चक्काजाम कर दिया। घटना शनिवार रात 9 बजे की है। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव के ही पंकज सोनी ने स्कॉर्पियो से नाबालिग के पिता का अपहरण किया है। हाईवे पर जाम की सूचना मिलते ही मऊगंज एएसपी विक्रम सिंह और एसडीओपी सची पाठक पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। रात करीब ढाई बजे लोगों की परेशानी को देखते हुए ग्रामीणों मे रास्ता खोल दिया। रीवा से अतिरिक्त पुलिसबल बुलाया गया है। 15 अगस्त 2025 को नाबालिग का अपहरण कर गैंगरेप हुआ था। करीब एक हफ्ते बाद आरोपियों के चंगुल से छूटकर घर आई नाबालिग ने गांव के ही दो लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कराया था। ग्रामीणों का आरोप है कि उन्हीं आरोपियों में से एक पंकज सोनी ने अब पीड़िता के पिता का अपहरण किया है।

## दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा पर एसिड अटैक, झुलस गए तेजाब से दोनों हाथ

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

राजधानी दिल्ली में एसिड अटैक का सनसनीखेज मामला सामने आया है। आरोपी ने दिल्ली यूनिवर्सिटी की छात्रा को शिकार बनाया है। हमले में छात्रा के दोनों हाथ बुरी तरह से झुलस गए हैं। पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दिल्ली के अलग-अलग इलाकों में छापेमारी शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि डीयू की छात्रा (20) पर एसिड अटैक को अंजाम देने के मामले में 3 आरोपी शामिल हैं। लक्ष्मीबाई कॉलेज की पीड़ित छात्रा मुकुंदपुर की रहने वाली है। छात्रा की करीब एक महीने पहले आरोपियों के साथ तीखी बहस हुई थी। पुलिस के मुताबिक छात्रा पर अटैक उस समय किया गया, जब वह अशोक विहार में स्थित कॉलेज की तरफ जा रही थी। छात्रा ने पुलिस को बताया कि वह कॉलेज की तरफ जा रही थी, तभी उसका परिचित मुकुंदपुर निवासी जितेंद्र अपने साथियों इशान और अरमान के साथ मोटरसाइकिल पर आया।



### पीछा करता था आरोपी, एक महीने पहले हुई थी बहस

पीड़िता ने आगे बताया कि जितेंद्र उसका पीछा करता था और करीब एक महीने पहले उनके बीच तीखी बहस हुई थी। वह फिलहाल इलाज के लिए दीप चंद बंधु अस्पताल में भर्ती है। घटना के तुरंत बाद क्राइम टीम और एफएसएल टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने बताया कि युवती के बयान और उसकी चोटों की प्रकृति के आधार पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

**कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला मुंगेली (छ.ग.)**
(न्यु कम्पोजिट बिल्डिंग भवन प्रथम तल कलेक्टोरेट परिसर जिला - मुंगेली छत्तीसगढ़)
Room No. 222,223 Email ID- mungeliminingoffice@gmail.com

क्रमांक/ 862/खलि. 02 / रेत ई-नीलामी / 2025-26 मुंगेली, दिनांक 24/10/2025

**निविदा आमंत्रण सूचना**

(निविदा क्रमांक-MSTC/RPR/Chhattisgarh/MungeliTender/2/25-26/39609)

सर्वसाधारण की जानकारी के लिये यह प्रकाशित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर मुंगेली (खनिज शाखा), छत्तीसगढ़ द्वारा छत्तीसगढ़ गौण खनिज साधारण रेत (उत्खनन एवं व्यवसाय) नियम, 2025 के नियम - 7 के अंतर्गत इलेक्ट्रानिक - नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) के माध्यम से उत्खनन पट्टा आबंटन किया जाना है। जिस हेतु अर्हता प्राप्त इच्छुक बोलीदार इलेक्ट्रानिक - नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) में भाग ले सकता है। इलेक्ट्रानिक - नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) हेतु बोली प्रारंभ करने की तिथि 19.11.2025 तथा अंतिम बोली तिथि 25.11.2025 है।

इच्छुक बोलीदार खदान आबंटन हेतु इलेक्ट्रानिक - नीलामी (रिवर्स ऑक्शन) की नियम एवं शर्तो की विस्तृत जानकारी एमएसटीसी के वेबसाईट mstcecommerce.com जिले के वेबसाईट www.mungeli.gov.in एवं कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) एवं संबंधित ग्राम पंचायत/जनपद/जिला पंचायत भवन के सूचना पटल से प्राप्त कर सकते है।


**(एमएसटीस लिंक- https://mstcecommerce.com/auctionhome/mmb/sandcg/index.jsp)**

**( कलेक्टर महोदय द्वारा अनुमोदित )**

खनि अधिकारी
जिला मुंगेली (छ.ग.)

G-252604341/2

## राशिफल




**मेष** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मानसिक शान्ति रहेगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। कारोबार की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी।



**वृष** — कार्यक्षेत्र में कठिनाइयों का सामना करना पड़ सकता है। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। माता के स्वास्थ्य में सुधार होगा। धन आगमन की स्थितियां बनी रहेंगी।




**मिथुन** — आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। अति उत्साही होने से बचें। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ेगी, लेकिन स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वाणी के प्रभाव में वृद्धि होगी।



**कर्क** — अनियोजित खर्चों में वृद्धि होगी। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। लेखनादि-बौद्धिक कार्यों में व्यस्तता बढ़ेगी।



**सिंह** — कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद की स्थिति बिन सकती है। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकता है।



**कन्या** — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। आय की स्थिति में सुधार होगा। संयत रहें। क्रोध के क्रोध से परेशान रहेंगे। भागदौड़ अधिक रहेगी।




**तुला** — दाम्पत्य सुख में वृद्धि होगी। स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहें। वस्त्रों के प्रति रुझान बढ़ेगा। आत्मविश्वास भरपूर रहेगा। नौकरी में तरक्की मिल सकती है।



**वृश्चिक** — आय में वृद्धि होगी। शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। मन में नकारात्मकता के प्रभाव से बचें। संतान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।




**धनु** — कारोबार पर ध्यान दें। कठिनाइयां आ सकती हैं। भागदौड़ अधिक रहेगी। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। पठन-पाठन में रुचि रहेगी।



**मकर** — वाणी में सौम्यता रहेगी। नकारात्मक विचारों के प्रभाव से बचें। कारोबार में वृद्धि होगी। लाभ के अवसर मिलेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।



**कुंभ** — स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। नौकरी में अफसरों से मतभेद हो सकते हैं। मन प्रसन्न रहेगा। संयत रहें। बातचीत में सन्तुलित रहें। कारोबार में सुधार होगा।



**मीन** — शैक्षिक कार्यों के लिए वदिश यात्रा पर जाना हो सकता है। मानसिक शान्ति बनाये रखने के प्रयास करें। कारोबार की स्थिति में सुधार होगा।

गाली और धमकी देकर हमलावर फरार

## अनूपपुर में जज के सरकारी घर पर देर रात की गई 'पत्थरबाजी'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अनूपपुर

अनूपपुर जिले के कोतमा न्यायालय में पदस्थ न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खंड अमनदीप सिंह छाबड़ा के सरकारी आवास पर देर रात कुछ अज्ञात हमलावरों ने जमकर उपद्रव मचाया। आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए मजिस्ट्रेट को जान से मारने की धमकी दी और पथराव किया। मामले की शिकायत पर भालूमाड़ा पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर मामले की पड़ताल में जुट गई है। घटना 24 अक्टूबर की देर रात करीब 12:30 बजे की है, जहां अनूपपुर जिले के भालूमाड़ा स्थित डी/3 ऑफिसर कॉलोनी में मजिस्ट्रेट अमनदीप सिंह छाबड़ा अपने परिवार के साथ सो रहे थे। हमलावरों ने गालियां दीं। कहा- कैसे मजिस्ट्रेटी करते हो, देख लेंगे, जान से मार देंगे। इतना ही नहीं, आरोपियों ने सरकारी संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया।



बस हादसे पर हैदराबाद पीसी ने कहा


## शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले आतंकी, ये रहम के नाकाबिल

एजेंसी ▶▶ हैदराबाद

पुलिस कमिश्नर वीसी सज्जनार ने कहा कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले आतंकवादी होते हैं। उन्होंने इसको लेकर एक्स पर एक लंबी पोस्ट लिखी है। इस पोस्ट में उन्होंने आंध्र प्रदेश के कुरनूल में हुए बस हादसे का भी जिक्र किया है। पुलिस कमिश्नर ने लिखा है कि इस तरह से मासूमों की जान लेने के लिए इन ड्राइवरों को किसी तरह की रियायत नहीं मिलनी चाहिए। बस हादसे के बाद आग लगने से 20 लोगों की मौत हो गई। वीसी ने लिखा है कि शराब पीकर गाड़ी चलाने वाले ड्राइवर आतंकी होते हैं। इनके काम आतंकवाद से बिल्कुल भी कम नहीं हैं। उ देखा जाए तो कुरनूल में हुआ बस एक्सीडेंट, वास्तव एक्सीडेंट है ही नहीं। यह एक तरह का नरसंहार था, जिसे रोका जा सकता था। अगर बाइक चलाने वाला शराबी थोड़ा समझदार और जिम्मेदार होता तो ऐसा कुछ नहीं होता।



### शब्द पहेली - 6029




**बाएँ से दाए-**

1. जानकारी-4
4. मांसाहार का उलट-4
8. 'जुम्मा चुम्मा दे दे' गीत वाली फिल्म-2
9. कायाकल्प-5
10. पिता के छोटे भाई-2
13. कहानी लिखने वाला-5
15. नाम रखना-5
17. बेवक्त, अकाल-5
20. प्रयास, कोशिश-5
23. टोंटी, नलका-2
24. कामदेव, पुष्कर-2,3
25. डर, भय-4
28. शोर-शराबा-4
29. बेवफा, व्यभिचारी-4

**ऊपर से नीचे**

2. बिंदु, बिंदी, शून्य-2
3. गोलाकार-3
4. सम्मिलित होना-3,2
5. घाटा, नुकसान-2
6. मूर्ख, बेवकूफ-4
7. बिना कारण, बेवजह-4
11. राजा की पत्नी-2
12. वहम, संदेह-2
14. दुर्घटना-3
16. खाना बनाने की जगह, किचन-3
17. एकाएक, सहसा-4
18. अलमस्त-2
19. कमल ककड़ी, कमल डंडी-3,2
20. आरामदायी-5
21. सम्मान-2
22. भलमानसता-4
26. सद्, अच्छा-2
27. मृत्यु, प्रारब्ध, न्याय निर्णय-2

**शब्द पहेली -6028 का हल**



### सूडोकु नवताल- 6039

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 2 | | | | 1 | | |
| | | | | 2 | 5 | 7 | 3 | |
| | 9 | 4 | | 6 | 7 | | | 2 |
| | 5 | | 4 | | 3 | | | 9 |
| | 8 | | | 9 | | | 7 | |
| 1 | | | 6 | | 8 | | 2 | |
| 6 | | | 7 | 4 | | 9 | 5 | |
| | 4 | 5 | 8 | 3 | | | | |
| | | 8 | | | | 6 | | |

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल- 6038 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | 1 | 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 |
| 8 | 2 | 3 | 4 | 5 | 9 | 1 | 7 | 6 |
| 4 | 5 | 7 | 1 | 6 | 8 | 3 | 9 | 2 |
| 5 | 6 | 8 | 7 | 1 | 2 | 9 | 3 | 4 |
| 1 | 7 | 4 | 9 | 8 | 3 | 2 | 6 | 5 |
| 2 | 3 | 9 | 5 | 4 | 6 | 8 | 1 | 7 |
| 7 | 4 | 1 | 8 | 9 | 5 | 6 | 2 | 3 |
| 3 | 8 | 5 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 9 |
| 6 | 9 | 2 | 3 | 7 | 4 | 5 | 8 | 1 |

# बैडमिंटन एशिया चैंपियनशिप में भारत की बेटियों का शानदार प्रदर्शन, शाइना और दीक्षा ने जीता गोल्ड

एजेंसी ⏭ चेंगदू

शाइना मणिमुथु और दीक्षा सुधाकर ने अपने-अपने वर्ग में स्वर्ण पदक जीते, जिससे भारत बैडमिंटन एशिया अंडर-17 और अंडर-15 चैंपियनशिप में अपना अब तक का अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने में सफल रहा। अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की चिहारू तोमिता को 21-14, 22-20 से हराया, जबकि दीक्षा ने हमवतन लक्ष्य राजेश को 21-16, 21-9 से हराकर अंडर-17 बालिका एकल का खिताब जीता। इस तरह से भारतीय दल ने दो स्वर्ण, एक रजत और दो कांस्य पदकों के साथ महाद्वीपीय स्पर्धा का समापन किया, जो चैंपियनशिप में उसका अब तक का सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

- अंडर-15 बालिका एकल फाइनल में शाइना ने जापान की तोमिता को हराया



## शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय

भारत ने पिछली बार 2013 में दो स्वर्ण पदक जीते थे। तब सिरिल वर्मा ने अंडर-15 लड़कों का एकल खिताब और चिराग शेट्टी और एमआर अर्जुन ने अंडर-17 लड़कों का युगल खिताब जीता था। शाइना अंडर-15 वर्ग का खिताब जीतने वाली चौथी भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बन गईं। उन्होंने पहले गेम में तोमिता पर दबदबा बनाया और फिर दूसरे गेम में जापान की खिलाड़ी की कड़ी चुनौती से पार पाते हुए मैच 44 मिनट में जीत लिया।




## अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं दीक्षा

दीक्षा 27 मिनट तक चले फाइनल में अपना दबदबा कायम रखते हुए अंडर-17 खिताब जीतने वाली पहली भारतीय महिला एकल खिलाड़ी बनीं। जगशेर सिंह खंगगुरा तथा जंगजीत सिंह काजला और जननिका रमेश की मिश्रित युगल जोड़ी ने शनिवार को कांस्य पदक जीता था।

## खबर संक्षेप



### पोलो कप में भारत का दबदबा, अर्जेंटीना को हराया

**नई दिल्ली।** मेजबान भारत ने जयपुर पोलो ग्राउंड में कोग्नीवेरा अंतरराष्ट्रीय पोलो कप में अर्जेन्टीना को करीबी मुकाबले में 10-9 से हरा दिया। भारत के लिए जयपुर के सवाई पद्मनाभ सिंह ने शानदार प्रदर्शन किया। इस करीबी मुकाबले में अंतरराष्ट्रीय पोलो मैच का जुनून, ताकत और साझेदारी सब कुछ देखने को मिला। भारतीय कप्तान सिमरन सिंह शेरगिल ने कहा, 'अर्जेन्टीना के खिलाफ जीतना हमारे लिए शानदार लम्हा है।

### भुल्लर ने हासिल किया साल का पहला शीर्ष स्थान

**मनीला।** भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने 20 लाख अमेरिकी डॉलर पुरस्कार राशि के इंटरनेशनल सीरीज फिलीपींस टूर में अंतिम दिन तीन अंडर 69 का स्कोर बनाते हुए शीर्ष 10 में जगह बनाई। भुल्लर (67-69-67-69) इस पूरे हफ्ते शीर्ष 10 में बने रहे। उन्होंने सभी चार दौर में 70 से कम का स्कोर बनाया, जिससे उनका कुल स्कोर 16 अंडर रहा। वह संयुक्त सातवें स्थान पर रहे जो 2025 में इंटरनेशनल सीरीज में उनका पहला शीर्ष 10 स्थान रहा। यह इस साल भारत के बाहर उनका पहला शीर्ष 10 स्थान भी था।

## करुण ने कर्नाटक के लिए गोवा के खिलाफ खेली शानदार पारी

# रणजी ट्रॉफी: टीम इंडिया से निकाले जाने के बाद नायर ने मचाया कोहराम, ठोका 25वां फर्स्ट क्लास शतक

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारतीय टेस्ट टीम से बाहर किए गए करुण नायर ने रणजी ट्रॉफी में कर्नाटक के लिए गोवा के खिलाफ शतक ठोक दिया है। यह उनके फर्स्ट क्लास करियर का 25वां शतक हैं। नायर ने उस समय टीम को संभाला, जब कर्नाटक ने 65 रन पर चार विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में नायर क्रीज पर जम गए और टीम को मुश्किल परिस्थिति से बाहर निकाला। वह पहले दिन 86 रन पर नॉटआउट थे। दूसरे दिन पहले सेशन में उन्होंने अपना शतक पूरा किया। कर्नाटक के स्कोर को 8 विकेट पर 336 रन तक पहुंचा दिया। करुण नायर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज के लिए इंग्लैंड दौरे पर जाने वाली भारतीय टेस्ट टीम का हिस्सा थे। करीब सात साल बाद उनकी भारतीय टीम में वापसी हुई थी, मगर इंग्लैंड दौरे पर वह फ्लॉप रहे। वह सिर्फ एक फिफ्टी लगा पाए, जिसका खामियाजा उन्हें उठाना पड़ा।

### असम और सर्विसेज का मैच सिर्फ 90 ओवरों में खत्म

तिनसुकिया में रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर का मैच असम और सर्विसेज के बीच खेला गया। इस मैच में केवल 90 ओवर, 32 विकेट, दो हैट-ट्रिक, और 359 रन देखने को मिले। यह रणजी ट्रॉफी के इतिहास का सबसे कम गेंदों (540 गेंद) में खत्म होने वाला मैच बन गया। इससे पहले 1961-62 सीजन में दिल्ली और रेलवे के बीच 547 गेंदों में मैच खत्म हुआ था, जिसमें 221 रन बने थे। हालांकि, समय के हिसाब से रणजी ट्रॉफी का सबसे छोटा मैच 4 नवंबर 1934 को मद्रास और मैसूर के बीच खेला गया था। वह मैच सिर्फ 100.5 ओवर में पहले ही दिन खत्म हो गया था।



### वत्स ने फिर चमक बिखेरी

*रोहतक में बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर पार्थ वत्स ने एक बार फिर शानदार प्रदर्शन करते हुए पांच विकेट चटकाए और हरियाणा को ग्रुप सी रणजी ट्रॉफी मैच में त्रिपुरा पर नौ विकेट से शानदार जीत दिलाई। इक्कीस साल के इस ऑलराउंडर ने लगातार दूसरी बार 'प्लेयर ऑफ द मैच' का खिताब जीता। इस बार उन्होंने आठ विकेट लिए, जिससे त्रिपुरा की टीम दूसरी पारी में महज 47 रन पर ढेर हो गई। इससे मेजबान टीम को जीत के लिए 16 रन का आसान लक्ष्य मिला।*

### तिनसुकिया मैदान पर 21वीं सदी का दूसरा रणजी ट्रॉफी

तिनसुकिया मैदान पर यह 21वीं सदी का दूसरा रणजी ट्रॉफी मैच था। पहले दिन 25 विकेट गिरे। असम की बल्लेबाजी पूरी तरह ढह गई। पहले दिन वो सिर्फ 17.2 ओवरों में 103 रन पर ढेर हो गए। इसके जवाब में सर्विसेज की टीम 108 रन पर ढेर हो गई। फिर दूसरी पारी में असम की टीम 29.3 ओवर में 75 रन पर सिमट गई। इसके बाद सर्विसेज ने 13.5 ओवर में लक्ष्य हासिल कर आठ विकेट से शानदार जीत दर्ज की।

### एक पारी में दो हैट्रिक बना इतिहास

पहले दिन सर्विसेज के गेंदबाजों ने असम के कप्तान रियान पराग के बल्लेबाजी के फैसले को गलत साबित कर दिया। सर्विसेज के बाएं हाथ के स्पिनर अर्जुन शर्मा ने रियान पराग, सुमित घडीगांवकर, और सिबसांकर रॉय को आउट कर सीजन की पहली हैट-ट्रिक ली। इसके बाद उनके साथी बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहित जंग्रा ने दूसरी हैट्रिक ली। जंग्रा ने प्राद्युन सैकिया, मुक्तार हुसैन, और भार्गव लखर को आउट किया। अर्जुन ने भी 5 विकेट (5/46) लेकर अपनी छाप छोड़ी। यह रणजी ट्रॉफी के इतिहास में पहली बार हुआ कि एक ही पारी में दो गेंदबाजों ने हैट्रिक ली।

## महिला विश्व कप

# बारिश की भेंट चढ़ा भारत और बांग्लादेश का मैच

**नवी मुंबई।** भारत और बांग्लादेश के बीच रविवार को खेल जा रहा आईसीसी महिला विश्व कप मैच लगातार बारिश की आंख मिचौली के बीच रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण दो बार मिलाकर चार घंटे से अधिक समय तक खेल रुका रहा, जिसके कारण पहले इसे 43 और फिर 27 ओवर का कर दिया गया। भारतीय पारी के दौरान जब तीसरी बार बारिश के कारण खेल रुका तो फिर शुरू नहीं हो पाया।



डकवर्थ-लुईस पद्धति के तहत बांग्लादेश के 126 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए भारत ने महज औपचारिकता के इस मैच में 8.4 ओवर में बिना विकेट खोए 57 रन बना लिए थे। बारिश के कारण जब मैच रद्द किया गया तब स्मृति मंधाना 34 जबकि अमनजोत कौर 15 रन बनाकर खेल रहीं थी। भारत पहले ही सेमीफाइनल में जगह बना चुका था और उसका चौथे स्थान पर रहना तय था जबकि बांग्लादेश की टीम टूर्नामेंट से बाहर हो चुकी है। भारत सेमीफाइनल में गुरुवार को ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा। भारत सात मैच में तीन जीत, तीन हार और एक बेनतीजा मैच से सात अंक के चौथे स्थान पर रहा। बांग्लादेश की टीम तीन अंक के साथ आठ टीम के बीच सातवें स्थान पर रही।




# बेलिंडा बनीं पैन पैसिफिक ओपन की चैंपियन, जीता कॅरियर का 10वां खिताब

एजेंसी ⏭ टोकियो

*स्विट्जरलैंड की बेलिंडा बेनसिच ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए डब्ल्यूटीए पैन पैसिफिक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के फाइनल में लिंडा नोस्कोवा को 6-2, 6-3 से हराकर अपने करियर का 10वां खिताब जीता। बेनसिच ने इससे पहले इस टूर्नामेंट में 10 साल पहले भाग लिया था। उन्होंने फाइनल में चेक गणराज्य की अपनी प्रतिद्वंद्वी पर दबदबा बनाए रखा। बेनसिच ने नोस्कोवा की सर्विस को तीन बार तोड़ते हुए एक घंटे 22 मिनट में आसान जीत हासिल की। टोकियो से स्विस खिलाड़ी की सुखद यादें जुड़ी हैं।*



उन्होंने चार साल पहले टोकियो में ओलंपिक महिला एकल में स्वर्ण पदक और युगल में रजत पदक जीता था। मैच के बाद बेनसिच ने कहा, 'आप लोगों के सामने खेलना शानदार रहा। पिछली बार मैंने यहां जब टोकियो ओलंपिक में जीत हासिल की थी, तब स्टेडियम खाली था, इसलिए माहौल बिल्कुल अलग था, लेकिन आप लोगों के सामने खेलना बहुत अच्छा लगा। मुझे जापान में खेलना बहुत पसंद है, इसलिए मैं यह टूर्नामेंट जीतकर बहुत खुश हूं।'




NEWS 24 Think First
NEWS 24 मध्यप्रदेश छत्तीसगढ़
Symbol of Trust dt Since 1957 AT PALACE KOTWALI CHOWK
लल्लूराम .com सच कहेंगे लल्लूराम
DIGITAL KHIDKI
हरिभूमि समाचार ही नहीं, विचार भी
PRINT MEDIA PARTNER
Presents
छत्तीसगढ़ @ 25
श्री विष्णुदेव साय
मान. मुख्यमंत्री, छ.ग. शासन
डॉ. कुमार विश्वास
प्रसिद्ध कवि
संदीप अखिल का देसी टॉक
कवि सम्मेलन 6.0
29 अक्टूबर 2025, शाम 7 बजे से
बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम, रायपुर
POWERED BY
SAMBHV STEEL PIPES & TUBES सब संभव है
SINGHANIA BUILDCON GROUP Building lifestyle since 1993
शुभम के मार्ट शॉपिंग करो खुलके, पैसे बचाओ जमके !
विनीत चौहान
शंभू शिखर
रोहित शर्मा
विनोद पाण्डेय
अल्पना आनंद
भरत द्विवेदी
CO-POWERED BY
ZORA
KAMDHENU STEEL
NANDAN
POOJA
SHOORVIR
Raheja Group
ASSOCIATE SPONSOR
wallfort Building Homes
borneo MOTHER & CHILD CARE HOSPITAL
Finely Crafted SIMBA
ISBM UNIVERSITY
SKY TMT
RAMA TMT BARS ANDAR SE ATOOT
CO-SPONSOR
Shri Ganesha
HIRA GROWING STRONGER TOGETHER
RAMA GROUP Building a Better Tomorrow
ASHTVINAYAKA REALTIES
APL APOLLO STEEL PIPES RAVI TUBES & PIPES PVT. LTD.
barbarik
PUNJAB JEWELLERS
MOBILITY PARTNER
SAI TVS FAFADIH • LALPUR • ARANG
GK Electric
SKY NEXA
Shivnath Motors (I) Pvt. Ltd.
BMW
MAHADEVA KIA
NEWS 24 LIVE
JIO TV 1169
TATA PLAY 1160
AIRTEL TV 368
SPICES PARTNER
ZOFF ZONE OF FRESH FOOD
SNACKS PARTNER
CHINTUM NAMKEEN & SWEETS
STRENGTH PARTNER
NIRMAAN TMT Extreme Strength Steel Bar
STYLE PARTNER
URBO Life MEN'S EXCLUSIVE
GIFTING PARTNER
SAMRIDDHI JEWELLERS
PRE-OWNED CAR PARTNER
LAKSHMI MOTORS
TELECOM PARTNER
New Laxmi TELECOM
TRAVEL PARTNER
VYAS TRAVEL SERVICES
DIGITAL PARTNER
BLUE BANYAN
RADIO PARTNER
94.3 MY FM
OUTDOOR PARTNER
FOUR CORNERS
RAILWAY PARTNER
Eventzcraft
SUPPORTED BY
GANPATI ENTERPRISES
NR GROUP
Vachan
TD TARWANI DETERGENT
CRGB
MAHINDRA
NEEV TMT
MAYA Agri Impex Pvt Ltd
KHYATI
WH WHITE HANGER
REPL
VANDANA BAJAJ
Owned By - FOUR CORNERS MULTIMEDIA PRIVATE LIMITED
TATA PLAY
airtel xstream
MX PLAYER
JioTV
YouTube
facebook
News24 MP & Chhattisgarh
News24_MPCG
News24 MP & Chhattisgarh
news24_mpcg




# सरकारी भ्रष्टाचार और साइबर आतंकवाद से सबसे ज्यादा डरते हैं अमेरिकी

अगर आपसे पूछा जाए कि आपको सबसे ज्यादा किस चीज से डर लगता है, तो हो सकता है आपका जवाब हो भूत-प्रेत या बंदूक, गोला-बारूद आदि। पर आपको जानकर हैरानी होगी कि अमेरिकी लोगों को जो चीज सबसे ज्यादा डराती है, वो भूत-प्रेत नहीं हैं।

**न्यूयार्क।** दरअसल, कैलिफोर्निया की चैपमैन यूनिवर्सिटी ने एक रोंगटे खड़े कर देने वाले सर्वे किया है, जिसके मुताबिक अमेरिकी लोग सबसे ज्यादा सरकारी भ्रष्टाचार, साइबर आतंकवाद और अन्य वास्तविक दुनिया के मुद्दों से डरे हुए हैं।

इस स्टडी को 'अमेरिकी भय का वार्षिक सर्वेक्षण'नाम दिया गया है। ये सर्वे पूरे अमेरिका में सबसे आम डर पर गहराई से नजर डालने और ये पता लगाने के लिए किया गया है कि ये चिंताएं लोगों के दैनिक जीवन को कैसे प्रभावित करती हैं। चैपमैन यूनिवर्सिटी में समाजशास्त्र के प्रोफेसर और प्रमुख शोधकर्ता डॉ. क्रिस्टोफर बेडर के अनुसार, 'यह समझना कि हम किससे डरते हैं, चिंता को भड़काने के बारे में नहीं है बल्कि यह उस डर को संदर्भ में रखने के बारे में है।'





## 1,015 अमेरिकी लोगों का हुआ इंटरव्यू

यह जानने के लिए अमेरिकियों को किन-किन चीजों से सबसे ज्यादा डर लगता है, शोधकर्ताओं ने 1,015 वयस्क अमेरिकियों का इंटरव्यू लिया, जिसमें सामान्य भय के कारणों के बारे में बताया गया, जिसमें शार्क से लेकर ऊंचाई और यहां तक कि चोरी भी शामिल थी. हालांकि इनमें से कई आशंकाएं काफी हद तक जायज लगती हैं, लेकिन शोधकर्ताओं का मानना है कि अन्य आशंकाएं इंटरनेट और मीडिया के माध्यम से फैलाए गए डर फैलाने वाली गतिविधियों के कारण बढ़ गई हैं। प्रोफेसर क्रिस्टोफर बेडर ने कहा, 'अक्सर जो घटनाएं मीडिया और सोशल मीडिया पर सबसे ज्यादा ध्यान खींचती हैं, वो दुर्लभ और असामान्य होती हैं, लेकिन क्योंकि उन्हें इतनी स्पष्टता से और इतनी बार उजागर किया जाता है, वो रोजमर्रा के खतरों जैसी लग सकती हैं।

## इन 10 चीजों से डरते हैं अमेरिकी

स्टडी के मुताबिक, अमेरिकियों के भय का सबसे बड़ा कारण हैं भ्रष्ट सरकारी अधिकारी। उसके बाद दूसरे नंबर पर अमेरिकी इस बात से ज्यादा डरते हैं कि उनका कोई अपना गंभीर रूप से बीमार हो रहा है और तीसरे नंबर पर है आर्थिक या वित्तीय पतन। इसके अलावा अमेरिकियों के डर के और कारण हैं साइबर आतंकवाद, पेयजल प्रदूषण, रूस परमाणु हथियारों का उपयोग कर रहा है, महासागरों, नदियों और झीलों का प्रदूषण और व्यक्तिगत डेटा की सरकारी ट्रैकिंग।

# रोचक खबरें

## नॉर्वे में दुनिया की सबसे आखिरी सड़क जहां अकेले जाना है खतरनाक

**ओस्लो।** दुनिया की कई खतरनाक और रहस्यमयी सड़कों के बारे में आपने सुना होगा। लेकिन क्या आप दुनिया की आखिरी सड़क के बारे में जानते हैं। आपको पता है दुनिया की आखिरी छोर क्या है? हो सकता है कि आपके मन में यह सवाल नहीं आया हो। लेकिन एक जगह ऐसी है, जहां माना जाता है कि दुनिया खत्म हो जाती है। यह एक सड़क है, जो दुनिया की आखिर सड़क मानी जाती है। माना जाता है कि इस सड़क के बाद दुनिया खत्म हो जाती है।



इस सड़क का नाम ई-69 हाइवे है, जिसे माना जाता है कि दुनिया की आखिरी सड़क है। यूरोपियन देश नॉर्वे में ई-69 हाइवे स्थित है। उत्तरी ध्रुव पृथ्वी का सबसे सुदूर उत्तरी बिंदु है। यहां पर पृथ्वी की धुरी घूमती है। यह नॉर्वे का आखिरी छोर है। यहां से आगे जाने वाले रास्ते को दुनिया की आखिरी सड़क माना जाता है। बताया जाता है कि हाइवे के खत्म होने के बाद सिर्फ ग्लेशियर और समुद्र नजर आता है और इसके अलावा कुछ नहीं दिखाई देता है। ई-69 हाइवे 14 किलोमीटर लंबा है, जो पृथ्वी के छोर और नॉर्वे को जोड़ता है। इस हाइवे पर कई ऐसी जगहें हैं, जहां गाड़ी चलाना और अकेले पैदल चलना मना है। आइए जानते हैं आखिरी क्या है दुनिया के आखिर सड़क की कहानी? 14 किमी ई-69 हाइवे पर कई लोग एक साथ हों, तभी आप यहां से गुजर सकते हैं। इसके पीछे वजह यह है कि हर तरफ बर्फ की मोटी चादर बिछी है। इसके कारण यहां खो जाने का खतरा हमेशा बना रहता है। उत्तरी ध्रुव के पास होने की वजह से यहां यहां सर्दियों के मौसम में न तो रातें खत्म होती हैं और न ही गर्मियों में सूरज डूबता है।

## ये है जानवरों की सरकारी डॉक्टर! सड़े घाव झट कर देती है ठीक

**लंदन।** प्रकृति के इस विशाल कैनवास पर हर जीव का अपना रोल होता है, लेकिन कुछ रिश्ते इतने अनोखे होते हैं कि वे वैज्ञानिकों को भी हैरान कर देते हैं। अफ्रीका के घने जंगलों और विस्तृत सवाना में एक छोटी सी चिड़िया — ऑक्सपेकर—बड़े-बड़े जानवरों की 'सरकारी डॉक्टर'बनी हुई है। यह चोंच से घायल जानवरों के सड़े घाव ठीक कर देती है। इन्फेक्टेड मांस चबाकर साफ करती है और शरीर पर चिपके कीड़ों-मकोड़ों को खा जाती है। लेकिन, इसकी मदद में एक खौफनाक ट्विस्ट है—यह जानवरों का खून भी पीती है, जिसके कारण इसे 'खूनी चिड़िया' या 'वैंपायर बर्ड'कहा जाता है। जानवर बीमार पड़ते ही इसे ढूंढने लगते हैं, क्योंकि यह ना केवल दर्द कम करती है, बल्कि संक्रमण से भी बचाती है। ऑक्सपेकर दो मुख्य प्रजातियों में पाई जाती है- रेड-बिल्ड और येलो-बिल्ड। ये अफ्रीकी सवाना के निवासी हैं, जो गैंडे, जेब्रा, हिरण, हाथी जैसे बड़े स्तनधारियों पर चढ़कर रहती है। इनका रंग भूरा-काला होता है और चोंच मजबूत लेकिन छोटे होते हैं। छोटी सी होने के बाद भी ये प्रकृति के लिए वरदान है।



**जानवरों का करती है इलाज :** ऑक्सपेकर का मुख्य काम है होस्ट जानवर के शरीर से परजीवियों को हटाना। टिक्स, लार्वा, मक्खियां—ये सब इनके पसंदीदा भोजन हैं। एक ऑक्सपेकर दिन में सैकड़ों टिक्स खा सकती है, जो जानवरों के लिए घातक होते हैं, क्योंकि वे रक्तस्त्राव और बीमारियां फैलाते हैं। लेकिन, घावों का इलाज इनकी स्पेशलिटी है। अगर कोई जानवर घायल हो जाए—चाहे शिकार से या लड़ाई से—तो ऑक्सपेकर घाव पर उतर जाती है। इसके बाद यह चोंच से सड़े हुए मांस को चबाती है, जमा मवाद निकालती है और घाव को साफ करती है। इससे संक्रमण रुक जाता है और घाव जल्दी भरने लगता है।

**चर्चा**


वैज्ञानिकों ने बताया- 'ये सच है या झूठ'

# सिर्फ 2 मिनट में गहरी नींद ! क्या है मिलिट्री स्लीपिंग हैक?

**वॉशिंगटन।** सैन्य नींद पद्धति फिर से चर्चा में है। लेकिन यह सवाल है कि क्या यह सचमुच आम नागरिकों के लिए फायदेमंद है?. यह तकनीक 1981 की एक खेल प्रदर्शन पर आधारित किताब रिलैक्स एंड विन से ली गई है। सैनिकों को उनके आसपास के माहौल की परवाह किए बिना आराम करने में मदद करने के लिए बनाई गई थी। इसकी लोकप्रियता से इस बात में दिलचस्पी जगी है कि क्या यह तनावपूर्ण जीवनशैली वाले लोगों के लिए काम कर सकती है। ऐसे समय में जब नींद की समस्या बढ़ रही है तो यह एक आसान तरीका लगता है।

## इसे करने का क्या तरीका है?

यह मेथड नींद के डॉक्टरों द्वारा इस्तेमाल की जाने वाली 3 तकनीकों पर आधारित है। इसे करने के तरीके में 3 स्टोप्स को फॉलो करना होता है। सबसे पहले, चेहरे से शुरू करके अपनी मांसपेशियों को धीरे-धीरे ढीला करें, फिर बाहों, छाती और पैरों तक जाए. यह सब धीमी और स्थिर सांसों के साथ करें। आखिरी चरण में अपने मन में खुद को एक शांत, काल्पिनक जगह पर रखें जैसे किसी शांत मैदान में लेटना या स्थिर पानी पर तैरना।



## क्या है सीबीटी-आई थेरेपी?

सीबीटी-आई को लंबे समय तक नींद ना आने के इलाज के लिए सबसे बेहतरीन तरीका माना जाता है। इसमें 5 चीजें शामिल हैं- सोचने के तरीकों में बदलाव, उत्तेजना पर कंट्रोल, नींद का समय सीमित करना, सोने की आदतों को सुधारना और आराम करनी की तकनीकें। मिलिट्री हैक इनमें से कम से कम तीन तकनीकों से मेल खाती है, खासकर सांस को कंट्रोल करने, आराम और मन को शांत रखने में।

## क्या इसका वैज्ञानिक सबूत है?

किसी भी रक्षा संस्थान द्वारा उपलब्ध खुले शोध में इस मेथड को आधिकारिक तौर पर सही नहीं ठहराया गया है। इसके बाद भी यह तरीका नींद ना आने की बीमारी के लिए डॉक्टरी तौर पर माने गए इलाज जैसे सीबीटी-आई में इस्तेमाल होने वाले तरीकों से काफी हद तक मिलता है।

## शोधकर्ताओं ने इसके बारे में क्या बताया?

सीक्यूयूनिवर्सिटी ऑस्ट्रेलिया में नींद के शोधकर्ता डीन जें. मिलर का कहना है कि, यह समानता बहुत मायने रखती है। एथलीटों और सैन्य कर्मियों के साथ अपने काम में उन्होंने देखा है कि ये तरीके उन्हें थकान, रोजमर्रा की आदतों में रुकावट और प्रदर्शन के दबाव को संभालने में मदद करते हैं।



## क्या सच में 2 मिनट में नींद आ जाती है?

वायरल होने के बाद भी सिर्फ 2 मिनट में नींद आने की उम्मीद करना शायद सही ना हों. आमतौर पर, जो नागरिक एक नियमित दिनचर्या का पालन करते हैं उन्हें सोने में 10 से 20 मिनट लगते हैं। अगर कोई लगातार 5 मिनट से भी कम समय में सो जाता है तो इसे अक्सर दिन में बहुत ज्यादा नींद आने का संकेत मानते हैं ना कि अच्छी नींद का. यहां तक कि, सैन्यकर्मियों के लिए भी 2 मिटन का आंकड़ा कोई कोई पक्का नतीजा नहीं है। मिलर के मुताबिक, आम नागरिकों के लिए 2 मिनट में सो जाना ऐसा लक्ष्य है जो शायद संभव ना हो.

# रोमानिया की मोविले केव में मिले एलियन जैसे 37 जीव, जो धरती पर कहीं नहीं

**बुकेरेस्ट।** यह गुफा गलती से खोजी गई थी और यह धरती के सबसे मुश्किल वातावरणों में से एक है। साथ ही यह अनोखे जीवों से भरी हुई है। यह बाहरी गुफा से अलग-थलग होकर विकसित हुई जिससे ऐसे जीव पैदा हुए जो धरती की सतह के जीवों से ज्यादा साइंस फिक्सन के पात्रों जैसे लगते हैं। यह गुफा वैज्ञानिकों को जीवन को देखने का दुर्लभ मौका देती है जिसे सूरज की रोशनी की बजाय सिर्फ चरम रसायन विज्ञान ने आकार दिया है। इसके एलियन n जैसे इकोसिस्टम को दूसरे ग्रहों के माहौल का एक उदाहरण माना जा रहा है।



## इसकी खोज कैसे हुई थी?

मोविले गुफा को 1986 में एक पावर प्लांट के लिए जमीन की सामान्य जांच के दौरान गलती से खोजा गया था। खुदाई करने पर बिजली के बजाय कुछ और ही मिला- एक छिपी हुई दुनिया जहां जीवन का विकास एक बहुत ही अनोखे रास्ते पर चला गया था। काला सागर के पास स्थित इस जगह ने तुरंत ही वैज्ञानिकों को अपनी ओर आकर्षित किया. गुफा में घुसना बहुत मुश्किल है और यहां सिर्फ एक पतले और सीधे गड्ढे से ही पहुंचा जा सकता है जो 69 फीट नीचे अंधेरी सुरंगों के जाल में खुलता है।

## कैसा है अंदर का माहौल?

अंदर की हवा कार्बन डाइऑक्साइड, मीथेन, हाइड्रोजन सल्फाइड और अमोनिया से भरी हुई है और ये गैसें धरती की सतह पर रहने वाले ज्यादातर जीवों के लिए जहरीली हैं। फिर भी, इस रासायनिक घोल में जीवना ना सिर्फ जिंदा है बल्कि फला-फूला भी है। गुफा की 780 फुट लंबी और घुमावदार प्रणाली के अंदर वैज्ञानिकों ने 170 से ज्यादा खास तरह की प्रजातियों की पहचान की है जिनमें से कई को वैज्ञानिक नहीं जानते थे।

## वैज्ञानिकों को यहां कौन-कौन से जीव मिले?

वैज्ञानिकों ने यहां मकड़ियों, जोंको, गैस्ट्रोपोड्स, सेंटीपॉड्स, बीटल और छोटे क्रस्टेशियंस (कवचधारी जीवों)को देखा है। ये सभी अंधेरे और जहरीले माहोल को अपना चुके हैं। इसमें सबसे ऊपर एक मांसाहारी, लगभग 2 इंच लंबा, पीला सेंटीपीड है जिसे गुफा का राजा कहा जाता है। ये जीव जो देख नहीं सकते, रासायनिक संकेतों और शारीरिक स्पर्श का इस्तेमाल करके रास्ता खोजते हैं, ये रणनीतियां तब काम आती हैं जब रोशनी हमेशा के लिए गायब हो।








# चांग ई-6 की नई खोज, मिले पानी से भरपूर कई एस्टेरॉयड

**बीजिंग।** चीन के 'चांग ई-6' मिशन द्वारा चंद्रमा से लाए गए सैंपल्स में लगातार नई खोज हो रही हैं। इस खोज में कई नए उल्कापिंडों की खोज हुई है। अब ताजा अपडेट आया है कि चांद से लाए गए इन सैंपल्स में कुछ ऐसे एस्टेरॉयड पाए गए हैं, जिनमें भरपूर पानी की मात्रा दिखाई दे रही है। ये एस्टेरॉयड इस बात का संकेत देते हैं कि धरती और चंद्रमा पर पहले की तुलना में ज्यादा पानी वाले एस्टेरॉयड की बमबारी हुई थी। चंद्रमा के दूर वाले हिस्से से पहली बार जून 2024 में चीन के चांग'ए-6 मिशन ने सैंपल्स निकाले थे। इस मिट्टी के दो ग्राम के हालिया रिसर्च में सूक्ष्म ओलिवाइन युक्त क्लास्ट्स की खोज हुई, जिनमें सीआई कार्बनीय चोंड्राइट्स के समान रासायनिक हस्ताक्षर हैं। इस तरह के नाजुक अंतरिक्ष चट्टानें हमारे वायुमंडल से शायद ही गुजर पाती हैं, जिससे चंद्रमा पर हुई यह खोज और भी महत्वपूर्ण है।



## सौर मंडल के पानी के लिए निहितार्थ

इस खोज के सौर मंडल के भीतरी हिस्से में पानी की उत्पत्ति के लिए महत्वपूर्ण निहितार्थ हैं। यह दर्शाता है कि पानी और जैविक पदार्थों से समृद्ध ये क्षुद्रग्रह भीतरी क्षेत्र की ओर प्रवास कर गए हैं और परिणामस्वरूप, उन्होंने पृथ्वी और चंद्रमा को पहले अनुमानित मात्रा से कहीं अधिक आवश्यक वाष्पशील पदार्थ प्रदान किए हैं। चंद्रमा से संरक्षित नमूने पृथ्वी के उल्कापिंड संग्रह में मौजूद पक्षपात को ठीक करने में मदद करते हैं। नतीजतन, वे सुझाव देते हैं कि चंद्र पानी (जैसा कि इसके विभिन्न ऑक्सीजन समस्थानिकों से पता चलता है) का उत्पत्ति बाहरी सौर मंडल से टकराने वाले ऐसे पिंडों से हो सकती है, जिससे नवजात सौर मंडल की अवधारणाएँ बदल जाती हैं।

हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अनिल कुमार द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशन्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से मुद्रित एवं हरिभूमि काम्पलेक्स, टिकरापारा, धमतरी रोड, रायपुर (छत्तीसगढ़)-492001 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी, स्थानीय संपादक धनंजय वर्मा, संपादक (समन्वय) ब्रह्मवीर सिंह। RNI No. CHHHIN/2002/07457, फोन : 0771-4242222, e-mail:raipur@haribhoomi.com